CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम : 17°C

मुरादाबाद, बुधवार 15 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 239 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 26 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नोएडा में वेतन बढ़ाने को श्रमिक आंदोलन सही: राहुल गांधी पेज 2



मिचेल स्टार्क और दीप्ति शर्मा बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर खेल टाइम्स



क्या सभ्यताओं का संघर्ष है ईरान का अमेरिका से युद्ध सम्पादकीय



अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी संप्रभुता का घोर उल्लंघन: ईरान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### बहू ने ससुराल वालों से मांगा 170 करोड़ का सोना, दावा खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 170 करोड़ रुपये के सोने के दावे से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल वैवाहिक विवाद में बड़ा फैसला सुनाते हुए महिला की ओर से दायर घरेलू हिंसा केस को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि बिना ठोस और विशिष्ट आरोपों के दर्ज ऐसे मामलों को शुरुआती स्तर पर ही समाप्त कर देना चाहिए। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और विजय बिश्नोई की पीठ ने कहा कि सिर्फ परिवार के सदस्यों के नाम लेकर, बिना उनके किसी प्रत्यक्ष भूमिका के आरोप लगाए, आपराधिक मुकदमा चलाना कानून का दुरुपयोग होगा। अदालत ने इस मामले को गढ़ा गया बताते हुए कड़ी टिप्पणी की। मामले में महिला ने आरोप लगाया था कि तलाक समझौते के तहत उसे 120 करोड़ रुपये के गहने और 50 करोड़ रुपये के सोने के बिस्कुट दिए जाने का वादा किया गया था।

### सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा है कि अगर सेवा नियमों में अनुभव, योग्यता या वरिष्ठता के आधार पर छूट का प्रावधान है, तो किसी कर्मचारी को केवल डिग्री न होने की वजह से प्रमोशन से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक सहकारी समिति के कर्मचारी को पदोन्नति देने से इन्कार कर दिया गया था। न्यायालय ने माना कि जब अन्य कर्मचारियों को समान छूट दी गई, तो इस मामले में शैक्षिक योग्यता में रियायत न देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि 'भेदभाव अन्याय का ही दूसरा नाम है।' अदालत ने जोर दिया कि सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना अनिवार्य है।

### राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर, मध्य और पश्चिमी राज्यों में तापमान बढ़ने लगा है। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मप्र के रतलाम में भी तापमान 41डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो हफ्तों तक कोई नया सिस्टम एक्टिव नहीं होगा। इससे गर्मी तेजी से बढ़ेगी। हालांकि पूर्वोत्तर राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा दक्षिण भारत में केरल और कर्नाटक में तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह, उत्तराखंड के केदारनाथ और सिक्किम के लाचेन में बर्फबारी से बंद हुए रास्ते खोलने काम चल रहा है।

# फिर इस्लामाबाद में ही होगी ईरान-अमेरिका के बीच शांतिवार्ता

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दिए संकेत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अगले दो दिनों में पाकिस्तान में कुछ महत्वपूर्ण हो सकता है।


यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान बातचीत की मेज पर लौटने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रम्प ने न्यूयॉर्क पोस्ट के एक रिपोर्टर से कहा कि आपको वहीं रहना चाहिए, क्योंकि अगले दो दिनों में कुछ हो सकता है और हम वहां जाने के लिए अधिक इच्छुक हैं। उन्होंने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर की प्रशंसा करते हुए उन्हें शानदार बताया। शांति वार्ता के लिए जिनेवा को भी एक संभावित स्थान के रूप में सुझाया गया था, लेकिन ट्रम्प ने इस संभावना को कमतर आंका। हमें ऐसे देश में क्यों जाना चाहिए जिसका इससे कोई लेना-देना नहीं है?

### ट्रम्प ने पीएम मोदी से फोन पर की बात

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस साल दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी फोन कॉल थी। इससे पहले मार्च के अंत में पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने होर्मुज के बंद होने पर चिंता जताई थी। इस वार्ता के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था कि मुझे राष्ट्रपति ट्रम्प का फोन आया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है।

# लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 2029 से लागू होगा, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा
- सीटें बढ़ाने पर दक्षिणी राज्यों का विरोध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने की तैयारी कर रही है। सरकार इसके लिए संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 लाएगी। सरकार ने इनसे जुड़े ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं।

इसके मुताबिक, 850 सीटों में से 815 सीटें राज्यों को और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों को दी जाएंगी। इसके लिए 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक संसद का तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें महिला आरक्षण बिल पर भी चर्चा होगी। एक और जरूरी बदलाव आबादी की परिभाषा है। इससे संसद को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए। परिसीमन बिल के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है। इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार यह सब 2029 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक फायदा लेने के उद्देश्य से कर रही है। अगर सरकार महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना चाहती है, तो मौजूदा 543 सीटों में ही यह लागू किया जा सकता है। सीटों के पुनर्वितरण से उत्तर भारत को ज्यादा फायदा होगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि अगर सीटें अनुपात के आधार पर बढ़ाई गई, तो दक्षिणी राज्यों में महिलाओं,एससी और एसटी समुदायों को नुकसान हो सकता है। यह कदम दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक ताकत को कम करने की साजिश हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ सकती है। यहां 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है। यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है।

# पीएम मोदी ने किया दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

## उत्तराखंड, यूपी व दिल्ली को 212 किमी लम्बे इकोनॉमिक कॉरिडोर की दी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पीएम मोदी ने कई जल विद्युत परियोजनाओं का भी दिया तोहफा
- 21वीं सदी का भारत बना रहा विकास की नई भाग्य रेखाएं

**देहरादून।** उत्तराखंड के लिए मंगलवार का दिन बेहद खास और ऐतिहासिक रहा। प्रदेशवासियो का इंतजार उस समय खत्म हो गया जब पीएम नरेंद्र मोदी ने देहरादून- दिल्ली इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इससे पहले पीएम मोदी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पीएम मोदी को ब्रह्मकमल का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को शॉल और नंदा देवी राजजात यात्रा का स्मृति चिह्न भेंट किया। पीएम बनने के बाद मोदी मंगलवार को 28वीं बार उत्तराखंड पहुंचे। उन्होंने 11,963 करोड़ की लागत से बने 212 किमी लंबे दून-दिल्ली एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे की सौगात दी। इसके अलावा एक हजार मेगावाट क्षमता के देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण किया। देहरादून में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है, जो पहले अकल्पनीय था। अमृतसर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर समेत कई बड़े प्रोजेक्ट प्रगति के नए द्वार खोल रहे हैं, जिनसे लोगों की उम्मीदें जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से समय की बचत होगी, यात्रा सस्ती होगी और किराया-भाड़ा कम खर्च होगा। साथ ही हजारों श्रमिकों को रोजगार मिला है और इंजीनियरों सहित कई क्षेत्रों को इसका लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पर्यटन को इससे बड़ा फायदा होगा। देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और चारधाम यात्रा के लिए यह इंफ्रास्ट्रक्चर अहम साबित होगा। राज्य विंटर टूरिज्म, विंटर स्पोर्ट्स और वेड इन इंडिया के लिए तेजी से उभर रहा है, वहीं शीतकालीन धार्मिक यात्राओं में भी लगातार वृद्धि हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार अभूतपूर्व काम कर रही है। ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए साल में पूरे देश में दो लाख करोड़ -शेष पृष्ठ दो पर

### पीएम मोदी ने सहारनपुर में किया रोड शो डाट मंदिर में की पूजा-अर्चना

**सहारनपुर/बिहारीगढ़/ छुटमलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण करने से पूर्व सबसे पहले सहारनपुर में रोड शो किया। प्रधानमंत्री का विमान सुबह करीब 11 बजे उतरा, लेकिन आमजन सुबह 7 बजे से ही कतारों में खड़े होकर उनके दर्शन के लिए उत्सुक दिखाई दिया। जैसे ही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का काफिला रोड शो पर निकला, पूरे क्षेत्र में मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठा। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान सिद्धपीठ मां डाट काली मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन की अपील

पीएम मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल से संसद में विशेष चर्चा होगी। सभी राजनीतिक दल नारी शक्ति वंदन बिल को मिलकर आगे बढ़ाएं। कहा कि मैंने आज देश की सभी बहनों के नाम एक खुला पत्र लिखा है। बड़े आग्रह के साथ देश की माताओं और बहनों को इस कार्य में शामिल होने का आह्वान किया है। मैं आज देवभूमि से देश के सभी दलों से फिर अपील करूंगा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में समर्थन करें। पीएम मोदी ने कहा कि लंबे इंतजार के बाद संसद ने नारी शक्ति वंदन बिल पास किया है, जो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार देता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस अधिकार को लागू करने में देरी नहीं होनी चाहिए। 2029 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले चुनावों से ही इस व्यवस्था को लागू किया जाना चाहिए, ताकि महिलाओं की भागीदारी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में और मजबूत हो सके।

### विकास की नई सौगात लेकर आता है पीएम का दौरा: धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि उनका प्रत्येक दौरा उत्तराखंड के लिए नई ऊर्जा और विकास की नई सौगात लेकर आता है। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और उत्तराखंड को 12 हजार करोड़ की लागत से बने एशिया के सबसे लंबे ऐलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर की सौगात मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड देश का श्रेष्ठ राज्य बनने के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प के साथ 'विकास भी और विरासत भी' की अवधारणा के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है।

# सम्राट के हाथ होगा बिहार का राजपाट

## नीतीश युग का अंत, भाजपा को मिलेगा पहला सीएम



- राजभवन पहुंचे, सरकार बनाने का दावा पेश किया, आज सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण

**पटना।** भाजपा पहली बार बिहार में अपना सीएम बनाने जा रही है। सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। एनडीए के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी लोक भवन पहुंचे और वहां राज्यपाल से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सम्राट चौधरी के साथ सभी दलों के प्रमुख भी शामिल थे। अब बुधवार को 11.00 बजे सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। एनडीए की नई सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी लोकभवन पहुंचे हैं। उनके साथ नितिन नवीन और शिवराज सिंह पहुंचे हैं। जदयू की ओर से उमेश सिंह कुशवाहा भी लोकभवन पहुंचे हैं। बिहार विधानसभा के सेंट्रल हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया। नीतीश कुमार ने उन्हें माला पहनाई। इसमें एनडीए के सभी विधायक और वरिष्ठ नेता पहुंचे हैं। भाजपा नेता नीरज कुमार सिंह ने सम्राट चौधरी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर कहा कि बरसों के बाद भाजपा को यह मौका मिला है। एनडीए का शासन होगा, बिहार सम्राट चौधरी के नेतृत्व में काफी विकास करेगा। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने सम्राट चौधरी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर कहा कि बहुत खुशी की बात है कि सम्राट चौधरी भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए हैं।

# वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर फटा, 10 मजदूरों की मौत

- 30-40 मजदूर झुलसे, 12 की हालत गंभीर, 80 फीसदी जले, परिजनों का हंगामा

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 10 मजदूरों की मौत हो गई है। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने 4 मौतों की पुष्टि की है।

वहीं 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया, जहां 6 मजदूरों ने दम तोड़ दिया है। बाकी 12 घायलों की हालत भी गंभीर है। मजदूर 80 फीसदी झुलस गए हैं। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हर रोज की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान अचानक दोपहर करीब 2 बजे बायलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासन अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्यूब फटने से हादसा हुआ है।

# अतीत की गलतियों को सुधारेगा दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर

अबूबकर शिब्ली



- राज्य में उद्योग आधारित विकास को मिलेगी गति
- ब्रांड के रूप में स्थापित होगी वुड कार्विंग व होजरी इंडस्ट्री

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार अब राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुदृढ़ औद्योगिक अवसंरचना के साथ जोड़कर देख रही है। जिसके चलते सरकार राज्य के परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के प्रयास में लगी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को राष्ट्र को समर्पित किया गया ग्रीनफील्ड दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर इसी श्रृंखला की अगली कड़ी है। दरअसल, उत्तर प्रदेश लंबे समय से विकास की दौड़ में एक पिछड़ा राज्य रहा है। जिसका मुख्य कारण वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद राज्य की अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र (कृषि) से सीधे तृतीय क्षेत्र (सेवा) में चले जाना रहा है। लगभग तीन दशकों तक द्वितीय क्षेत्र (उद्योग) इस राज्य में उपेक्षित ही रहा। जिसका परिणाम यह हुआ कि राज्य में अपेक्षित रोजगार सृजन नहीं हो पाया, क्योंकि उद्योग ही रोजगार सघन क्षेत्र है। इसी उपेक्षा के कारण दीर्घकाल में राज्य सामाजिक आर्थिक विकास की दृष्टि से पिछड़ता चला गया और उत्तर प्रदेश की गिनती 'बीमारू' राज्यों में की जाने लगी। अतीत में हुई इस नीति गतिहीनता से सबक लेते हुए मौजूदा सरकार प्रदेश में उद्योग आधारित विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। राज्य में निजी निवेश आकर्षित करने के लिए बेहतर व सुरक्षित परिवहन अवसंरचना पहली और अनिवार्य शर्त है। मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया दिल्ली देहरादून आर्थिक कॉरिडोर निवेश आकर्षण की दिशा में एक नवीन अध्याय है। यह कॉरिडोर न केवल उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर

# नोएडा हिंसा के बाद योगी सरकार ने बढ़ाई मजदूरी

**नोएडा/लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा में श्रमिकों के हिसक विरोध प्रदर्शन के बाद अंतरिम मजदूरी दरों में वृद्धि करते हुए नई दरें एक अप्रैल 2026 से लागू कर दी हैं।

सरकारी आदेश के अनुसार मजदूरी दरों को तीन श्रेणियों गौतमबुद्ध नगर (नोएडा)-गाजियाबाद, नगर निगम क्षेत्र तथा अन्य जिलों में विभाजित किया गया है। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद -शेष पृष्ठ दो पर

### कर्मचारियों के प्रदर्शन में फिर हुआ बवाल

**नोएडा।** जिले में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद नोएडा के फेज 2 में प्रदर्शनकारी मंगलवार को फिर से जमा हो गए। उन्होंने पत्थरबाजी की है। हालात को काबू में करने के लिए यहां पुलिस तैनात कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया गया है।

जियारत भूमि विवाद

# गद्दीनशीन ने आरोपों को बताया निराधार

## जांच में सहयोग का दिया आश्वासन, बोले-जितनी का बैनामा उतनी जमीन पर कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** टीचर्स कॉलोनी क्षेत्र में जियारत की भूमि को लेकर चल रहे विवाद में अब दूसरा पक्ष भी सामने आ गया है। पीर वाले बाबा मजार के गद्दीनशीन फिरासत हुसैन ने कॉलोनी निवासियों द्वारा लगाए गए अतिक्रमण के आरोपों को पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद बताया है।



फिरासत हुसैन ने शाह टाइम्स से वार्ता करते हुए बताया कि वह पिछले लगभग 35 वर्षों से इस धार्मिक स्थल की सेवा कर रहे हैं और उन्होंने कभी भी किसी की भूमि पर अवैध कब्जा नहीं किया। उनका कहना है कि जियारत की जितनी भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, उतनी ही भूमि उनके पास मौजूद है और सभी आवश्यक दस्तावेज उनके पास सुरक्षित हैं।

उन्होंने चकरोड (सार्वजनिक रास्ते) की भूमि को जियारत में मिलाने के आरोपों को भी सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह आरोप पूरी तरह गलत है। उनके अनुसार, पहले भी रास्ता छोटा था और वर्तमान में भी उसकी स्थिति लगभग वैसी ही बनी हुई है।

गद्दीनशीन ने बताया कि उन्होंने जमीन से संबंधित सभी कागजात अपने पड़ोसी कमाल और इरशाद को दे दिए हैं, जो इस मामले की पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासनिक जांच का स्वागत करते हुए कहा कि यदि जांच के दौरान यह साबित होता है कि उनके कब्जे में निर्धारित सीमा से अधिक भूमि है, तो वह अतिरिक्त भूमि को छोड़ने के लिए तैयार हैं।

इसके साथ ही उन्होंने जियारत स्थल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहां वर्षों से लोग आस्था के साथ आते हैं और पानी तथा तेल के माध्यम से गंभीर बीमारियों के उपचार का दावा भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से मांगी गई मुरादें भी यहां पूरी होती हैं, जिससे यह स्थान लोगों की श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व टीचर्स कॉलोनी के निवासियों ने एसडीएम को पत्र देकर जियारत की भूमि पर कथित अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए पैमाइश कराने की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन द्वारा राजस्व टीम से मौके का निरीक्षण कराया जा चुका है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

अब पूरे मामले में प्रशासन की जांच रिपोर्ट के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल दोनों पक्षों के दावों के बीच यह विवाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अधीनस्थ कृषि सेवा संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उ.प्र. की जनपद शाखा बिजनौर का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं शताब्दी समारोह कृषि भवन सभागार कक्ष में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह 'योगी' ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। वहीं कार्यक्रम का संचालन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व अध्यक्ष देशराज द्वारा किया गया। अधिवेशन के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डा. विकास कुमार को अध्यक्ष, सत्येंद्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डा. राम प्रसाद को जिला मंत्री, रितेश कुमार को संगठन मंत्री तथा आदित्य वीर सिंह को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डा. विकास कुमार धामपुर के टीचर्स कॉलोनी निवासी हैं। उनके अध्यक्ष चुने जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और परिजनों व समर्थकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। कार्यक्रम के अंत में संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## एक नजर

### गुलदार ने बछड़े को बनाया निवाला

**कोतवाली देहात।** कस्बे में गुलदार ने हमला कर बछड़े को मार डाला। हिंदू कॉलोनी निवासी इंदर सिंह के घर पर बछड़ा बंधा हुआ था। बीती रात गुलदार ने बछड़े पर हमला कर मार डाला। सुबह घटना का पता चला। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे पर विभाग के कर्मचारियों ने मामले की जांच की। बढ़ापुर रोड पर वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाया गया है।

### जयंती पर शोभायात्रा निकाली



**नहटौर।** डा. बीआर अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक शोभायात्रा निकाली गई। यह आयोजन मंगलवार को ग्राम सादीकाबाद में हुआ। जिसमें स्थानीय निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण विभिन्न झांकियां और अखाड़े रहे। यात्रा ईदगाह जोशियान, पीर की चुंगी और हल्दौर चौराहा जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरी। यात्रा के दौरान एक बग्गी पर डा. अंबेडकर के स्वरूप में एक बालक को बैठाया गया था, जो लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर आकाश कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार, महेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार और नरेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में 'जय भीम' के नारों के साथ माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

### स्मृति द्वार का उद्घाटन



**नजीबाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर आज भारतीय संविधान के निर्माता भारतरत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र नजीबाबाद के सभी सेक्टरों में जयंती कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने ग्राम रानीकोटा पहुंचकर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और ग्रामीणों को संबोधित किया। विधायक ने कहा कि हम सब भारतवासी आज संविधान के निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मना रहे हैं। बाबा साहब ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने संविधान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि जाति, धर्म या लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव न हो। आज जयंती के मौके पर विधायक हाजी तसलीम अहमद ने नगीना रोड पर अपनी विधायक निधि से निर्मित डा. भीमराव अंबेडकर स्मृति द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नईम मकरानी, जिला पंचायत सदस्य रफी अंसारी, ग्राम प्रधान रानीकोटा महताब अहमद, जाहिद अंसारी, फुरकान मकरानी, नितिन कश्यप, पवन कुमार, अनूप जोशी, बलवीर सिंह, लाल सिंह, नरेश कुमार, विजय प्रधान, राजेश, रोहिताश, चरण सिंह आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अखाड़े में हैरतअंगेज करतब



**हल्दौर।** नगर एवं ग्रामीण अंचलों में आज डा. भीमराव आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन कर शोभायात्राएं निकाली गई, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मौहल्ला जमनावाला में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी महेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार ने संबोधित करते हुए डा. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया और उनके विचारों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। शोभायात्रा के दौरान अखाड़ा कलाकारों ने आकर्षक व रोमांचक करतब प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकियों में गौतम बुद्ध, संत रविदास, सावित्रीबाई फुले, ज्योतिबा फुले सहित अन्य महान विभूतियों के साथ भगवान श्रीराधा-कृष्ण की मनोहारी प्रस्तुतियां भी शामिल रहीं। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मुन्नू सिंह, उपाध्यक्ष विशंभर सिंह, मुनेश, केशव, रामा, भूरे, बाबूराम, पालिका सभासद रवि कुमार, नवीन कुमार, राजवीर फौजी, महेंद्र सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के कुम्हारपुरा, कुंडा बागेन मुकरपुर शक्ति सहित अन्य गांवों में भी आंबेडकर जयंती पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई, जहां लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया।

# रविदास मंदिर में वृक्षारोपण



**कालागढ़।** क्षेत्र में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मनोज कुमार द्वारा संत गुरु रविदास मंदिर में वृक्षारोपण किया गया। वहीं दूसरी ओर सौरभ शर्मा ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया। विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने ग्राम इनायतपुर में शोभायात्रा का शुभारंभ किया। अंबेडकर पार्क में स्थापित बुद्ध भगवान की प्रतिमा का भी उद्घाटन किया। समिति के पदाधिकारियों ने विधायक कुंवर सुशांत सिंह का फूलमालाओं से स्वागत किया। विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि देने से समाज को पढ़ने लिखने शिक्षित बने और उनके दिखाए गए। रास्ते पर सम्मिलित होकर स्वयं और समाज को सुधार के रास्ते पर चलने के लिए साथ-साथ लेकर जाने के लिए शामिल हुआ हूं। शोभायात्रा में पहुंचे।

# अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सपा कैंप कार्यालय पर भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम में धामपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर ने दलितों और वंचित वर्गों को राजनीतिक अधिकार दिलाने के साथ-साथ सामाजिक समानता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और



सपा के कैम्प कार्यालय पर कार्यक्रम

श्रमिकों, किसानों तथा महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में कई ऐतिहासिक कदम उठाए।

वक्ताओं ने बताया कि बाबा साहब अंबेडकर भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री रहे और भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी अहम भूमिका रही। उनके योगदान के लिए वर्ष 1990 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं को बाबा साहब की जयंती की शुभकामनाएं दी गई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान ने की। जबकि संचालन श्री नसीम राणा द्वारा किया गया। इस मौके पर ठाकुर अमित चौहान (पूर्व अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक बिजनौर), नसीम राणा, जावेद सईद, नाजिम अहमद, बहादुर सिंह, नवनीत राणा, रविंद्र राजपूत, विनोद राजपूत, हाजी कलाम अंसारी, अरमान अली, डा. गुरमीत सिंह जुनेजा, धर्मवीर जोशी, सलाउद्दीन, मौहम्मद इस्लाम, संजीव पवार, आसिफ अंसारी, फैजान अहमद, महताब अहमद, मोहित गुप्ता, शराफत कलाम, निसार मुल्तानी, अंकित चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

# गुरुद्वारा में बैसाखी पर्व उत्साह से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी का प्राचीन एवं ऐतिहासिक पर्व 'खालसा पंथ साजना दिवस' के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अशोक कुमार राणा ने संगत को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए गुरुओं के सिद्धांतों एवं आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर एसडीएम स्मृति मिश्रा, पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, गुरुद्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एड. एवं सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ की पूर्णाहुति के साथ हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में स्थित लगभग 125 फीट ऊंचे निशान साहिब के चोले की सेवा भी की गई। सेवा कार्यों में योगदान देने वाले श्रद्धालुओं को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक अशोक कुमार राणा, नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, चौधरी अतुल कुमार सिंह, गौरव पोसवाल, दिनेश सैनी, सुभाष सिंह चौहान, रवि चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में संगत के लिए विशाल लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

# बाबा साहब की जयंती अरुण कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर धूमधाम से मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर में विभिन्न स्थानों पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इसी क्रम में उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संरक्षक अरुण कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों एवं व्यापारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प एवं पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को याद करते हुए सामाजिक समानता शिक्षा और संविधान की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि डा. अंबेडकर का जीवन संघर्ष शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल मंत्री अमित कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष नीरज राणा, मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह सैनी, सुरेंद्र सैनी, पंडित शरनजीत जोशी, शक्ति केंद्र संयोजक मनुज वर्मा, कपिल वर्मा, प्रियांशु वर्मा, कनिष्क वर्मा, अंश वर्मा, चिंटू वर्मा, शोभित वर्मा, मोहित वर्मा, रोहित वर्मा, पारस वर्मा, मणि वर्मा, संजीव गर्ग, अश्वनी विश्नोई, आदित्य कुमार, अक्षय वर्मा, पीयूष रस्तोगी, मोहित रस्तोगी, बूथ अध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी, कुश कुमार, संतोष सैनी, बूथ अध्यक्ष शोभित उपाध्याय, रवि वर्मा, सुमित कुमार, अमित वर्मा, अभिषेक शर्मा, आलोक अग्रवाल, मोंटी वर्मा, सोनू वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डा. अंबेडकर की जयंती पर विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला खालियापार रविदास धर्मशाला में भारत रत्न संविधान निर्माता डा. बीआर अम्बेडकर का जन्मदिन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।



समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार ने उनके आदर्श व्यक्तित्व को नमन करते हुए कहा है कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने हमें जीने का तरीका सिखाया है। आज उन्ही के लिखे संविधान की देन है कि समाज में बराबर का हक मिला। उन्होंने कहा है कि हम अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं, ताकि पढ़ लिख कर काबिल इंसान बनने सकें। सभी ने बाबा साहब के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए।

इस मौके पर डा.अरूण अग्रवाल, अंकित शर्मा, भगवान दास सैनी, कमलजीत सिंह नूर, प्रदीप त्यागी, नरेंद्र कुमार, गौतम सिंह एड., राजु, सुमित शर्मा, डा. विशाल दिवकार, रामभजन सिंह सैनी, धर्मेन्द्र कुमार, आदित्य कुमार, अभिजीत सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मुजाहिद फारूकी ने किया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीएम मोदी...**

भी खर्च नहीं होते थे, आज 12 लाख करोड़ से ऊपर होते हैं। उत्तराखंड में ही सवा दो लाख करोड़ से ऊपर की परियोजनाओं पर काम जारी है। कभी उत्तराखंड के गांव में सड़क के इंतजार में पीढ़ियां बदल जाती थी। अब सड़क गांव तक पहुंच रही है। वीरान गांव फिर जीवंत हो रहे हैं।

ये रहे उपस्थित' कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश के राज्यपाल ले.ज. (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, विजय बहुगुणा, डा. रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य, खजान दास, डा. धन सिंह रावत, सौरभ बहुगुणा, मदन कौशिक, राम सिंह कैड़ा, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा, सांसद अनिल बलूनी, अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, नरेश बंसल उपस्थित रहे। वहीं, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वर्चुअल माध्यम से शामिल हुईं। कार्यक्रम में इनके अलावा उत्तराखंड के विधायकगण, दायित्वधारी, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम जनता मौजूद रही।

**अतीत की...**

से लेकर दिल्ली तक विकास की एक श्रृंखला स्थापित करेगा, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद के लिए भी विकास के नए द्वार खोलेगा, क्योंकि इस कॉरिडोर का एक तिहाई से अधिक हिस्सा सहारनपुर से होकर गुजरता है। यही कारण है कि यह कॉरिडोर जनपद में परिवहन कनेक्टिविटी और बेहतर जीवन स्तर के साथ ही औद्योगिक विकास के नए अवसर पैदा करेगा। इस कॉरिडोर के किनारे राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक क्लस्टर्स विकसित करने की योजना है। जिससे न सिर्फ पर्याप्त रोजगार सृजन होगा। बल्कि सहारनपुर की वुड कार्विंग और होजरी इंडस्ट्री को भी ब्रांड आधारित उन्नति के अवसर मिलेंगे।

इसके साथ ही यह उत्तराखंड की चारधाम महामार्ग परियोजना के साथ जुड़कर धार्मिक पर्यटन को भी मजबूत करेगा। इतना ही नहीं यह कॉरिडोर वर्तमान में तनाव से गुजर रहे मानव-वन्यजीव संबंधों को भी बेहतर बनाते हुए हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र के साथ संतुलित विकास का वाहक बनेगा। यह हाईवे शिवालिक रेंज में 12 किमी. लंबे वन्यजीव गलियारे के ऊपर से होकर गुजरेगा। जिसमें 6 वन्यजीव व 2 पृथक हाथी अंडरपास शामिल हैं। इससे मानव व वन्यजीव अपने अपने क्षेत्र में संतुलित एवं विकसित जीवन यापन का अनुभव करेंगे। संक्षेप में कहे तो यह कॉरिडोर केंद्र व राज्य सरकार के व्यापक विजन का हिस्सा है, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित सहारनपुर में क्षेत्रीय व पर्यावरणीय संतुलन के साथ सुदृढ़ औद्योगिक अवसंरचना पर केंद्रित है। इससे सामाजिक आर्थिक विकास के नए अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही यह उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाने का दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**नोएडा हिंसा...**

में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 11,313 रुपये से बढ़ाकर 13,690 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिकों की 12,445 रुपये से बढ़ाकर 15,059 रुपये तथा कुशल श्रमिकों की 13,940 रुपये से बढ़ाकर 16,868 रुपये कर दी गई है। नगर निगम वाले अन्य शहरों में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 11,313 रुपये से बढ़ाकर 13,006 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिकों की 12,445 रुपये से बढ़ाकर 14,306 रुपये तथा कुशल श्रमिकों की 13,940 रुपये से बढ़ाकर 16,025 रुपये निर्धारित की गई है। सरकार ने सोशल मीडिया पर न्यूनतम मजदूरी 20 हजार रुपये प्रतिमाह तय किए जाने के दावों को भ्रामक और निराधार बताया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक के बाद सोमवार देर रात लिया गया।

## प. बंगाल विधानसभा चुनाव में 2,926 उम्मीदवार मैदान में

**नई दिल्ली/कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की है। चुनाव आयोग के अनुसार नामांकन वापसी की अंतिम तिथि के बाद राज्य में कुल 2,926 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर 1,478 उम्मीदवार और दूसरे चरण में 142 सीटों पर 1,448 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल थी, जबकि 10 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटिनी) और 13 अप्रैल को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। चुनाव कार्यक्रम के तहत दूसरे चरण के लिए मतदान 29 अप्रैल को कराया जाएगा।

# अंबेडकर के विचारों से प्रेरित हैं सरकार की योजनाएं: नितिन

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि सरकार की योजनाएं बाबा साहब अंबेडकर के विचारों से प्रेरित है और इसी का अनुकरण करते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है।



श्री नितिन ने आज यहां भाजपा मुख्यालय में संविधान के शिल्पकार डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलित अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से बाबासाहेब को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय ने समावेशी विकास के जरिए विकसित भारत का सपना देखा था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार साकार करने का प्रयास कर रही है।

महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अतीत में अंबेडकर को उचित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित सरकार बनने के बाद ही बाबा. साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने अंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का विकास, संविधान दिवस की शुरुआत और अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना जैसे कदम उठाकर उनके विचारों को सम्मान दिया है। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामपुर सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा

# पीडीए बनाएगा सपा सरकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रामपुर के सपा सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि भाजपा सरकार में जुल्म का शिकार पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक समाज (पीडीए) आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सपा की सरकार बनाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार पार्टी के जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मना रहे है। आज हम जिस मुकाम पर है, यह बाबा साहब की देन है। भाजपा पर हमला बौलते हुए उन्होंने कहा कि पिछला लोकसभा चुनाव संविधान का मानने वाले सपा गठबंधन एवं संविधान को कमजोर करने वाले गठबंधन के बीच हुआ था। जिसमें सपा गठबंधन की जीत हुई थी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी संविधान को मानने वालों व इसके विरोधियों के बीच मुकाबला होगा। पीडीए प्रदेश में सपा की सरकार बनाने जा रहा है। सपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में तेजी के साथ विकास कार्य होंगे। किसी के भी साथ भेदभाव व नाइंसाफी नहीं की जाएगी। सपा सभी को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि यह नई सपा है और इसमें काम करने वाले कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का विरोध सिर्फ सपा ही कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा न तो आंदोलन करने से डरती है और न ही सपा में किसी तरह की कोई गुटबाजी है। पार्टी का प्रत्येक नेता व कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देशों का सम्मान करते हुए उसका पालन करता है। उन्होंने कहा कि पीडीए को न्याय दिलाने व उस पर अत्याचार रोकने के लिए असली लड़ाई सपा के द्वारा ही लड़ी जा रही है। उन्होंने नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व अपर जिला जज मनोज कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि वह पीडीए की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को इसमें सहयोग करना चाहिए।

पूर्व अपर जिला जज व नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हमें जो संविधान दिया था, उसी के सहारे आज हमारे अधिकारों की रक्षा हो रही है। संविधान की बदौलत ही पीडीए को न्याय मिल पा रहा है और लोकतंत्र मजबूत है। वरना संविधान विरोधी ताकतें अपने नापाक मंसूबों को पूरा करने में न जाने कब कामयाब हो जाती। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में पीडीए पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे है। थानों व तहसीलों से लेकर विभिन्न स्थानों पर पीडीए की सुनवाई नहीं हो पाती है। इसी को देखते हुए उनके द्वारा पीडीए सेवा पोटर्ल की शुरूआत की गई है।

उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर अपने आधार कार्ड के साथ कोई भी शिकायत दर्ज करा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पीड़ितों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल पर किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा और दुरुपयोग न हो, इस लिए साथ में आधार कार्ड की कापी भी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि पीड़ीए की समस्याओं के समाधान एवं उनको न्याय दिलाने के लिए कोतवाली देहात में कार्यालय खोला गया था। वहां पर प्रत्येक शनिवार व रविवार को जनसुनवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि पीडीए को इसका फायदा मिल रहा है और अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, वरिष्ठ नेता व पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी, समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष हनी फैसल, बिजनौर विधानसभा क्षेत्र से टिकट के प्रबल दावेदार अनुज मलिक, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष महमूद हसन कस्सार, हाजी जावेद राईन, दिलशाद अंसारी, वरिष्ठ नेता अशोक आर्य, कार्यालय प्रभारी व प्रवक्ता अखलाक पप्पू, प्रभा चौधरी, सत्यपाल सिंह, प्रमोद प्रधान, धनंजय सिंह यादव, अफजाल उल हक, डॉक्टर रहमान, इरफान मलिक आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### बाबा साहब की जयंती मनाई



**चांदपुर।** भारतरत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर नगर के अंबेडकर चौक एवं क्षेत्र के ग्राम रतनगढ़, अकौधा, रतनपुर खुर्द, चौधेड़ी, बमनोला, जलीलपुर, रायपुर, दत्तियाना बेरखेड़ा आदि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रमों में आसपा नेता शेरबाज पठान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। जहां उनका फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए समानता, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर इंतेजार चांदपुरी, अरशद सैफी, कृष्ण कुमार, अनीस अहमद, शिवचरण सरदार, रविंदर सिंह, निरमेश कुमार, अदनान, मौहम्मद अरशद, सोनू सरदार, ईश्वर दयाल, सलीम अकबर, फहीम अल्वी, जाने आलम, विपिन कुमार, नफीस, अलीम, शिवचरण, अफील सरफराज, कृष्ण देव प्रधान, अनीस प्रधान, साजिद प्रधान, वीरेंद्र प्रधान, टिंकू प्रधान, शमशेर, इरशाद, अकरम, काजिम फरहत, केसरी, अमीर हसन, जुबेर, इफ्तिखार, बिलाल, जावेद, नरेंद्र, शमशाद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया



**धामपुर।** फायर स्टेशन धामपुर पर आज अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस मौके पर 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी बिजनौर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद अग्निशमन कर्मियों की वीरता को याद करते हुए उन्हें नमन किया। अग्निशमन विभाग द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 'अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह' मनाया जाता है, जिसके अंतर्गत लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाता है। इस वर्ष की थीम 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ' निर्धारित की गई है। इसी क्रम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी धामपुर के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नगर के मुख्य मार्गों और प्रमुख चौराहों पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान आमजन को आग से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया तथा पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को अग्नि सुरक्षा के प्रति सचेत करना और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देना रहा।

### महोत्सव के रूप में मनाई जयंती



**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी में भारतीय संविधान के जनक डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर विशाल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी सहित नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व सांसद डा. यशवंत सिंह चौहान, पश्चिम उ.प्र.उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एसपी सलूजा, केएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र सिंह, समाजसेवी प्रो. पुष्पेंद्र कुमार एवं सुधीर कुमार एड. सहित अन्य अतिथियों द्वारा डा. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सरदार अमरजीत सिंह एड., पवन सलूजा एड., सरदार इंद्रजीत सिंह मेहंदीरत्ता सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन हेमराज सिंह ने किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष टेकचंद, सचिव कृपाल सिंह, उपाध्यक्ष नरेश कुमार, महामंत्री मुकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों के निर्देशन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मस्जिद पर लाइट टावर गिरने से मचा हड़कंप

### एक मीनार क्षतिग्रस्त हुई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मौहल्ला मिर्दगान में उस समय हड़कंप मच गया, जब बाहर वाली मस्जिद पर लगा एक लाइट टावर अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इस हादसे में मस्जिद की एक मीनार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के वक्त वहां मौजूद राहगीर बाल-बाल बच गए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टावर गिरते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर हालात को संभाला। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि लाइट टावर लंबे समय से जर्जर हालत में था। इसकी कई बार शिकायत नगर पालिका से की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत या हटाने की व्यवस्था की जाती, तो यह घटना टल सकती थी।

घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।

## सपाईयों ने मनाई अंबेडकर जयंती

### संविधान की रक्षा का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपाईयों ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पूर्व जज व नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार ने कहा कि हमें संविधान की रक्षा एवं पीडीए को न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ प्रदेश में सपा की सरकार बनानी होगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद पार्टी के नेता पूर्व जज मनोज कुमार के नेतृत्व में विकास भवन में पहुंचे। उन्होंने विकास भवन परिसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व जज मनोज कुमार ने कहा कि आज हम जो कुछ है, वह बाबा साहब की बदौलत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अपनी कलम से हमें सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि आज कुछ ताकतें इस संविधान को कमजोर करना चाहती है। पीडीए के अधिकारों पर डाका डालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीडीए को एकजुट होकर इन साजिशों का मुकाबला करना है और प्रदेश में सपा की सरकार बनानी है।

इस मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, सत्यपाल सिंह, डॉ. रहमान आदि भी मौजूद थे।

## बंद पड़े घर में चोरी का पर्दाफाश

### चोरी हुए सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार, आधा दर्जन मुकदमे दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** पुलिस ने ग्राम दहलावाला में हुई चोरी की घटना का 24 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी हुआ सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी पर रेहड़ थाने में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

जनपद मुरादाबाद के थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम गोकलनगर निवासी उषा देवी पत्नी अमर सिंह ने कल थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया था कि ग्राम दहलावाला में उसका मायका है। उसके मायके वाले घर में कोई नहीं रहता, वह कभी- कभी मायके वाले घर आती है। जिसके कारण उसका घर बंद रहता है। बीती शाम मायके के पड़ोसियों ने उसे फोन कर सूचना दी कि तुम्हारे घर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़कर चोरी कर ली है। उषा देवी ने बताया कि सूचना मिलने पर वह आज वह ग्राम दहलावाला पहुंची, तो चोर उसके घर से बर्तन चोरी कर ले गए हैं। उषा देवी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घटना के खुलासे के प्रयास शुरू कर दिए थे। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान ग्राम दहलावाला निवासी गजेंद्र सिंह पुत्र उमराव का नाम प्रकाश में आया। गजेंद्र पर रेहड़ थाने में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी गजेंद्र पुत्र उमराव निवासी ग्राम दहलावाला को आज शाम रेहड़ में स्थित पीएनसी ग्राउंड के पास से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए बर्तन बरामद कर लिए गए। आज सुबह उसका चालान कर दिया गया।

## हादसे में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम चुड़ियाखेड़ा के जंगल में बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में घायल एक बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए थे।

गौरतलब है कि झालू-नहटौर मार्ग पर देर शाम करीब आठ बजे नहटौर से बिजनौर की ओर जा रही दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आपस में पीछे से टकरा गई थी। इसी दौरान ग्राम गंगोड़ाजट निवासी बाइक सवार जियान (20) दोनों ट्रैक्टरों की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। बाइक पर पीछे बैठा अल्फेज गंभीर रूप से घायल हो गया था।

हादसे में ट्रैक्टरों की टक्कर से ग्राम धर्मपुरा निवासी जसवंत सिंह और उनके पिता दयाराम (70) भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी घायलों को आनन-फानन में निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान दयाराम ने दम तोड़ दिया।

बताया गया कि टक्कर के बाद कुछ लोग सड़क किनारे गहरे गड्ढे में गिरने से भी घायल हुए, हालांकि उन्हें मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया और शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

## कड़ापुर में हरियाली पट्टा आवंटन को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कडापुर में ग्राम समाज की भूमि के कथित अवैध आवंटन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम प्रधान ने कानूनगो और हल्का लेखपाल पर रिश्वत लेकर चक रोड से जुड़ी भूमि का हरियाली पट्टा एक अपात्र व्यक्ति के नाम करने का आरोप लगाया है।

ग्राम प्रधान विनीत कुमार के अनुसार गांव की आराजी खसरा संख्या 192 ग्राम समाज की भूमि है, जो एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग से जुड़ी हुई है। आरोप है कि लेखपाल सत्येंद्र कुमार और कानूनगो आसाराम सिंह ने बिना ग्राम पंचायत के प्रस्ताव और प्रधान की सहमति के भूमि आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

प्रधान का कहना है कि जिस महिला के नाम पट्टा प्रस्तावित किया गया, वह पात्रता की श्रेणी में नहीं आती, क्योंकि उसके पास पहले से पर्याप्त कृषि भूमि और आवासीय संपत्ति मौजूद है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर कथित रूप से आर्थिक लेन-देन के आधार पर आवंटन प्रस्ताव तैयार किया गया। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि गांव में कई गरीब और अनुसूचित जाति के पात्र लोग हैं, जिन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी, लेकिन उनकी अनदेखी कर दी गई। उधर हल्का लेखपाल सत्येंद्र कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि संबंधित भूमि का किसी के नाम पट्टा आवंटन नहीं किया गया है।

## लोकेन्द्र चौधरी ने किया टीन शेड का लोकार्पण

### अंबेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा, जगह-जगह भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कस्बे में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी द्वारा टीन शेड का लोकार्पण किया गया। वहीं समा. जसेवी शिवम अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लोकेंद्र चौधरी ने टीन शेड का लोकार्पण करते हुए कहा कि बाबा साहब के बताए समानता, न्याय और अधिकारों के मार्ग को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे समाज में फैले भेदभाव को समाप्त करने का संकल्प लें। इस मौके पर उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

इसके बाद नगर में बैंड-बाजे, डीजे और आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ी। शोभायात्रा के दौरान युवाओं ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया और नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। पुरानी घासमंडी में समाजसेवी शिवम अग्रवाल द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों का फूल-मालाओं व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही सभी के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर हल्दौर प्रभारी निरीक्षक तथा पुलिस चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार सहित पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा।

इस मौके पर राहुल, मुकुल शेरवाल, सोनू, पप्पू, रोहित, मोंटी, नेपाल, नेतराम, चेतन, विनय, नितिन, दीपक, धर्मेंद्र सहित शिवम अग्रवाल की पूरी टीम मौजूद रही।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# गुलदार के हमले में दो किसान घायल

## सीएचसी में भर्ती कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम अजुपुरा जट में दो किसानों पर गुलदार ने हमला कर दिया। घायल किसानों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ में भर्ती कराया गया है।





प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम अजुपुरा जट निवासी संदीप व मुनीश खेत पर गए थे। जहां घात लगाए बैठी मादा गुलदार ने दोनों किसानों पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों किसानों के कंधे, गले, जांघ व कमर पर गुलदार के दांतों के निशान है।

उधर शोर सुनकर आसपास खेत में काम कर रहे किसान दौड़े जिन्हे आता देख गुलदार भाग खड़ा हुआ। बताया जाता है कि इन्ही खेतों गुलदार के तीन से चार शावक भी मौजूद है। जिनकी सुरक्षा में बैठी मादा गुलदार आसपास दिखने वाले ग्रामीणों पर हमले कर रही है।

वहीं घटना की जानकारी वन विभाग व डायल 112 को दी गई। साथ ही 108 एंबुलेंस पर भी कॉल कर दोनों घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी था। इस हमले के बाद दहशत में दिख रहे अलग-अलग कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने भी कई बार खेतों पर गुलदार को देखा और वन विभाग को सूचना भी दी, परंतु आज तक वन विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

## गन्ने की फसल जलकर राख

**नहटौर।** ग्राम अकबरपुर में कूड़े के ढेर में लगी आग ने पास के गन्ने के खेत को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में खेत में खड़ा गन्ने का बीज जलकर खाक हो गया। ग्राम नारायणपुर निवासी नृपेंद्र सिंह का खेत ग्राम पाली जट निवासी धर्मपाल सिंह ने ठेके पर ले रखा है। आज शाम करीब 6:30 बजे कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। कूड़े के ढेर से शुरू हुई यह आग धीरे-धीरे पास के गन्ने के खेत तक फैल गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और खेत में खड़ी गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## एक नजर

### बीके कश्यप ने काटा फीता



**बिजनौर।** कश्यप संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष बीके कश्यप एड. ने ग्राम पुरैनी में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती के कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कश्यप ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि आज जो हमें हक अधिकार मिले हैं चाहे वो लिखने, पढ़ने, बोलने, और वोट डालने आदि सभी उन्हीं के कारण मिले हैं, आज देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बाबा साहब का नाम सम्मान से लिया जाता है, बाबा साहब हमारे देश की धरोहर है और उन्हें भारत रत्न दिया गया था। श्री कश्यप ने कहा कि बाबा साहब ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान लिख कर देश को सबसे बड़ा संविधान दिया। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर श्री कश्यप का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद ग्राम राम रूपपुर में आयोजित कार्यक्रम को भी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस मौके पर अनिल कुमार, योगेंद्र सिंह, त्रिलोक, ठाकुर सिंह, दिनेश, लेख राज, मोनू, सुनील कश्यप, देवानंद जी, प्रशांत चौधरी, द्रव्यांश, रवि, अर्जुन, प्रदेश आदि उपस्थित रहे।

### नहर में मीट अवशेष डालने का आरोप

**हल्दौर।** ग्राम गाजीपुर निवासी संजीव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शादीपुर के पास से गुजरने वाली नहर का पानी पशुओं के उपयोग में लाया जाता है। आरोप है कि चार दिन पूर्व एक युवक, जो मीट की दुकान पर कार्य करता है, नहर में सड़े-गले अवशेष डाल रहा था। विरोध करने पर आरोपी मौके से चला गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से नहर का पानी दूषित हो रहा है, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ग्राम सल्लाहपुर निवासी मौहम्मद आजम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शादीपुर में निकाली शोभायात्रा

**कोतवाली देहात।** डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ग्राम शादीपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस की जिलाध्यक्ष हेनरीता सिंह ने कहा कि डा.अंबेडकर ने समता मूलक समाज की स्थापना का प्रयास किया। हमें डा. अंबेडकर के सपने को पूरा करना है। युवाओं को आगे आकर देशहित में कार्य करने होंगे। इस मौके पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में आरके सिंह, फकीरचंद, ऋषिपाल सिंह, पृथ्वी सिंह, योगेश कुमार, विपिन कुमार, चेतराम सिंह, वीर सिंह, अखिलेश मौर्य, महावीर सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**नहटौर।** ग्राम खंडसाल निवासी रितिका शर्मा ने बताया कि उनका विवाह 24 फरवरी 2012 को कपिल कुमार से हुआ था। उनके दो बच्चे आयुष और शौर्य हैं। रितिका के अनुसार उनके पति कपिल शराब के आदी हैं और अक्सर उनके साथ मारपीट करते थे। करीब पांच साल पहले कपिल उन्हें और बच्चों को लेकर दिल्ली चले गए थे। हालांकि, तीन साल पहले वह उन्हें दिल्ली में अकेला छोड़कर भाग गए। तब से रितिका अपने बच्चों के साथ संघर्ष कर रही हैं। पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, पांच अप्रैल 2026 को रितिका अपनी ससुराल पहुंचीं और बच्चों की देखभाल व स्कूल की फीस के लिए पैसे मांगे। आरोप है कि पति कपिल, ससुर रामसरन और देवर सतेंद्र ने पैसे देने से मना कर दिया। तीनों ने मिलकर महिला के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज की, मारपीट की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि 11 अप्रैल, 2026 की रात के समय उनके देवर सतेंद्र ने फोन पर उन्हें भद्दी गालियां दीं और गांव आने पर जान से मारने की धमकी दी।

### शव मिलने से सनसनी

**कोतवाली देहात।** ग्राम पुरुषोत्तमपुर उर्फ थेपुर में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। ग्राम पुरुषोत्तमपुर उर्फ थेपुर निवासी साजिद पुत्र जमऊददीन के खेत मे ग्रामीणों ने एक शव पडा देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर थाना अध्यक्ष विकास कुमार फोर्स सहित मौके पर पहुंचे। पुलिस शव की आसपास की ग्रामीणों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है।

### क्रिकेट खेलने के दौरान खूनी संघर्ष

**नहटौर।** ग्राम कोकापुर में आज शाम बच्चों के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। किसी बात को लेकर उनमें आपस में विवाद हो गया। यह बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के बड़े भी इसमें शामिल हो गए। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया और जमकर मारपीट हुई। इस दौरान धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हिंसक झड़प में कोकापुर निवासी कुलदीप सिंह और एक महिला पूजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## एक नजर

### नगीना के युवक की केरल में मौत

**नगीना।** मौहल्ला लाल सराय की खुमरो वाली मस्जिद के पास के निवासी अनस (20 वर्ष) की केरल के एक तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में कोहराम मच गया है। सभासद आफताब मुल्तानी के अनुसार अनस अपने भाई विसाल के साथ केरल में वेल्डिंग का काम करता था। रविवार की छुट्टी के दिन दोस्तों संग नहाते समय गहराई का अंदाजा न होने के कारण वह जिंदगी की जंग हार गया। मृतक के पिता डोईवाला में मजदूरी करते हैं, अनस भी तंगहाली दूर करने घर से दूर गया था। आज तड़के छह बजे शव नगीना पहुंचा और सुबह 10 बजे उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। एक तरफ बहन की शादी की खुशियां संजोने की उम्मीद थी, तो दूसरी तरफ अब जवान बेटे के जनाजे का बोझ है।

### संविधान के शिल्पकार की जयंती मनाई




**नगीना।** कलम के सिपाही और भारतीय संविधान के शिल्पकार डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में विचारों का सैलाब उमड़ पड़ा। स्कूल परिसर में आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबासाहेब के संघर्षों की ऐसी गाथा सुनाई कि मौजूद जनसमूह जोश से भर गया। राहिला अंसारी की अध्यक्षता और सायबा रानी के जानदार संचालन में चले इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने दो टूक कहा कि शिक्षा और समानता की जो मशाल बाबा. साहेब ने जलायी थी, उसकी रोशनी आज भी समाज का पथ प्रदर्शन कर रही है। गोष्ठी में सचिन वाल्मीकि, रोहित रवि और संतोष कुमार समेत कई वक्ताओं ने बाबा साहब को आधुनिक भारत का असली नायक बताया। सिर्फ बड़े ही नहीं, स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी मंच संभाला और अपनी ओजस्वी वाणी से सबका दिल जीत लिया। बड़ी संख्या में मौजूद अभिभावकों की तालियों ने कार्यक्रम की सफलता पर मुहर लगा दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल स्टाफ का पसीना और मेहनत साफ नजर आई। अंत में स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर खालिद नोमानी ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि डा. अंबेडकर के विचार केवल किताबों में नहीं, बल्कि हमारे आचरण में होने चाहिए।

### शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत



**नगीना।** डा. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति द्वारा मौहल्ला चौधराना से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जय भीम के उद्घोष से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। रेलवे स्टेशन स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहब को आधुनिक भारत का निर्माता बताया। कार्यक्रम में विधायक मनोज पारस, पूर्व सांसद ओम. वती, पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम और पूर्व आईएएस आरके सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष राज कुमार सिंह और महासचिव रोहित कुमार रवि ने सभी का आभार व्यक्त किया। दूसरी ओर सरकारी दफ्तरों और शिक्षण संस्थानों में भी 'ज्ञान दिवस' के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन संघर्षों को याद किया।

### ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाई जयंती



**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ग्राम कासमपुर गढ़ी, सीरवासुचंद, मानियावाला, उद्धोवाला, त्रिलोकपुर, हिदायतपुर चौहड़वाला टांडा, पुक्खावाला, त्रिलोकपुर, सुआवाला, भूतपुरी मौहम्मदपुर राजौरी आदि में ढोल-नगाड़ों और डीजे के साथ घोड़ा बघियों, कारों, ट्रैक्टरों आदि वाहनों पर श्रद्धा पूर्वक महापुरुषों की फोटो लगाकर प्रभात फेरी निकाली। ग्राम चौहड़वाला, टांडा से जगदीश सिंह खरदौनिया, सुनील कुमार, मदन पाल सिंह, जोगेंद सिंह, दिनेश कुमार, मनोहर सिंह, सुरेश सिंह, यादराम सिंह, अजय कुमार ग्राम कासमपुर गढ़ी से राजकुमार, धर्मेंद्र कुमार, अनूप सिंह, पप्पू कुमार, नवरत्न सिंह, नवबहार सिंह, दीपक कुमार, रोहित कुमार व ग्राम मानियावाला से गंगाराम, विजयपाल सिंह, जय सिंह, जयपाल सिंह, कलवा सिंह, रवि कुमार, डालचंद, बाबूराम, रणजीत सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'नो पार्किंग' बोर्ड बना शोपीस

## सड़क पर अवैध पार्किंग और टैक्सी स्टैंड से बढ़ा अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** सीएम योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद नगर नजीबाबाद में सड़कों पर अवैध पार्किंग, टैक्सी स्टैंड और मेट्रो रिक्शा स्टैंड के कारण अतिक्रमण की समस्या गंभीर होती जा रही है। मुख्यमंत्री ने पहले ही सख्त हिदायत दी है कि सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद नगर में कई स्थानों पर नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है।



तहसील मुख्यालय के ठीक सामने फ्लाईओवर के नीचे प्रशासन ने स्पष्ट रूप से 'नो पार्किंग' बोर्ड लगाया हुआ है। विडंबना यह है कि उसी बोर्ड के नीचे निजी टैक्सियों का जमावड़ा लगा रहता है। तहसील परिसर में आला अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद यह अवैध स्टैंड धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। इसका परिणाम यह है कि तहसील आने वाले फरियादियों को प्रतिदिन भारी जाम का सामना करना पड़ता है।

प्रशासन द्वारा 'नो पार्किंग' जोन घोषित करने का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना था। लेकिन टैक्सी चालकों के दबदबे के आगे यह बोर्ड महज एक शोपीस बनकर रह गया है।

नजीबाबाद के डबल फाटक फ्लाईओवर के नीचे हरिद्वार जाने वाली टैक्सियों का अवैध स्टैंड बना दिया गया है। यहाँ अवैध पार्किंग कर अतिक्रमण किया गया है। इसी तरह रेलवे स्टेशन पर कोटद्वार जाने वाली टैक्सियों का स्टैंड बना दिया गया है। इसके कारण रेलवे स्टेशन परिसर में अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। मोटा आम के चौराहे पर मैजिक और मेट्रो रिक्शा वालों ने अवैध रूप से स्टैंड बना लिया है। ये मैजिक और मेट्रो रिक्शा नजीबाबाद से हरिद्वार रोड पर भागूवाला, नांगल, चंदक तक सवारियां ले जाते हैं। इस अवैध स्टैंड के कारण नजीबाबाद-हरिद्वार मार्ग पर लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है।

गौरतलब है कि शहर से बाहर नगर पालिका द्वारा हर्षवाड़ा बाईपास पर मैजिक टैक्सी स्टैंड बनाया गया है। वहीं कोटद्वार रोड पर सेंट मैरी अस्पताल के पास कोटद्वार टैक्सी स्टैंड के लिए स्थान निर्धारित है। इसके बावजूद चालक शहर के भीतर मुख्य मार्गों पर वाहन खड़े कर रहे हैं।

### आरटीओ ने स्पष्ट की स्थिति

नजीबाबाद से कोटद्वार और नजीबाबाद से हरिद्वार के लिए संचालित होने वाली टैक्सियां उत्तराखंड राज्य से पंजीकृत हैं। इन टैक्सियों ने नजीबाबाद में अवैध रूप से स्टैंड बना लिए हैं। इस संबंध में आरटीओ गौरी शंकर ने बताया कि इन टैक्सियों के पास कॉरिडोर परमिट है। इस परमिट के अंतर्गत टैक्सियां उत्तराखंड सीमा से यूपी सीमा में आ-जा सकती हैं, लेकिन शहर के अंदर प्रवेश कर अवैध स्टैंड नहीं बना सकतीं। ऐसा करने से अतिक्रमण और जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान देकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराता है या 'नो पार्किंग' का यह बोर्ड इसी तरह व्यवस्था का मजाक उड़ाता रहेगा।

## डा. अम्बेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**बिजनौर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति लाडपुरा द्वारा बोधिसत्व भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन समिति अध्यक्ष चंद्रहास सिंह, सभासद सचिन अग्रवाल एवं सभासद मुस्तकीम अहमद, रोहित कुमार, मुकेश कुमार ने किया। शोभायात्रा बुद्ध विहार बुखारा की शोभायात्रा में सम्मिलित हुई। चंद्रहास सिंह एवं सभासद सचिन अग्रवाल, मुस्तकीम अहमद ने कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के शिल्पकार, समानता और न्याय के महान प्रवर्तक थे। उनका जीवन संघर्ष, ज्ञान और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है। उनके विचार हमें एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं,जहां हर नागरिक को समान अधिकार के अवसर प्राप्त हो। इसलिए हम उनके आदर्शों को अपनाकर सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण के उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर आदि ने संबोधित किया। समिति महासचिव पिंटु कुमार, कोषाध्यक्ष रजत, ध्यानचंद, आकाश कुमार, अभिलाष कुमार, अमित कुमार, लोकेंद्र कुमार, रोहित कुमार, कौशल गौतम, पूनम, वेदो देवी, अल्पना, राधा नकुल कुमार मंयक कुमार, अंश कुमार, प्रदीप कुमार, जयकृत, आयुष कुमार, अंकित कुमार, मोहित कुमार, विशाल कुमार, सुरजीत कुमार, रितिक कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## तीन बीघा गेंहू की फसल जली

**चांदपुर।** ग्राम चमरौला में विद्युत लाईन से एक किसान के खेत में खड़ी तीन बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। किसान को लगभग 30-35 हजार रुपए का नुकसान हो गया। किसान नेता रोहिताश सिंह ने बताया कि खेत में खड़ी तीन बीघा गेंहू की तैयार फसल बिजली के तारों से लगी आग में जलकर राख हो गई।

# सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** भारतीय संविधान के निर्माता, नारी वर्ग के उद्धारक, ज्ञान के प्रतीक, सामाजिक एवं शैक्षिक क्रांति के अग्रदूत, युगदृष्टा, बीसवीं सदी के महान चिंतक, शोषित एवं उपेक्षित समाज के मसीहा, उच्च कोटि के अर्थशास्त्री, महान विधिवेत्ता एवं शिक्षाविद, स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री, भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी के 135वें जन्मोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। तदुपरांत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।



जिसमें वक्ताओं ने डा. अंबेडकर जी के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय लोकदल, जनपद बिजनौर कार्यालय पर 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोद जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने की। संचालन संजीव चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद मुंशी रामपाल, प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी, रालोद के पूर्व प्रत्याशी डा. नीरज चौधरी, प्रदेश सचिव तारीख अली, लव कुश फौजी जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, हसनैन जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, शमीम अहमद जिलाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ, परितोष चंदेल जिलाध्यक्ष छात्र सभा, रालोद महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव आशु राणा, ज्ञानेंद्र चिकारा, चौधरी ब्रजवीर सिंह आर्य, सांसद प्रतिनिधि विजय चौहान, अनुराग मलिक, चौधरी अलबेल सिंह, रामेंद्र सिंह एड., मास्टर इंद्रमणि, ओमवीर मलिक, महेंद्र सिंह चिकारा, राजीव कुमार, मुफीज आलम उर्फ गुड्डू, जगबीर सिंह, सहदेव मलिक, योगेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, जयपाल सिंह, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

# फायर स्टेशन पर अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद राजीव कुमार पांडेय के निर्देशन में आज फायर स्टेशन नगीना पर 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस वर्ष यह विशेष सप्ताह 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ' की थीम पर मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत स्मृति दिवस परेड के साथ हुई। फायर सर्विस चालक अरुण त्यागी के नेतृत्व में आयोजित इस परेड में 14 अप्रैल, 1944 को मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण जहाज विस्फोट में कर्त्तव्य की वेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले जांबाज अग्निशमन कर्मियों को याद किया गया। अग्निशमन केंद्र पर बने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर सलामी दी गई और दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। स्मृति दिवस के उपरांत सभी विभागीय कर्मचारियों को शपिन फ्लैगश लगाए गए। अग्नि सुरक्षा के प्रति जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से तहसील नगीना क्षेत्र में एक फायर रैली निकाली गई। इस रैली में अग्निशमन विभाग के वाहनों और



कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान नगरवासियों को आग से बचाव के तरीकों और आपातकालीन स्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर पम्फलेटों का वितरण किया गया। विद्यालयों और अस्पतालों में विशेष सुरक्षा मानकों को अपनाने की अपील की गई। समाज को एकजुट होकर 'फायर प्रिवेंशन' (आग की रोकथाम) में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर फायर स्टेशन नगीना का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। विभाग ने अपील की है कि सावधानी ही बचाव है और हर नागरिक को अग्नि सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए।


## कार्यालय नगर पंचायत बढ़ापुर, जनपद बिजनौर

पत्रांक:-149/न.पं.ब./2026-27 दिनांक:- 13.04.2026

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भवन/भूमि का निम्नानुसार नाम परिवर्तित करने हेतु प्रार्थना पत्र नगर पंचायत बढ़ापुर के कार्यालय में प्राप्त हुआ है। यदि किसी व्यक्ति को नाम परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर लिखित रूप में कार्यालय नगर पंचायत बढ़ापुर, जनपद बिजनौर में आपत्ति दर्ज करा सकते है। एक माह के पश्चात कोई सुनवाई नहीं होगी।

| क्र. सं. | क्रेता का नाम व पता | विक्रेता का नाम व पता | क्रस भूमि का मौहल्ला/ स्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | सकुन्तला पत्नी श्री चेतन निवासी ग्राम कुंजैटा, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर आधार सं. -xxxx xxxx 2198 Pan-KOCPS8874C, Mob-7088068366 | प्रमिला पत्नी श्री राजपाल निवासी-39 मौहल्ला हरिजन बस्ती, बढ़ापुर, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर आधार सं.- सं.-xxxx xxxx 7683 Pan-EIDPP0508K, Mob-7251974158 | मौहल्ला हरिजन बस्ती बढ़ापुर में एक दुकान, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर |
| 2 | श्रीमती शाहिन पत्नी मौ. ताहिर निवासी मौ. लाल सराय बढ़ापुर, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर आधार सं.-xxxx xxxx 0168 Pan-OKTPS6555P, Mob-8384821658 | श्रीमती शमा परवीन पत्नी अब्दुल सत्तार, निवासी मौ. लाल सराय कस्बा बढ़ापुर, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर आधार सं.-xxxx xxxx 9761 Pan-FELPP9267L, Mob-7895570726 | मौहल्ला लाल सराय में स्थित आराजी बढ़ापुर, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर। |


अधिशासी अधिकारी

# अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक

## डीएम ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम डीएम कौर द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस मौके पर डीएम ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर एक ऐसा नाम है, जिसने भारतीय समाज में शैक्षिक एवं समानता एवं सामाजिक क्षेत्र में क्रांति लाने का काम किया। उनकी जयंती पर हम उनके आदर्शों और सिद्धांतों को याद करते हैं, जिन्होंने हमें एक समतामूलक समाज की कल्पना करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी तथा समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और उनके सशक्तिकरण के लिए काम किया। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और वंचित वर्गों को शिक्षित करने के लिए काम किया तथा भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई महत्वपूर्ण नीतियों को आकार देने में मदद की।

उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक समतामूलक समाज बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें सामाजिक भेदभाव और असमानता के खिलाफ लड़ना चाहिए और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए तथा पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ वंचित वर्गों को उनके अधिकार उपलब्ध कराने में हमें अपना योगदान भी देना चाहिए।

इस मौके पर एडीएम न्यायिक वान्या सिंह, प्रशासनिक अधिकारी उमेश विज द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रशास. निक अधिकारी कलेक्ट्रेट सलाहुद्दीन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट एवं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

उधर विकास भवन परिसर में बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह द्वारा विकास भवन परिसर स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान उपयुक्त मनरेगा आरबी यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित विकास भवन स्थित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारी एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा विचार व्यक्त कर बाबा साहब द्वारा राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में उनके योगदान का स्मरण कराया गया।

# डा. नवेद अकबर ने शिक्षा के क्षेत्र में बनाई नई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए रहबर-ए-आम मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. नवेद अकबर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरे हैं। उनके मार्गदर्शन और आधुनिक शिक्षण पद्धति ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को नई दिशा प्रदान की है।



डा. नवेद अकबर द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष रूप से बायोलॉजी विषय के विद्यार्थियों के लिए उनके द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे नि:शुल्क नोट्स अतिरिक्त कक्षाएं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। विद्यालय में अनुशासन आधुनिक शिक्षा प्रणाली तथा तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डा.अकबर का मानना है कि शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास को भी मजबूत करना आवश्यक है। उनके नेतृत्व में विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर मार्गदर्शन और समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भी विद्यालय में आए सकारात्मक बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि डा.नवेद अकबर के प्रयासों से संस्थान की पहचान लगातार मजबूत हो रही है।

## एक नजर

### बाबा साहब को नमन



**बिजनौर।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा आज जनपद न्यायालय परिसर स्थित स्व.विरेंद्र पाल सिंह एड.मैमोरियल बार हाल में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार एड. की अध्यक्षता में महासचिव चौधरी मनोज कुमार सेठी एड.के संचालन में भारतरत्न महाविद्वान, संविधान निर्माता, युगपुरुष, महामानव बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता महीपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष यशपाल सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता हरि सिंह भारती, पीताम्बर सिंह, विनय देवरा, नवदीप सिंह पूर्व महासचिव, रामपाल सिंह पाल, उपाध्यक्ष तुषार चौधरी, कोषाध्यक्ष कविता चौधरी, संयुक्त मंत्री वंदना आजाद व नितिन कुमार, शुभम चौधरी, ममतेश चौहान, गंगाराम, महेंद्र सिंह आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### संविधान बचाने का आह्वान



**नूरपुर।** सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी के निवास बाबा साहब की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक रामअवतार सैनी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने देश का संविधान लिखा। संविधान की वजह से दबे-कुचले लोगों को बराबरी का अधिकार मिला। बाबा साहब ने लोगों वोट देने का अधिकार दिया है। उनके नक्शे-कदम पर चल कर अपने बच्चों शिक्षित बनाना होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान को मिटाना चाहती है। उनके संविधान को बचाने के लिए आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनानी है। अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना है। इस मौके पर सपा विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद, जिला पंचायत सदस्य इमरान, राहुल चौधरी, बीके कश्यप, सुनील गुर्जर, शहजाद मलिक, एमआर पाशा, अबरार अहमद, प्रेम सैनी, जुल्फुकार कुरैशी, डा. खादिम अंसारी, विशाल यादव, गंगाराम सैनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नसीम अहमद ने किया।

### सिद्धबली विहार कॉलोनी में मनाई जयंती



**नजीबाबाद।** कोतवाली मार्ग स्थित सिद्धबली विहार कॉलोनी में डा. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति जनजाति जनकल्याण समिति द्वारा बाबा साहब की जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला शक्ति के द्वारा केक काटकर और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इस मौके पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें और सभी ने बाबा साहब के विचारों को अपनाने की बात कही। प्रमुख वक्ताओं में ऊष्मा कशेरवाल, भुवनेश्वरी, हेमलता, इंद्रबंधु शास्त्री, राकेश कुमार, प्रो.जेपी गुप्ता, प्रो.मनोज कुमार तथा धनीराम ने अपने विचार रखें। समिति के अध्यक्ष रामनाथ सिंह सेवा. निवृत्त पुलिस निरीक्षक, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, व्यवस्थापक राम भरोसे सिंह एवं शेर सिंह सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक का विशेष सहयोग रहा। अनीता, अमरजीत, सुनीता देवी, सुनीता आर्य, इंदु वर्मा, सीमा, रूबी, कुसुम देवी, सरोज बाला, राखी, रचना, सरिता देवी,रिंकल अग्रवाल, प्रवीण कुमार, मेघनाथ सिंह, कुशल पाल सिंह, अमर सिंह जिला पंचायत सदस्य, मुन्ने सिंह, संजीव कुमार, अरविंद गौतम, रामनाथ सिंह अध्यापक, निरंजन कुमार, पवन कुमार, परविंदर सिंह, धर्मेंद्र भूषण आदि की गरिमा मय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डा. जितेंद्र कुमार ने किया।

### डुकैट का शैक्षणिक भ्रमण



**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के बीसीए के विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध आईटी कंपनी डुकैट, नोएडा का शैक्षिक भ्रमण किया। जिसमें कंपनी के नवाचार एवं गतिविधियों को समझा। यह कंपनी आईटी टेंनिंग प्रदान करने के लिए जानी जाती है। कंपनी के मैनेजर जितेष ने विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने कंपनी भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आईटी के क्षेत्र में प्रयोग होने वाली नवीन तकनीकों से अवगत कराया एवं विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डाटा साइंस से सम्बंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह कहा कि यह बडी सम्भावनाओं का क्षेत्र है। उन्होंने यह भी बताया कि नवीन सॉफ्टवेयर में दक्षता प्राप्त विद्यार्थी अपना एक अच्छा करियर बना सकते है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य बी.सी.ए. के विद्यार्थियों को थ्योरी कक्षाओं के साथ-साथ औद्योगिक भ्रमण के माधयम से नई तकनीकों को जानना भी अत्यंत आवश्यक है। जिससे उनकी दक्षता में वृद्धि हो सके। विश्वविद्यालय के सचिव दीपक मित्तल ने कहा कि सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण का लाभ लेकर आईटी के क्षेत्र में अपना ज्ञान बढ़ा सकते है। वि.वि. के निदेशक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को उनके क्षेत्र में रोजगार के लिए औद्योगिक भ्रमण आवश्यक है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. हितेश शर्मा ने बताया कि औद्योगिक भ्रमण पाठ्यक्रम की जटिलता को आसान बनाने में सहायक है। स्कूल ऑफ कम्प्यूटर एप्लिकेशन व इंजीनियरिंग के डीन डा. हर्ष कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए औद्योगिक भ्रमण के उद्देश्य बताए।

# अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

## कांग्रेस कार्यालय पर स्मृति सभा का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस जिला कार्यालय पर भारतरत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं स्मृति सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में किया गया।



इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके प्रति अपनी श्रद्धा एवं स्नेह व्यक्त किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहब द्वारा भारतीय संविधान के निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान एवं समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु किए गए उनके संघर्षों को विस्तार से रेखांकित किया।

सभा में सभी उपस्थित जनों ने बाबा साहब के समतामूलक, न्यायपूर्ण एवं समावेशी भारत के विचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा उनके सिद्धांतों और अंबेडकरवाद की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता एवं न्याय की स्थापना संभव है। इस मौके पर सभी कांग्रेस सदस्यों ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में विकास भवन की ओर मार्च किया और बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभा में पार्टी के जिला, शहर, नगर, ब्लॉक एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

## आगामी बैठक में प्रस्तावों को शामिल करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और समग्र विकास को लेकर भाजपा पदाधिकारियों एवं नामित सभासदों ने आज नगर पालिका को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आगामी बोर्ड बैठक के एजेंडे में जनसरोकार से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को शामिल कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लागू करने की मांग उठाई।

ज्ञापन में अधिशासी अधिकारी और पालिका अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा गया कि नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस रणनीति बनाते हुए शीघ्र कार्यवाही जरूरी है। इसमें नगर पालिका परिसर में जनसेवा केंद्र की स्थापना, रोडवेज बस स्टैंड के लिए उपयुक्त भूमि का चयन तथा एम्बुलेंस व अंतिम यात्रा वाहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। भाजपा प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए विवाह मंडप/बैंक्वेट हॉल का निर्माण कराया जाए, जबकि प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसके अलावा नगर में स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। ज्ञापन में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता दी गई। इसके तहत तालाबों व जलाशयों के पुनरुद्धार एवं सौंदर्यीकरण, एक आधुनिक पार्क के निर्माण तथा काशीराम आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास आवंटन की मांग की गई। इसके साथ ही मुख्य मार्गों पर जर्जर सड़कों व पुलियों के पुनर्निर्माण, जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हर माह प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित करने की आवश्यकता जताई गई। अंतिम संस्कार स्थल के विकास और वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई।

ज्ञापन सौंपने वालों ने उम्मीद जताई कि नगर हित से जुड़े इन प्रस्तावों को बोर्ड बैठक में शामिल कर शीघ्र अमल में लाया जाएगा, जिससे हल्दौर के विकास को नई गति मिल सकेगी। इस दौरान दीपक कुमार चानू, शाश्वत रस्तोगी, डा. यश चंद्रा, चरनजीत सिंह मिक्का, कुसुम देवी के प्रतिनिधि के रूप में गौतम कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## संविधान की रक्षा के लिए अखिलेश को सीएम बनाने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के नेता अनुज मलिक ने भारतरत्न व संविधान निर्माता बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



प्राप्त समाचार के अनुसार बाबा साहब की जयंती पर सपा नेता अनुज मलिक ने क्षेत्र विभिन्न गांवों में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से बाबा साहब द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने के पीडीए विजन को विस्तार से समझाया। अनुज मलिक ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करनी होगी और अखिलेश यादव को सीएम बनाना होगा। उन्होंने मौजूद लोगों से इस संकल्प को लेकर एकजुट होने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने अनुज मलिक का स्वागत किया और बाबा साहब के आदर्शों पर चर्चा की। सपा नेता ने जोर देकर कहा कि बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाते हुए पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के उत्थान के लिए समाजवादी पार्टी निरंतर कार्यरत है। कार्यक्रम बाबा साहब अंबेडकर की जयंती को याद करते हुए सामाजिक न्याय, संविधान बचाने और 2027 में सपा की जीत के संदेश के साथ सम्पन्न हुआ।

## विधायक ने मानसी गुप्ता को दी शुभकामनाएं



**बढ़ापुर।** मौहल्ला बाजार निवासी आयुर्वेदिक दवाइयों के विक्रेता शुभांकर गुप्ता की पुत्री मानसी गुप्ता ने एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) में छठी रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से जनपद भर में हर्ष की लहर है। सूचना मिलने पर मंगलवार की दोपहर भाजपा विधायक सुशांत सिंह समर्थकों के साथ मानसी गुप्ता के आवास पर पहुंचे और मानसी के स्वजन से मुलाकात कर राम दरबार भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान भाजपा नेता विजय सिंह, संजीव कश्यप बंटी, जयवीर पंचवाल, मुकेश आर्य, प्रमोद चौहान, ललित वर्मा, नितिन चौधरी, कैलाश प्रजापति, नितिन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी में मनाई जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी में भारतरत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन डा. बीके स्नेही के नेतृत्व में किया गया।

इस मौके पर पर डा. सीएचसी प्रभारी डा. बीके स्नेही सहित अन्य वक्ताओं ने बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके महान योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर विश्व के महान विचारक समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर उच्च उपलब्धियां हासिल कीं और देश को समानता न्याय एवं अधिकारों का मार्ग दिखाया। वक्ताओं ने कहा बाबा साहब ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त की तथा कोलंबिया विश्वविद्यालय अमेरिका से पीएचडी की उपाधि हासिल की। भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान के कारण उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता भी कहा जाता है। उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों के आधार पर आज देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था संचालित हो रही है। जिसमें सभी वर्गों को समान अधिकार एवं अवसर प्राप्त हैं।

इस मौके पर डा. राकेश कुमार, डा. हासिम, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, धीरेंद्र सिंह, योगेश कुमार, हरीश कुमार, प्रदीप रावत, दुशाला शर्मा, अनीता देवी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# डॉ. अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

## कोटला और अंबेडकर नगर में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर स्थानीय मुख्य बाजार स्थित अंबेडकर चौक, मौहल्ला कोटला एवं अंबेडकर नगर में श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए।





कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष, उनके सामाजिक न्याय के सिद्धांतों तथा संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में समानता, शिक्षा और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ आसपा नेता अशरफ जमील एड. ने कहा कि बाबा साहब ने देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बाबा साहब के विचारों को अपनाना और भी अधिक आवश्यक हो गया है।

उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और समाज में व्याप्त भेदभाव, अन्याय एवं कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना एक ऐसे भारत का था, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रहे।

इस मौके पर पूर्व मंत्री धनीराम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने समाज के हर वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और जागरूकता ही वह माध्यम हैं, जिनसे समाज में वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और समाज में एकता एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर चंद्र प्रकाश रवि, नवीन भारती, परवेज, डा. विकास, डा. अजब सिंह, सभासद अखिलेश कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वीमार्ट प्रबंधक की गिरफ्तारी के वारंट जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** स्कीम का लाभ न देने पर वी मार्ट रिटेल प्रबन्धक की गिरफ्तारी होगी। उपभोक्ता आयोग ने प्रबंधक के खिलाफ वारंट जारी किये हैं।

वी मार्ट रिटेल ने त्यौहार की स्कीमजरी की स्कीम के तहत 2500 रु की खरीदारी करने पर 99 रु अतिरिक्त भुगतान करने पर 1000 रु के मूल्य का बैग मुफ्त दिया जा रहा है। उक्त स्कीम का लाभ लेने के लिए चंदौसी निवासी अनमोल वार्ष्णेय ने 2500/2500 रु की खरीदारी कर 99-99 रु अतिरिक्त भुगतान किए और स्कीम के अंतर्गत चल रही योजना में दो बैगों की मांग की तो वी मार्ट रिटेल के प्रबंधक द्वारा बैग खत्म होने की बात कह कर शीघ्र ही बैग उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया। अनमोल वार्ष्णेय द्वारा अनेकों चक्कर लगाए जाने के उपरांत भी स्कीम का लाभ नहीं दिया गया। उपभोक्ता ने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय से सम्पर्क किया और आप बीती बताई। अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने उनकी ओर से जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में परिवाद प्रस्तुत किया। आयोग ने वी मार्ट रिटेल के प्रबंधक को आदेश दिया कि स्कीम के अंतर्गत बैग की कीमत 2000 रु उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करें तथा नियत अवधि में धनराशि अदा न करने पर ब्याज 9 प्रतिशत वार्षिक की दर से देय होने तथा 10000 रु मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि की मद में तथा 5000 रु वाद व्यय की मद में अदा करने के आदेश 5 अप्रैल 2025 को दिए। परन्तु आदेश का अनुपालन नहीं किया गया तो अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने जिला उपभोक्ता आयोग में उसकी शिकायत दर्ज कराई जहां आयोग ने वी मार्ट रिटेल के प्रबंधक को तलब किया परन्तु उनकी ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ तो आयोग ने वी मार्ट रिटेल के प्रबंधक के विरुद्व वारंट जारी किए हैं।

**0 स्कीम का लाभ देने के आदेश का किया उल्लंघन**




सम्भल। स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर स्कूल चलने को जागरूक करते नौनिहाल। शाह टाइम्स

# भक्ति भावना के साथ मना खालसा सृजना दिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सिक्ख धर्म की स्थापना अर्थात बैसाखी पर्व श्रृद्वा व भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

गुरूद्वारा गुरूनानक दरबार में आयोजित कार्यक्रम में प्रात: अखंड साहिब जी का भोग डाला गया। निशान साहिब के चोले की रस्म के साथ महान कीर्तन दरबार सजाया गया। गुरवाणी कथा कीर्तन से संगातों को निहाल, कर बैशाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिक्ख समाज के दश्म गुरू गोबिंद सिंह महाराज ने पंज प्यारों को सजाकर खालसा पंथ की स्थापना की थी। ऐंसा पंथ जिसकी हज़ारों, लाखों में अलग पहचान हो सके। इस शुभ दिन को खालसा सृजना दिवस भी कहा जाता है। बोले सोनिहाल का नारा दिया। अंध विश्वास, छुआछूत भेदभाव से उठकर सिंह सजाये, नये समाज नये युग का प्रारम्भ किया। सिक्ख धर्म के जन्म के रूप में मनाने के साथ बैसाखी पर्व का महत्व ओर अधिक बढ़ जाता है। बैसाख पर नया महीना शुरू होता है।किसान तैयार फसल लाकर वाहेगुरू को धन्यवाद देता है। बैसाखी पर्व पर श्रृद्वा व भक्ति में डूबे सिक्ख समुदाय ने संगतों को बधाई दी। नगर सुख शांति, आपसी भार्ठचारे की अरदास की गई। जबकि गुरू का अटूट लंगर बरताया गया। जिसको सभी वर्ग समुदाय की संगतो ने एक साथ बैठकर छका और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। सेवादारों में हरदीप सिंह, गुरजीत सिंह, धर्मसिंह, अभीत सिंह, सतपाल सिंह, कुलवीर सिंह, दौलत राम, मुन्नालाल, विनोद, सचिन, दीप सिंह, सुरजीत, सुरेन्द्र कौर ने सेवा व सहयोग संगतों कर महाराज की खुशियां बटोरीं।

**0 निशान साहिब के चोले की सेवा कर बरताया गुरु का अटूट लंगर**

## सरकारी योजनाओं का उठाएं लाभ: गुरजिंदर कौर

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के नगर गुन्नौर के मोहल्ला टँकी व गांव कुहेरा में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को जागरुक किया गया। इस दौरान एसआई गुरजिंदर कौर ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। जबकि किसी भी विपत्ति के समय दिए गए नम्बरों पर सूचना देने का आहवान किया। इसके अलावा महिलाओं और बालिकाओं को भयमुक्त होकर हरने को भी जागरूक किया। इस दौरान महिला कांस्टेबल प्रियंका, गौरव,मिथलेश आदि रहे।

# घर-घर शिक्षा का दीप जलाओ अपने बच्चे सब पढ़ाओ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विकास क्षेत्र बहजोई के प्राथमिक विद्यालय ढकारी मढ़ैयाँ में को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गांव में भ्रमण कर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

रैली के दौरान बच्चों ने हाथों में बैनर लेकर आकर्षक नारों के माध्यम से शिक्षा का महत्व बताया। अच्छे बच्चे तभी बनेंगे जब हम सब स्कूल चलेंगे, घर-घर में चिराग जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा तथा पापा सुन लो विनय हमारी, पढ़ने की है उम्र हमारी जैसे संदेशों ने ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय स्टाफ ने भी शिक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित करते हुए घर-घर शिक्षा दीप जलाओ, अपने बच्चे सब पढ़ाओ और पढ़ने का तुम करो जतन, शिक्षा है अनमोल रतन जैसे स्लोगन के माध्यम से जागरूकता फैलाई। इस मौके पर अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई, जिसमें निशुल्क एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा, स्वच्छ वातावरण, मुफ्त पाठय पुस्तकें, यूनिफार्म, बैग, मध्याह्न भोजन के साथ फल एवं दूध शामिल हैं। साथ ही बताया गया कि प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों से अपने 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का नामांकन नजदीकी सरकारी विद्यालय में अवश्य कराने पर ज़ोर दिया। जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके।

**0 स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर किया जागरूक**

## ग्राम रचैटा में निहाली बाबा साहेब की रथयात्रा

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** संविधान निर्माता विश्व विख्यात भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के 135 वे जन्म दिवस पर रथयात्रा निकाली गयी। असमोली क्षेत्र के ग्राम रचैटा में विश्व विख्यात ज्ञान के दाता सबका मार्गदर्शन करने वाले डा. भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र व प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रृद्वा सुमन अपति किए गए। जबकि रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में दिनेश पाल इन्सां पूर्व प्रधान तेजराम विनोद शिवम सोनित मोनू सागर विक्रम रवि धर्मेद्र जयपाल रूप सिंह मोनू बंटी राज किशोर पंकज अमित अनमोल जगमोल भूपेंद्र खचेडू भूरा नेमसिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के नाम व काम का होगा संग्रह

**0 इतिहास संकलन समिति की बैठक में लिया निर्णय तहसील स्तर पर सौंपी जायेगी जिम्मेदारी**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति ने इतिहास दिवस आयोजन करके जिले के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के नाम एवं उनके कामों का संग्रह करने का निर्णय लिया। साथ ही तय किया गया कि सम्भल जनपद की तीनों तहसीलों के अध्यक्ष व महामंत्री का दायित्व शीघ्र ही सक्रिय और विचारधारा के अनुरूप कार्य करने वाले व्यक्तियों को सौंपा जाएगा। श्री सनातन धर्म मंदिर में भारतीय इतिहास संकलन समिति द्वारा आयोजित इतिहास दिवस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के नाम, काम, क्षेत्र और विशेष योगदान का संग्रह किया जाएगा। इसके लिए भारतीय इतिहास संकलन समिति के सभी कार्यकर्ताओं को क्षेत्रश: जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि सम्भल क्षेत्र में तीन तहसील हैं। तीनों तहसीलों में भारतीय इतिहास संकलन समिति की तहसील स्तरीय कार्यकारिणी बनाई जानी है। उन्होंने विचारधारा के अनुरूप, समर्पित भाव से कार्य करने वाले अनुशासित और सक्रिय कार्यकर्ताओं को भारतीय इतिहास संकलन समिति का कार्यभार सौंपने की बात कही। सुमन लता शर्मा ने बताया कि जिला सम्भल इतिहास की दृष्टि से बहुत धनी है। यहां का आध्यात्मिक साहित्यिक सामाजिक और राष्ट्रव्यापी इतिहास से आमजन परिचित हो इसके लिए जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील स्तरीय कार्यकारिणी गठित करना तथा संपूर्ण जनपद क्षेत्र के शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कार्यों का संग्रह होना एक अच्छी और बड़ी महत्वपूर्ण बात होगी। बैठक में अतुल कुमार शर्मा, अरविंद शंकर शुक्ला, मीनू रस्तोगी, सुमन लता शर्मा, शोभा गर्ग, विकास कुमार वर्मा, नीरू चाहल, पंकज सांख्यधर, उमेश सैनी आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अधयक्षता अजय कुमार शर्मा ने की और संचालन जिला सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।



सम्भल- इतिहास संकलन समिति की बैठक को सम्बोधित करती महिला वक्ता।

## शोभायात्रा निकालकर दिया आर्दशों पर चलने का संदेश

**सम्भल।** संविधान रचियता भारत रत्न बौधित्सव बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला,जबकि शोभायात्रा निकालकर उनके आर्दशों पर चलने का आहवान किया।

मौहल्ला सोतीपुरा से आयोजित शोभायात्रा का शुभारम्भ डा. आनंद सिंह ने किया। शोभायात्र प्रारम्भ करने से पूर्व अमित गौतम ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने पर ज़ोर देते हुए कहा कि जिससे कि एक ऐसे समाज का निर्माण किया जा सके जहां कोई जाति ओर न ही धर्म का भेद हो सके। इसके बाद बाबा साहेब की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। बोधित्सव बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव पर शाहजीपुरा सरायतरीन से निकाली गई प्रभात फेरी अम्बेडकर पार्क पर जाकर सम्पन्न हुई फेरी सभा में परिवर्तित हो गई। प्रभात फेरी में मौजूद बाबा साहेब के अनुयायियो ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में वक्ताओ ने कहा कि बाबा साहेब के बताए तीन सिद्वांत शिक्षित बनो, संगठित रहो, संर्घष करो पर चलकर दलित समाज का उद्धार हो सका।

# धार्मिक आस्था से जोड़ने को सत्यम कर रहे हैं प्रेरित

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के मुख्य पुरोहित पंडित सत्यम मिश्रा देशभर में गंगा महाआरती के माध्यम से धार्मिक पहचान बना रहे हैं। अब उन्हें 22 मई से केदारनाथ धाम में सात दिवसीय का अवसर मिला है। मां गंगा जनकल्याण समिति बबराला के मुख्य अर्चक पंडित सत्यम मिश्रा अपनी धार्मिक सेवाओं के लिए लगातार चर्चा में हैं। बबराला गंगा की महाआरती से शुरुआत करने वाले सत्यम मिश्रा अब देश के विभिन्न प्रमुख धार्मिक स्थलों पर महाआरती में सहभागिता कर रहे हैं। उन्होंने उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम, गुजरात, कोलकाता, गोवा और केरल जैसे राज्यों में भी अपनी टीम के साथ भव्य महाआरती संपन्न कराई है। गंगाघाट राजघाट के बबराला घाट पर प्रतिदिन माँ गंगा की आरती में टीम के साथ पूरे विधि-विधान से 40 मिनट तक चलने वाली आरती सम्पन्न करवाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में लोगों को प्रेरित कर शादी में भी वरमाला के समय माँ गंगा की आरती विधि-विधान के साथ कराकर दूल्हा-दुल्हन के नवजीवन की शुरुआत कराई है। पंडित सत्यम मिश्रा ने बताया कि 22 मई से केदारनाथ धाम में सात दिवसीय गंगा महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वे अपनी टीम के साथ शामिल होंगे। समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल, महामंत्री योगेन्द्र सिंह,उमेश चन्द्र वार्ष्णेय समेत अन्य सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।



**0 सत्यम मिश्रा केदारनाथ में करेंगे सात दिवसीय गंगा महाआरती**

## एक नज़र इधर भी

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह मुक्त सम्भल का संकल्प

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** अक्षय तृतीया पर जिले में बाल विवाह की कुरीति को पूरी तरह समाप्त करने का संकल्प लिया जा रहा है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी प्रयत्न संस्था लगातार जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जागरूक कर रही है और बाल विवाह रोकने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था का प्रयास है कि इस शुभ दिन कोई भी बाल विवाह न हो।प्रयत्न संस्था पिछले दो सालों से गांव-गांव, मोहल्लों और स्कूलों में जागरूकता रैलियां, बैठकें तथा शपथ कार्यक्रम आयोजित कर रही है। संस्था ने स्थानीय धर्मगुरुओं, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और युवाओं को भी इस अभियान से जोड़ा है, ताकि सामुदायिक स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम हो सके। साथ ही अपील भी कि है कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर जेआरसी हेल्पलाइन 18001027222 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर तुरंत संपर्क करें। संस्था के सम्भल प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने कहा, अक्षय तृतीया धन-समृद्धि और शुभ कार्यों का प्रतीक है, लेकिन बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को बढ़ावा देना अक्षय पाप है। हमारा संदेश साफ है इस अक्षय तृतीया पर कोई बाल विवाह न हो। समाज को आगे आकर बच्चों की रक्षा करनी होगी। जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय में प्रयत्न संस्था निरंतर निगरानी रख रही है।



बबराला-मलुआ घेर भिरावटी में पीडित्र परिवार को सांत्वना देते सांसद आदित्य।

### सांसद आदित्य ने पीड़ित परिवारों को दी सांत्वना

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** समाजवादी पार्टी के बदायूं लोकसभा क्षेत्र के सांसद आदित्य यादव ने क्षेत्र में घटित गंभीर घटनाओं को लेकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने प्रशासन से मामले में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की मांग की। सांसद आदित्य यादव गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के धनारी थाना इलाके के गांव मलुआ (घेर भिरावटी) पहुंचे, जहां दो अप्रैल से लापता पिता-पुत्र नरेश और भीमसेन के शव मिलने के बाद शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए इस दुख की घड़ी में हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। सांसद ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और चिंताजनक है। अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द पूरे मामले का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव, अमित यादव, अखिलेश यादव, केपी यादव, अनिल गोस्वामी आदि रहे।



बबराला- बाबा साहेब की शोभायात्रा में प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अनुयायी।

### बबराला में बाबा साहेब की जयंती पर निकली शोभायात्रा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर में संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमे बाबा साहेब व अनेकों झांकी थी।

मंगलवार को नगर के अंबेडकर पार्क में डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सपा विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव, नगर चेयरमैन हर्षवधन वार्ष्णेय, रामौतार, रेलवे सलाहकार सदस्य विनय वार्ष्णेय, दिनेश कौशल ने माल्यार्पण किया। बाबा साहब की शोभायात्रा अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक से रेलवे रोड, स्टेशन रोड होते हुए रामलीला मैदान से पुन: अंबेडकर पार्क पर पहुंचकर समापन हुआ। शोभायात्रा में भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, मण्डल महामंत्री दिनेश कौशल, उमेश कौशल ने बाबा साहेब की शोभायात्रा में जल व कोल्डड्रिंक वितरित की। शोभायात्रा से नगर डा. भीमराव अंबेडकर के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान मुकेश चन्द्र, बबलू, रामौतार, जगन्नाथ सिंह, मोतीलाल, सत्यवीर, तालमसिंह, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


# सामाजिक समरसता के प्रतीक बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का संघर्ष से भरा रहा जीवन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** संविधान रचियता भारत रत्न बौधित्सव बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके आर्दशों पर चलने का आहवान किया।

बाबा साहब डा. भीमराव रामजी आम्बेडकर के जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, संविधान के मूल्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी ने भारत रत्न डा. भीमराव रामजी आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि डा. आम्बेडकर जी का जीवन संघर्ष, समानता एवं न्याय का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाज को जोड़ने वाले विचारों को हम सभी को अपनाना चाहिए। भारतीय संस्कृति हमेशा खुली संस्कृति रही है। उन्होंने कहा कि जयंती हर दिन की सीख होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने कहा कि बाबा साहब सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं तथा वह हम सबके लिए संघर्षों के प्रतीक हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार तथा जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, वक्फ निरीक्षक परविंदर कुमार ,पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, सामाजिक जागरूकता एवं जनसहभागिता को बढ़ाने पर भी बल दिया गया। मंच का संचालन डा. राजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग लखनऊ से आये कलाकारों द्वारा नारी सशकितकरण तथा महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं को लेकर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डिप्टी कलक्टर वंदना मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ अम्बेडकर पार्क पक्का बाग बहजोई रोड़ पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहब का जन्मदिन धूमधाम से पीडीए दिवस के रूप में मनाया और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। फिरोज खाँ ने कहा कि आज कुछ पार्टियां जो सत्ता में बैठी है वो बाबा साहब के बनाए हुए संविधान को खत्म करना चाहती है देश में गरीबों मजदूरों दलितों अल्पसंख्यकों पिछड़ों व कमजोर वर्ग के अधिकारों को समाप्त करके देश को अलग दिशा में ले जाना चाहती है, परन्तु ऐसा नही होगा समाजवादी पार्टी इसका विरोध सड़क से सांसद तक करती रहेगी और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के बनायें हुए संविधान पर चलते रहेंगे पीडीए दिवस पर देश को बांटने नही देंगे हर वर्ग हर समाज की लड़ाई लड़ेंगे सबको साथ लेकर चलेंगे संकल्प लेकर संविधान की शपथ ली। इसी के साथ सपा कार्यकर्ताओं ने सब लोग एकजुट होकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कर उत्तर प्रदेश में पीडीए की सरकार बनाने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर रामरहीम यादव साद आदिल अजय सागर गौरव यादव जबर सिंह यादव इमरान खाँ सुरेंद्र सागर मुस्तकीम जाहिद खाँ आरिफ खाँ जुल्फिकार जीतम जाटव मेराज शहरोज बाबू बिलाल [illegible] शान सालिम राजेश यादव वीरेश यादव देवेन्द्र वसीम शाईन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में मंगलवार को भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत श्रृद्वा, गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत द्वारा डा. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिव शंकर दीक्षित एवं नीरज सक्सैना ने डा. अंबेडकर के प्रेरणादायी जीवन, उनके संघर्षों तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अमूल्य योगदानों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि डा. अंबेडकर ने समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थापना हेतु अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। प्राचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने कहा कि डा. अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि एक महान चिंतक, दूरदर्शी समाज सुधारक एवं सशक्त मार्गदर्शक भी थे। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प एवं अटूट आत्मविश्वास के बल पर किसी भी प्रकार की सामाजिक बाधाओं को सफलतापूर्वक पार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्था के मूल मूल्य/शिक्षा, समानता एवं सामाजिक समरसता डा. अंबेडकर के आदर्शों के पूर्णत: अनुरूप हैं। आज का युवा वर्ग तभी वैश्विक स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकता है, जब उसे अपने देश में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विश्वस्तरीय अवसर उपलब्ध हों। यही एक सशक्त, समृद्व एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय के चेयरमैन एवं यारा फर्टिलाइजर इंडिया प्रा. लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम. एस. प्रसाद ने कहा कि अंबेडकर एक दूरदर्शी विचारक थे, जिन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सर्वाधिक प्रभावी साधन माना। हमें उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। बबराला नगर के विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अतुल गोयल, कपिल गोयल, कार्तिक गोयल ने उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया उसके बाद सभी शिक्षकों ने पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधाना चार्य सुशील शर्मा ने डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। जबकि शिक्षकों ने उनके बारे में अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शिक्षिका विनीता अग्रवाल, सोनल शर्मा, मीनल अशोक, मीनाक्षी मिनोचा, खदीजा, रीता कमल, सीमा सिसोदिया, श्वेता गुप्ता, अंजली, शवनाज, वर्तिका, समीक्षा नेहा, कुमकुम, अपूर्वा, अमित आदि उपस्थित रहे।भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई ने भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में नगर अध्यक्ष कशिश कौशल ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर ने न सिर्फ दलितों, वंचितों, पिछड़ों और गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी बल्कि वे महिलाओं के अधिकारों के भी बहुत बड़े हिमायती थे। संविधान की रचना में उनके योगदान के साथ-साथ आजाद भारत की संस्थाओं के निर्माण में जो उनकी शानदार सक्रिय भूमिका रही। सबल और सशक्त भारत के निर्माण में बाबा साहेब हम सबके प्रेरणापुंज हैं। डा. बीआर अंबेडकर वो शख्स हैं जिन्होंने भारत को उसका संविधान दिया और कोई भी देश बिना संविधान नहीं चल सकता। इस दौरान बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर सोतीपुरा हातिम सराय अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प वंदन किया, इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कशिश कौशल एडवोकेट, प्रतीक गुप्ता, हर्षित शर्मा, अरविंद प्रजापति, सतीश कुमार जाटव, प्रभात सर्राफ, अर्पित सक्सेना आदि मौजूद रहे।









**0 जिले भर में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती**

# दहेज हत्या के मामले में थाना मझोला पुलिस ने पति-पत्नी को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र में दर्ज दहेज हत्या के एक गंभीर मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों



को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला 24 दिसंबर 2025 को सामने आया था, जब थाना कुन्दरकी क्षेत्र की रहने वाली वादिनी ने अपनी पुत्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए थे। जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री को ससुराल पक्ष द्वारा लगातार मायके से पैसे लाने के लिए दबाव डाला जा रहा था। आरोप है कि पैसे न लाने पर पति और उसके रिश्तेदारों द्वारा उसे प्रताड़ित किया गया और अंततः उसकी हत्या कर दी गई। इस शिकायत के आधार पर थाना मझोला में दहेज निषेध अधिनियम के अंतर्गत मुक. दमा दर्ज किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल विवेचना शुरू की गई। साक्ष्यों के संकलन और जांच के दौरान आरोपियों की संलिप्तता सामने आने पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी। इसी क्रम में मंगलवार को थाना मझोला पुलिस टीम ने आरोपी इस्लाम पुत्र मौ. हनीफ और यासमीन पत्नी इस्लाम, निवासी करूला जयन्तीपुर, थाना मझोला, जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहन जांच जारी है। साथ ही, अन्य आरोपियों की तलाश के लिए भी पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

पुलिस का कहना है कि इस तरह के मामलों में दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में मामले में अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# विधायक कमाल अख्तर ने गांव-गांव हुए अंबेडकर जयंती कार्यक्रमो में की शिरकत

**कांठ( शाह टाइम्स )** बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विधायक कमाल अखष्तर द्वारा



कांठ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में पहुँचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई और नागरिकों, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब के विचारों को स्मरण किया गया, उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया, कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता, समानता, न्याय और भाईचारे के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई, श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत विधायक कमाल अखष्तर ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन समाज के दबे-कुचले, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया, उनका संघर्ष हमें शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से ही समाज में वास्तविक बदलाव की बात सिखाता है।

इस अवसर पर नौरतन सिंह जाटव , निवेश कुमार , देवेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार , दीपक कुमार , धीर सिंह जाटव ,विक्रम सिंह यादव, गौरव कुमार, नाजिम सैफी , आरिफ मालिक , अरशद , उम्मेद अली , आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### जिला कांग्रेस सेवादल ने डॉ. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद।** जिला कांग्रेस सेवादल मुरादाबाद के कार्यालय लाइन पर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने की। कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उसके बाद लकड़ी



अंबेडकर मूर्ति पर जाकर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी और उनको नमन किया। इस कार्यक्रम में गौतम सोत्री, रईस ठेकेदार जमील अंसारी, सुनील कुमार सेठ एडवोकेट, निर्मल शाह शाह, जब्बार, सोनू, डॉक्टर शरद शर्मा, विनोद भटनागर आदि पदाधिकारियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। सभी ने संविधान की रक्षा के लिए उनके बताए रास्ते पर चलने का प्रण किया।

### मेरा युवा भारत की ओर से दी गई बाबा साहब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत के तत्वावधान में भारत के संविधान के मुख्य शिल्पकार भारत रत्न भारत के प्रथम विधिमंत्री डॉक्ट भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन को लेकर कार्यक्रम सहायक रंजीत कुमार सैनी ने बताया कि संपूर्ण जनपद में लगभग 68 युवा क्लबों ने डॉक्ट साहब जयंती को छोटे व मध्यम स्तर पर मनाया कुन्दरकी विकासखंड



स्थित युवा क्लब मैनाठेर के द्वारा आयोजित करवाया गया युवा क्लब मैनाठेर डॉक्ट साहब की जयंती को लेकर विशेष तैयारियों की जिसके लिए माय भारत कार्यालय द्वारा अनुदान उपलब्ध कराया गया युवा क्लब मैनाठेर द्वारा भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा एवं उसके आस-पास के स्थानों पर भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया अभियान के पश्चात अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं इसके बाद एक विशाल विचार गोष्ठी आयोजित हुई जिसमें आए अतिथियों ने अपने विचार रखे एवं कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पदयात्रा रही क्योंकि युवा क्लब द्वारा आवाहन करने पर लगभग 500 युवाओं की उपस्थिति के साथ एक यात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में युवाओं ने लगभग 6 कि.मी की यात्रा पूरी की उन्होंने डॉ. अंबेडकर की तकतीकयों को हाथ में लेकर जय संविधान के नारे के साथ जनजागरण का भव्य प्रयास किया कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाने वाले बिनीत कुमार स्थानीय युवा क्लब अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यक्रम युवाओं व समाज में डॉक्टर साहब के विचारों को आमजन तक पहुंचाने का माध्यम है। कार्यक्रम में सत्येन्द्र कुमार, चंद्रसिंह चंचल, सौरभ सिंह, भरत कुमार, दिनेश कुमार , साक्षी, अमित कुमार ,आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### महानगर सपा ने किया नगर सिख संकीर्तन का भव्य स्वागत

**मुरादाबाद।** बैसाखी के पावन पर्व के उल्लासपूर्ण वातावरण में महानगर समाजवादी पार्टी द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी महानगर ने कैम्प लगा कर भव्य नगर संकीर्तन का स्वागत किया गया, जहाँ पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।नगर सिख संकीर्तन के स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर और धार्मिक ध्वजों का सम्मान कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित



पूर्व सांसद डॉ. एस.टी. हसन ने कहा कि ष्बैसाखी का यह पावन पर्व न केवल फसल की कटाई और खुशहाली का प्रतीक है, बल्कि यह हमें सामाजिक एकता और धार्मिक सौहार्द के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा कि हम सभी त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने की अपनी परंपरा को आगे भी मजबूती से निभाते रहेंगे। बइस अवसर पर मुख्य रूप से सपा के महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी गजेंद्र सिंह यादव पूर्व सांसद डॉ. एस.टी. हसन लालू परवेज कमरूज्जमा सैफी सलीम वारसी अकरम अंसारी शमशाद अंसारी कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने नगर संकीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और देश में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

### महानगर सपा ने मनाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती, दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद।** भारतीय संविधान के शिल्पी, आधुनिक भारत के निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रणेता बाबा साहेब डॉ. भीमराव



अंबेडकर की जयंती आज मुरादाबाद में श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समा. जवादी पार्टी के महानगर कैंप कार्यालय में एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने की तथा संचालन महानगर महासचिव गजेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हाजी यूसुफ अंसारी, इकबाल हुसैन अंसारी महानगर अध्यक्ष, हाजी केसर अली कद्दूसी शुऐब हसन पाशा, लाखन सिंह सैनी जयपाल सिंह सैनी प्रदेश सचिव गजेंद्र यादव लालू परवेज वेद प्रकाश सैनी, सलीम वारसी कमरूज्जमा सैफी नगर विधानसभा अध्यक्ष असद कमाल पूर्व पार्षद डॉ० सोमवीर यादव, अरबाज खान एड०,शाहिद हुसैन गामा,आसिफ अंसारी, सरताज सैफी, गुलशन बाबा,तरुण गुप्ता, साजिद नबी खान, डॉ असीम, शकील अंसारी,शमशाद अंसारी, मसरूर हसन,नासिर हुसैन,शकील खान साकिर हुसैन पूर्व पार्षद हाजी भूरे अंसारी पूर्व पार्षद लईक अहमद,हाजी रशीद अंसारी महानगर अध्यक्ष मजदूर सभा अहमद मुरादाबादी, सरदार पाल मान भाई उबेद, शन्नू भाई ,जावेद साबरी,आदि उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन नगर में निकाली पारंपरिक शोभायात्रा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर क्षेत्र में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस उपलक्ष में सरकारी और अर्ध सरकारी कार्यालयो में भी डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया गया। संत रविदास धर्मशाला कांठ में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें अतिथि मोहम्मद असद चौधरी राजेश पाल मुकेश माहेश्व. री आदि ने डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आवाहन किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने सर्व समाज के लिए



जो संविधान में नियम बनाए आज उन्हीं नियमों पर चलकर भारत आगे बढ़ रहा है। इस दौरान बक्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संगठित रहो शिक्षित बनो जैसे संदेशों पर अमल करने का लोगों से आवाहन किया। इसके बाद संत रविदास धर्मशाला से एक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जो की रामलीला मंदिर मुख्य मार्ग बस स्टैंड से मुख्य बाजार आदि से होती हुई निर्धारित स्थान पर जाकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में ओमप्रकाश सिंह बौद्ध देवराज सिंह साहित् समाज के सभी लोगों का सहयोग रहा।

## खेत में गेहूं की गहाई करते समय थ्रेशर मशीन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र की चौकी क्षेत्र के चतरपुर नकटाखेड़ा गाँव में सोमवार की रात्रि लगभग 10 बजे खेत में गेहूं की थ्रेशर मशीन में के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया है,गेहूं की गहाई करते समय युवक का पैर फिसलने के कारण युवक राजीव का आधा शरीर गेहूं निकालने की थ्रेसर मशीन के अंदर चला गया, मजदूर शनिवार रात 10 बजे अपने खेत पर ट्रैक्टर-थ्रेसर मशीन से गेहूं की गहाई करवा रहे थे, राजीव (25) पुत्र मित्रपाल भी खेत में काम कर रहा था।रात के समय में ही गेहूं की गहाई पूरी होने के बाद राजीव बचे हुए गेहूं के पुले को जाल पर चढ़कर थ्रेसर में डालकर पैर से अंदर धकेलने लगा। तभी अचानक उसका पैर मशीन में फिसलने के कारण वह थ्रेसर के कटर के अंदर चला गया जिसके बाद स्वजनो में चीख-पुकार मच गई। जब तक गेहूं मशीन को बंद किया गया। तब तक राजीव का आधा शरीर मशीन से कटने के कारण राजीव की दर्दनाक मौत हो गई थी, हादसे के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से मृतक के सरीर को थ्रेसर मशीन में फंसे राजीव के शव को बाहर निकाला।मृतक के परिवार में पत्नी सहित दो छोटे छोटे बच्चे एक बेटी एक बेटा है,वहीं इस दर्दनाक हादसे से पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है,थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि परिजनों ने किसी भी तरह की कार्यवाही करने से इंकार कर दिया है।

# धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती, भव्य शोभायात्रा ने मोहा मन

**सुरजननगर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को सुरजन नगर के आंबेडकर धर्मशाला में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम



आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और गांव में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान वीर सिंह, पूर्व प्रधान पति नरेश कुमार और बिश्नोई समाज सुरजन नगर के अध्यक्ष सुबोध कुमार बिश्नोई ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और फीता काटकर शोभायात्रा को रवाना किया।आंबेडकर धर्मशाला से शुरू हुई यह शोभायात्रा झंडा चौक, ताज मार्केट, बस स्टैंड, होली चौक, बिश्नोई मंदिर और रविदास धर्मशाला से होते हुए पुनः झंडा चौक पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में शामिल विविध झांकियों ने ग्रामीणों का मन मोह लिया। इनमें विशेष रूप से संत शिरोमणि रविदास जी भारत माता और मीराबाई डॉ. भीमराव आंबेडकर राधा-कृष्ण और शंकर-पार्वती की नृत्य करती झांकियांग्रामीणों ने जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग ष्जय भीमष के उद्घोष से गुंजायमान रहा।घ्शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकी प्रभारी ओंमकार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

उन्होंने यातायात व्यवस्था और आमजन के आवागमन को ध्यान में रखते हुए शोभायात्रा की पूर्ण निगरानी की, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।इस पावन अवसर पर सुरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सागर, नृपेन्द्र भारती, लाखन सिंह, प्रेम सिंह, दौलत सिंह और सोनू कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और आंबेडकर अनुयायी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों पर चलने और शिक्षित बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का संकल्प लिया।

## नेकपुर और मिलक में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर की 135वीं जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेकपुर और पीपलसाना की मिलक में एक साथ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। गांव नेकपुर और मिलक के समस्त ग्रामीणों ने मिलकर मिलक और नेकपुर से चलकर पीपलसाना एवं भोजपुर बस स्टैंड तक शांति पूर्ण तरीके से रैली निकाली गई।इस अवसर पर समाज सेवी मो0 सद्दाम, मुकेश ठाकुर, मो0 शाकिर, पूर्व प्रधान प्रत्याशी रिंकू जाटव, पिंटू जाटव, लेखराज जाटव, सुरेंद्र सिंह, रोहित जाटव, ग्राम प्रधान मुजफ्फर अली फईम, पूर्व प्रधान गुलाम गौस, गौरव, विशेष सिंह, नन्हे सिंह, सुभाष सिंह, आकाश जाटव, गौतम, दीपक, विकाश, पवन, मनीष, हिमांशु, लक्की, तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता, शिक्षा और जागरूकता लाई जा सकती है। स्थानीय पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग रहा। अंत में सभी ने बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## आंगनबाड़ी केंद्र की छत पर थोपे उपले, सामुदायिक शौचालय की टोंटी पड़ी सूखी,गांवों में पसरी गंदगी

**मूंढापाण्डे।** खंड विकास की ग्राम पंचायत मुनीमपुर , वूजपु. रमान के ग्रामीणों ने बताया की सामुदायिक (आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, शौचालय) के कुप्रबंधन की हालत गंभीर है, छत पर उपले, बंद पंचायत घर, और सूखी टोंटी वाले शौचालय, मूंढापाण्डे ब्लॉक प्रशासन की लापरवाही और सामुदायिक शौचालय रखरखाव में कमी को दर्शाते हैं,इन सुविधाओं की बदहाली के कारण ग्रामीण खुले में शौच करने को मजबूर हैं,आंगनबाड़ी की छत पर उपले थोपना सरकारी संपत्ति के निजी इस्तेमाल और देखरेख की कमी को दर्शाता है।पंचायत भवनः कार्यालय बंद रहने से ग्रामीणों को आवश्यक सेवाओं के लिए भटकना पड़ता है, सामुदायिक शौचालय में पानी न होना और ताले लगे होना, केयरटेकर द्वारा लापरवाही और भ्रष्टाचार को उजागर करता है,एडीओ पंचायत देवेश कन्हैया ने कहा कि मामला संज्ञान में है, नोटिस जारी कर जबाव मांगा जाएगा।

# टीएमयू की फिजियोविजन वैश्विक संगोष्ठी ज्ञान, नवाचार और शोध का उत्कृष्ट संगम

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में जुटे देश-विदेश के जाने-माने विशेषज्ञ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर, नई दिल्ली की प्रिंसिपल प्रो. चित्रा कटारिया ने आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली में फिजियोथेरेपी की बढ़ती भूमिका और न्यूरोलॉजिकल रिहैबिलिटेशन की गहन व्याख्या करते हुए कहा, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी जैसे जटिल मामलों में प्रारंभिक और संरचित फिजियोथेरेपी हस्तक्षेप, न्यूरोप्लास्टिसिटी आधारित तकनीकों और व्यक्तिगत रिहैबिलिटेशन प्लानिंग के जरिए न केवल कार्यात्मक क्षमता में सुधार लाया जा सकता है, बल्कि मरीजों के जीवन की गुणवत्ता, स्वतंत्रता और मान. सिक सशक्तिकरण को भी बढ़ाया जा सकता है। वैज्ञानिक सत्र स्पाइनल कॉर्ड इंजरी के बाद रिकवरी में सुधार में उन्होंने उन्नत फिजियोथेरेपी इंटरवेंशन्स, तकनीकी एकीकरण और दीर्घकालिक पुनर्वास रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. कटारिया तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस-फिजियोविजन1.0 के शुभारम्भ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व प्रिंसिपल प्रो. चित्रा कटारिया ने बतौर मुख्य अतिथि, टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन,




फिजियोथेरेपी विभाग की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, डेंटल एंड एलाइड साइंस की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके ऑडी में कॉन्फ्रेंस का शंखनाद किया। इस मौके पर प्रो. हरबंश दीक्षित, श्री रविन्द्र देव आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इस अवसर पर कुल 46 पोस्टर भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने अपने शोध एवं नवाचारी विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस मौके पर कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन भी हुआ। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने टीएमयू में फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को रेखांकित करते हुए स्टुडेंट्स को शोध, नवाचार तथा प्रतियोगी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में क्लिनिकल एक्सपोजर



और रिसर्च-आधारित लर्निंग का समावेश स्टुडेंट्स को भविष्य के लिए अधिक सक्षम बनाता है। एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल ने नॉवल्टी मीट्स रिहेबिलिटेशन एक्सीलेंस थीम के महत्व को बताते हुए कहा, फिजियोथेरेपी में नवाचार और उत्कृष्टता का समन्वय क्लिनिकल परिणामों को अधिक प्रभावी और रोगी-केंद्रित बनाता है। तकनीकी सत्रों में स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट श्रीमती शिवानी लाल ने लोड मॉनिटरिंग इन स्पोर्ट्स रिहैबिलिटेशन पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जबकि श्रीमती नवजोत त्रिवेदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करते हुए बताया, एआई टूल्स शिक्षा और क्लिनिकल प्रैक्टिस दोनों को अधिक प्रभावी और उन्नत बना रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में डॉ. नंद किशोर साह, श्रीमती हिमानी, सुश्री नीलिमा चौहान, डॉ. हरीश शर्मा, श्रीमती समर्पिता सेनापति आदि की भी मौजूदगी रही।

## बाबा साहब की जयंती पर जुटा जन सैलाब, समानता का दिया संदेश

**कुंदरकी।** क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में मनाई गई। स्थानीय अंबेडकर पार्क में ष्अंबेडकर पब्लिक वेलफेयर सोसाइटीष के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं बुद्ध वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने अंबेडकर के संघर्षमय जीवन, सामा. जिक न्याय के लिए उनके प्रयासों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया और शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम बताया। साथ ही महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने में उनके योगदान को भी याद किया गया। सोसाइटी पदाधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा को अपनाकर और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देकर बाबा साहब के सपनों को साकार करें। कार्यक्रम का समापन सभी लोगों द्वारा उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## योगशाला में सम्मान समारोह कार्यकर्ता सम्मेलन की रूपरेखा तय



**बिलारी।** नगर स्थित बिलारी योगशाला में योग परिवार संगठन द्वारा एक बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अनिल सिक्का का अभिनंदन किया गया। बैठक में आगामी 19 अप्रैल (रविवार) को प्रात: 10:00 बजे पंचायत भवन सभागार, मुरादाबाद में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की गई। यह सम्मेलन पतंजलि परिवार, मुरादाबाद (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान चकबंदी विभाग से सेवा निवृत्त धर्मप्रेमी समाजसेवी मोहनलाल शर्मा ने अनिल सिक्का को सम्मान पट्टिका पहनाकर अभिनंदन किया। वहीं श्री लक्ष्मी शुगर मिल के महाप्रबंधक सुभाष खोखर का भी योग परिवार संगठन की ओर से वृतपाल चौधरी द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में अजय राठी, मोहनलाल शर्मा, डॉ. राजवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, संजीव सिंघल, सर्राफ, रामप्रताप सिंह एवं सुधीर कुमार गुप्ता सर्राफ सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## कमलेश महिला प्रशिक्षण केंद्र पर मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**चन्दौसी।** शहर के एक मोहल्ले स्थित कमलेश महिला प्रशिक्षण केंद्र में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश के पहले कानून मंत्री के रूप में कार्य किया और भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में रश्मि शर्मा, कौशल किशोर गुप्ता, ऊषा देवी सहित कई छात्राएं उपस्थित रहीं।

## चोरी की वारदात का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया पूरा सामान बरामद कर लिया है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके घर से सोने के आभूषण चोरी हो गए हैं। चोरी गए सामान में एक सोने का हार, एक जोड़ी बुन्दे, एक जोड़ी झुमकी, एक टीका और एक पेंडिल शामिल थे। इस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार अभियुक्त फैजान पर पहले भी आबकारी अधिनियम एवं चोरी से संबंधित मामले दर्ज हैं, जबकि इरफान का नाम भी इसी प्रकरण में सामने आया है। गिरफ्तारी के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार, उपनिरीक्षक रजत कुमार, कांस्टेबल रोहित तोमर, कांस्टेबल प्रविन्द्र कुमार तथा महिला कांस्टेबल सोनिका मौजूद रहीं।

## जनसभा में शिक्षा और समानता का संदेश

**चन्दौसी।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के अवसर पर मालगा. दाम रोड पर आयोजित जनसभा में वक्ताओं ने उनके विचारों को याद करते हुए शिक्षा और समानता पर जोर दिया। इस दौरान चन्दौसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार ने कहा कि बाबा साहब का मुख्य संदेश थाकृशिक्षित बनो, संगठित रहो और आगे बढ़ो। उन्होंने कहा कि अंधविश्वासों से दूर रहकर शिक्षा को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाना चाहिए और अन्याय के विरुद्ध सदैव संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने लोगों से जुआ और शराब जैसी बुरी आदतों से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि सभी मनुष्य एक समान हैं।

कार्यक्रम में नरेन्द्र कुमार, सूर्यजीत सिंह, प्रवीण कुमार बंटी, नंदू वाल्मीकि, रविन्द्र, अरविंद अंबेडकर, पुष्पा बौद्ध, सोवरन सिंह, ममता मधुकर, आशीष सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बाबा साहब की जयंती पर पालिका में श्रद्धा सम्मान और सामाजिक संदेश का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मदिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी सहित पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। पालिका अध्यक्ष ने बाबा साहब के जीवन और उनके द्वारा समाज को दिए गए समानता, न्याय और संविधान के मूल्यों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है, जिससे हर वर्ग को सीख लेनी चाहिए। पालि. का के एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर पर कार्यरत कर्मचारियों को सेफ्टी किट वितरित की गई। अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मी शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान दो सफाई कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा और समर्पण के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें शाल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने, का संकल्प लिया। इस मौके पर आशुतोष अग्रवाल, अंकित शर्मा, उमेश कुमार गुप्ता, राकेश दानव आदि शामिल रहे।



## ब्लॉक क्षेत्र की करीब 24 ग्राम पंचायतों में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती, भव्य शोभायात्रा ने मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र की करीब 24 ग्राम पंचायतों में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और गांव में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह, और खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल व एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह द्वारा किया गया। अतिथियों ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और फीता काटकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में शामिल विविध झांकियों ने ग्रामीणों का मन मोह लिया। इनमें विशेष रूप से संत शिरोमणि रविदास जी, भारत माता सहित विभिन्न झांकियां का नगर में जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग जय भीम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे। उन्होंने यातायात व्यवस्था और आमजन के आवागमन को ध्यान में रखते हुए शोभायात्रा की पूर्ण निगरानी की, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इसके के साथ ही ब्लॉक कार्यालय व ब्लॉक क्षेत्र के गांव सुरजननगर, मानपुर दत्तराम, सबलपुर, कुआॅखेड़ा खालसा, कनकपुर, टांडा आलम, पिलकपुर गुमानी, रतूपुरा, कालाझांडा, माधोवाला टांडा अफजल, नारायनपुर छंगा, लौंगी कला, लौंगी खुर्द, सरकड़ा परमपुर, बहादुरनगर सहित करीब ब्लॉक क्षेत्र 24 ग्राम पंचायतो में धूमधाम से मनाई गई।



कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा से पूर्व विधान से प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह व खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल व एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह ने पुष्प अर्पित कर किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मदन सिंह, सुनील कुमार, मुकेश कुमार, नृपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## फिल्म 'कल्कि संभल' की शूटिंग शुरू, एसएम कॉलेज में हुआ शुभारंभ

**चन्दौसी।** संभल दंगों की पृष्ठभूमि पर बन रही फिल्म 'कल्कि संभल' की शूटिंग शुरु हो चुकी है। फिल्म की कहानी संभल में समय-समय पर हुए सां. प्रदायिक दंगों और उनके सामा. जिक प्रभावों पर आधारित है। इसमें विशेष रूप से वर्ष 1978 और 24 नवंबर 2024 की घटनाओं को दर्शाया जाएगा, जिनका स्थानीय समाज पर गहरा प्रभाव पड़ा था। फिल्म के निर्माता अमित जानी हैं, जो 'उदयपुर फाइल्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके हैं। 'कल्कि संभल' में दो प्रमुख किरदार 'अब्बाजान' और 'भाईजान' को केंद्र में रखा गया है। 'अब्बाजान' का किरदार 1978 की घटनाओं से जुड़ा दिखाया जाएगा, जबकि 'भाईजान' 2024 की परिस्थितियों को दर्शाएगा। जानकारी के अनुसार 'अब्बाजान' की भूमिका महेश मांजरेकर और 'भाईजान' का किरदार विजय राज निभाएंगे। इसके अलावा संभल के पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई का किरदार भी फिल्म में शामिल है, हालांकि उस भूमिका को निभाने वाले अभिनेता का नाम अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। गौरतलब है कि इस फिल्म की घोषणा 21 सितंबर 2025 को संभल के शहजादी सराय स्थित नैमिषारण्य तीर्थ क्षेमनाथ मंदिर में 'संभल फाइल्स' नाम से की गई थी, जिसे बाद में बदलकर 'कल्कि संभल' कर दिया गया। फिल्म का पहला पोस्टर 2 फरवरी 2026 को जारी हो चुका है, जिससे स्थानीय स्तर पर उत्सुकता बढ़ गई है। मंगलवार को एस.एम. कॉलेज परिसर में विधि-विधान से पूजन कर शूटिंग का शुभारंभ किया गया।



उन्होंने 2024 में हुए सर्वे के दौरान पुलिस व सर्वे टीम पर हुए पथराव की घटना का भी उल्लेख किया और कहा कि बाद में प्रशासन द्वारा स्थिति को नियंत्रित कर शांति स्थापित की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिल्म का मुख्य उद्देश्य संभल में हुए दंगों और उनसे जुड़ी सच्चाई को दर्शकों के सामने लाना है। शूटिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# नगर में निकाली अम्बेडकर शोभायात्रा

### झांकिया बनी आकर्षण का केन्द्र,शोभा यात्रा का पुष्प बरसा कर स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** 135 वी डा, भीमराव अम्बेडकर जयंती पर नगर व देहात क्षेत्र में हर्षोल्लास मनाई गई। नगर जयंती पर शोभा यात्रा परंपरागत तरीके से अम्बेडकर पार्क से शुरू हुई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई शोभा यात्रा में झांकिया आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शोभायात्रा का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी, व अजय यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायणी सेना न सयुक्त रूप से शुभारंभ किया। 135 वीं अम्बेडकर जयंती पर शोभा यात्रा से पूर्व कांशीपुर चुंगी स्थित अम्बेडकर पार्क पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी, पूर्व विधायक विजय यादव, अजय यादव ने बाबा साहब के बताए मार्गो पर चलने का आहवान किया। इसके बाद गत वर्षो की भांति नगर में डॉ0 भीमराम अम्बेडर जयंती पर निक. लने वाले विशाल शोभायात्रा मंगलवार को नगर के अम्बेडकर पार्क से शुरू हुई। शोभा यात्रा नगर के मोहल्ला गिलोवाला मस्जिद चौराहा, रामलीला छहराहा, बड़ा बाजार, कोतावाली चौराहा, गंज बाजार, पहुंचने पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल, कुशाग्र सिंघल, मोहित सिंघल, अवनीत पुष्पाके सुरेश हवाई,पंकज कुमार, मुकेश कुमार नीरज कुमार ,इंदुकांत ,सतीश कुमार ,शुभम अग्रवाल, संजीव कुमार ,कमलेश कुमार, कार्तिक वर्माअनमोल मराठा आदि ने शोभायात्रा पर पुष्प बरसा कर स्वागत किया। बुध बाजार, तिको. निया बस स्टैंड पर होती हुई शोभा यात्रा वापस अम्बेडकर पार्क पर पहुंचकर संपन्न हो गई। शोभा यात्रा में शामिल बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर, चन्द्र शेखर आजाद सहित अन्य झाकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं। बाद में अम्बेडकर पार्क में सभा का आयोजन किया गया। इसमें बाबा साहेब संविधान निर्माता के जीवन पर प्रकाश डाला गया। वही क्षेत्र के ग्राम कुआखेड़ा खालसा में भी बाबा भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाई गई व शोभायात्रा का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा खालसा में भी शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें एडवोकेट पीयूष चौहान, अंशुल कुमार, शिवराम सिंह, डा० रामपाल सिंह गौतम शिवकिशोर, कालू सिंह गौतम राजेंद्र सिंह ,शेर सिंह सागर राकेश सागर रोहित सिंह, धर्मेन्द्र जाटव अर्जुन चेतन, गौतम सागर प्रदीप जाटव, रोहित गब्बर, रंजीत कुमार, सुशील सागर सोनू जाटव ,अंकित सागर,अनुराग सागर,अंकुल कुमार, धर्मवीर , शोभित जग्गा, राहुल , राजू (जय सिंह), श्योराज सिंह ,अर्जुन सागर पूर्व , गौरवच जाटव, ईश्वर सागर, मोहित ,आदित्य , सुशील सागर, तरूण सागर, प्रिन्स कुमार, विशाल जाटव, बिट्टू चौहान, रोमेश, ऋषभ, योवांग (छोटू), राजू, अंशुल कुमार, शिवोम सागर,रविप्रकाश, धर्मेन्द्र सागर घननेंद्र शर्मा सही अन्य मौजूद रहे।



## बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर ग्राम पंचायत करनपुर में भव्य आयोजन

**ठाकुरद्वारा/करनपुर।** भारतीय संविधान के शिल्पी, महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, न्यायविद एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर आज ग्राम पंचायत करनपुर में एक भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य गजेंद्र सिंह ने केक काटकर एवं बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान ग्राम पंचायत करनपुर के प्रधान पति डॉ. बाबू सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आचार्य गजेंद्र सिंह ने बाबा साहब के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष, ज्ञान और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है। उनके विचार हमें एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं, जहाँ हर नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अवसर प्राप्त हो। इस अवसर पर मुख्य रूप से चौहान देवेंद्र सिंह लाला, सुरेश कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार चौहान, सुनील यादव, वंश चौहान, सचिन राणा, कुलदीप चौहान, एडवोकेट प्रदीप कुमार, अमर सिंह, अर्जुन सिंह, धर्मपाल सिंह, गन्नू सिंह, टीकाराम सिंह, राम सिंह, कनिपाल सिंह, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दिगपाल सिंह, विजयपाल सिंह, रणवीर सिंह, पूरन सिंह, मोहमद असलम, अनवार हुसैन आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र अबु नसर व पुत्रवधू श्रीमती अदीबा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**श्रीमती शहाना बेबा सुल्तान अहमद निवासी गली न0-1 रजा मस्जिद थाना कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### एक नजर

## न्यायाधिकारी कुंबर सूर्यसेन सिंह का तबादला बुधवार को दी जाएगी विदाई

**कांठ( शाह टाइम्स )** ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधिकारी कुंवर सूर्यसेन सिंह का देवरिया के लिए तबादला हो गया उन्हें बुधवार यानी आज समारोह के दौरान विदाई दी जाएगी। उक्त जानकारी तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव दीपक बिश्नोई ने दी उन्होंने बताया कि दोपहर 1:00 बजे उनके लिए विदाई सम्मान समारोह रखा गया है। जिसमें उन्हें सम्मान सहित विदा किया जाएगा।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रमो में शामिल हुए मुअज्जम अली

**कांठ( शाह टाइम्स )**डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के 135 वें जन्मदिन के मौके पर चेयरमैन पुत्र उमरी कलाँ सैयद मोअज्जम अली उर्फ आजम ने विधानसभा काँठ के अलग अलग गाँव में शिर. कत की और लोगों को बाबा साहब के जीवन के संघर्षों के बारे में बता कर ग्राम वासियों को प्रेरित किया, चेयरमैन पुत्र ने ग्राम सिरसा ठाट, ग्राम डूडेला और ग्राम नसीरपुर सहित अनेक ग्रामों में आयोजित प्रोग्रामों में शिरकत की और बाबा साहब की प्रतिमा पर माला पहना कर उन्हें याद किया। जिला पंचायत वार्ड नंबर 10 प्रत्याशी वसीम चौधरी ने भी कार्यक्रमों में दल-बल के साथ हिस्सा लिया और ग्राम वासियों को संबोधित किया। इस मौके पर अतुल कुमार, जुल्फिकार अंसारी, वीरेंद्र सिंह, फहीम अहमद, मैराज अली आदि लोग उपस्थित रहे।



## कांग्रेसियों ने भी जयंती पर किया डॉक्टर अंबेडकर को याद

**कांठ( शाह टाइम्स )** अंबेडकर जयंती पर कांग्रेसियों ने भी उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ब्लॉक कमेटी के तत्वाधान में किया गया। जिसमें संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की पावन जयंती पर उनको श्रद्धा से स्मरण किया गया और उनके चित्र पर माल्यापर्ण करते हुए उनके जीवन और नीतियों पर प्रकाश डाला गया। डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी शरीफ आजाद आदि ने उनको याद करके देश में किए गए सुंदर योगदान का जिक्र करके सबको जानकारी दी। इस मौके पर डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी शरीफ आजाद विनीत चौहान राजेश पाल जफर अली कलवा आदि मौजूद रहे।



## रिश्ते में साढ़े सात लाख खर्च करने के बाद भी तोड़ी सगाई, पुलिस ने कई के खिलाफ किया मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** रिश्ते में साढ़े सात लाख खर्च करने के बावजूद भी दहेज लोभियो ने 5 लाख की ओर मांग करते हुए सगाई तोड़ दी पुलिस ने एसपी के आदेश से मामला दर्ज किया है थाना क्षेत्र के गांव सहदोली निवासी जाबिर ने अपनी बेटी की शादी उस्मान पुत्र इरफान निवासी पारा थाना धनोरा मंडी जिला अमरोहा के साथ तय की थी। जिसमें उसने देखने और रिश्ते आदि मैं करीब 7:30 लाख रुपए खर्च किए बताया गया कि 2 अप्रैल को जाबिर ने कार्ड में नाम जानने के लिए इरफान से संपर्क किया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया और कहा कि तुमने मन मुताबिक खर्च नहीं किया उसका बेटा एक लाख रुपए महीना कमाता है तुम्हें कम से कम दहेज में वैगन आर कार व नकद 5 लाख रुपए देने पड़ेंगे। बिचौलिया बुन्दू से संपर्क किया तो उसने भी गालियां देनी शुरू कर दी और कहा कि आज के बाद मुझे फोन मत करना 7 अप्रैल को बात करने के लिए उनके गांव गया तो इमरान ब बिलाल ल पुत्रगण इरफान समीर पुत्र रिजवान इरफान पुत्र इतवारी बुन्दू व फैजल ने गाली गलौज और मारपीट करनी शुरू कर दी और कहा कि आइंदा रिश्ते की बात करने आए तो तुझे जान से मार देंगे। वह अपनी जान बचाकर घर आ गया उसने उस्मान के चाचा रिजवान को फोन किया और कहा कि तुम्हारे घर वालों ने मेरे साथ मारपीट की है तो रिजवान ने भी गालियां देनी शुरू कर दी और कहा कि अब हम रिश्ता तोड़ रहे हैं शादी नहीं करेंगे। पीड़ित थाने पहुंचा वहां पुलिस ने सुनवाई नहीं की फिर उसने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया उनके आद. श से पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## शुभयोगों से बढ़ेगा अक्षय तृतीया का महत्व दो दिन मनाने की चर्चा

**कांठ( शाह टाइम्स )।** बैसाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाया जाने वाला अक्षय तृतीया का पर्व इस वर्ष 19 और 20 अप्रैल दोनों दिन मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन किए गए दान, जप, तप और शुभ कार्यों का फल कभी समाप्त नहीं होता, इसी कारण इसे श्अक्षयश तृतीया कहा जाता है।इस बार अक्षय तृतीया विशेष संयोगों के साथ आ रही है, जिससे इसका महत्व और अधिक बढ़ गया है। लगभग 10 वर्षों के बाद यह पर्व सोमवार के दिन पड़ रहा है, जो इसे और भी शुभ बना रहा है। विद्वान पंडितों के अनुसार इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों अपनी-अपनी उच्च राशियों में स्थित रहेंगे, जिससे किए गए पुण्य कार्यों का फल लगभग 100 गुना तक प्राप्त होने की मान्यता है। बताया कि तृतीया तिथि 19 अप्रैल को दोपहर 01:01 बजे से शुरू होकर 20 अप्रैल को सुबह 10:39 बजे तक रहेगी। इस अवधि में कई शुभ योग सूर्य और चंद्रमा के उच्च राशियों में होने से 100 गुना फलदायी होगा अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस वर्ष सोना खरीदने का श्रेष्ठ मुहूर्त 19 अप्रैल को दोपहर 12:56 मिनट से शुरू होकर 20 अप्रैल को सुबह 10:39 मिनट तक रहेगा। इस दौरान आभूषण खरीदना, नए कार्यों की शुरुआत करना और निवेश करना विशेष फलदायी रहेगा।

चंद्रमा कर्क राशि में और सूर्य मेष राशि में स्थित रहेंगे। साथ ही त्रिपुष्कर योग, रोहिणी नक्षत्र, गजकेसरी योग, मालव्य योग, राजयोग और अक्षय योग जैसे अत्यंत शुभ संयोग भी इस दिन बन रहे हैं, जो इस पर्व की महत्ता को कई गुना बढ़ा देते हैं।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

**चन्दौसी।** मंगलवार को ग्राम पथरा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालक महानंदन गौतम, शिक्षक सुभाष भारती एवं प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने संयुक्त रूप से डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर शिक्षक सुभाष भारती ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में समानता स्थापित करने के लिए आजीवन संघर्ष किया। शिक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था और उन्होंने जीवनभर भेदभाव का सामना करते हुए भी हार नहीं मानी। नीरज कुमार शर्मा ने कहा कि उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चेन्नई ने कोलकाता को 193 का टारगेट दिया

## सैमसन ने 48, ब्रेविस ने 41 रन बनाए, कार्तिक त्यागी ने चटकाए2 विकेट

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 193 रन का टारगेट दिया। चेपाक स्टेडियम में केकेआर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। सीएसके ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। संजू सैमसन ने 32 बाल पर 4 चौके और 3 छक्कों के सहारे 48 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 बाल पर 41 रन की पारी खेली।

आयुष म्हात्रे ने 17 बाल पर 38 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के मारे। केकेआर से कार्तिक त्यागी ने दो विकेट झटके। वैभव अरोरा, अनुकूल राय और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला। चेन्नई की पारी का 20वां ओवर डाल रहे कार्तिक त्यागी ने महज 8 रन बनाए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। 18वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर डेवाल्ड ब्रेविस 41 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कार्तिक त्यागी ने वैभव अरोरा के हाथों कैच कराया। त्यागी को दूसरा विकेट



मिला है। उन्होंने संजू सैमसन (48 रन) को बोल्ड किया। 17वें ओवर में सीएसके ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर सरफराज खान 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सुनील नरेन ने 17वें ओवर की पहली बाल पर बोल्ड कर दिया। इसी के साथ 51 रन की साझेदारी टूट गई। 16वें ओवर में चेन्नई ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। इस ओवर में वैभव अरोरा ने 20 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में दो छक्के और एक चौका पड़ा। ब्रेविस ने दूसरी बाल पर छक्का लगाया, जबकि चौथी बाल पर सरफराज खान के बल्ले से छक्का आया। आखिरी बाल पर ब्रेविस ने चौका मारा। 14वें ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस ने वरुण चक्रवर्ती की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। चौथी और 5वीं बाल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। ओवर की दूसरी बाल पर सरफराज खान ने एक छक्का भी मारा। वरुण के इस ओवर से 15 रन आए। सुनील नरेन ने 13वें ओवर में महज 3 रन दिए। ये सभी रन सिंगल के जरिए आए। नरेन के इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। उन्होंने 3 ओवर महज 16 रन ही दिए हैं। सीएसके ने तीसरा विकेट गंवा दिया। यहां पर संजू सैमसन 48 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कार्तिक त्यागी ने 12वें ओवर की दूसरी बाल पर बोल्ड किया, पहली बाल पर छक्का पड़ा था। 10वें ओवर में चेन्नई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। संजू सैमसन ने कार्तिक त्यागी के ओवर की 5वीं बाल पर अपर कट करके छक्का लगाया। इसी छक्के के सहारे टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 9वें ओवर में सुनील नरेन ने महज 5 रन दिए। उनकी पहली बाल पर ब्रेविस के कैच आउट होने का मौका बना, लेकिन मिड आन पर कैच उठा था, मिडविकेट, मिड आन और मिड आफ के फील्डर इसे पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन फील्डर्स के पहुचने से पहले बाल जमीन पर गिर गई। टॉस हारकर बैटिंग कर रही चेन्नई की शुरुआत मिलीजुली रही। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 72 रन बनाने में दो विकेट गंवा दिए।

# मिचेल व दीप्ति शर्मा बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**लंदन, वार्ता।** मिचेल स्टार्क को विजडन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना है। उन्होंने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और एशेज में अहम भूमिका निभाई। वहीं दीप्ति शर्मा को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का सम्मान मिला है।

नवम्बर में घरेलू जमीन पर भारत की ऐतिहासिक विश्व कप जीत में उनका बड़ा योगदान रहा। इन पुरस्कारों का ऐलान अल्मनाक के 163वें संस्करण के प्रकाशन से पहले किया गया। 36 साल के स्टार्क ने इस साल 11 टेस्ट मैचों में 17-32 की औसत से 55 विकेट लिए। इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ नौ रन देकर छह विकेट लेने का उनका करियर बेस्ट प्रदर्शन भी शामिल रहा। इसके बाद 2025-26 एशेज के पहले दो टेस्ट में उन्होंने 18 विकेट झटके और पूरी सीरीज में 19-93 की औसत से 31 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। 28 साल की



दीप्ति शर्मा भारत की 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहीं। भारत ने नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने 30-71 की औसत से 215 रन बनाए और 20-40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। फाइनल में उन्होंने 58 रन की अहम पारी खेली और 5 विकेट लेकर मैच अपने नाम किया। भारत के पुरुष क्रिकेटरों को भी इस बार अल्मनाक में बड़ी पहचान मिली है। शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को विजडन के 'साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' में शामिल किया गया। इन सभी ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।

**खेल विशेष**

## कमिंस के 17 अप्रैल को एसआरएच में वापस आने की उम्मीद

**हैदराबाद, वार्ता।** दो डेब्यू करने वाले भारतीय पेसरों की शानदार सफलता पर सवार सनराइजर्स हैदराबाद का बॉलिंग अटैक और मजबूत हो सकता है, क्योंकि पैट कमिस की टीम से कुछ अच्छी खबर आई है। उनके चुने हुए कप्तान, जो दुनिया के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं, जल्द ही उनके आने वाले मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। अभी तक कोई गारंटी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से नई उम्मीद जगी है। क्रिकबज को पता चला है कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिस बुधवार को घर पर फिटनेस टेस्ट देंगे, और अगर वह इसे पास कर लेते हैं - जिसके बारे में फेंचाइजी में उम्मीद की किरण है - तो उनके उनके लिए खेलना शुरू करने का चांस है। कमिस के 17 अप्रैल को हैदराबाद वापस आने की उम्मीद है। एसआरएच अपना अगला मैच शुक्रवार (18 अप्रैल) को अपने घर पर खेलेगा।

## ब्रिटेन के जैक ड्रेपर पहले राउंड में रिटायर हुए

**बार्सिलोना (स्पेन), वार्ता।** ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन में टॉमस मार्टिन एचेवेरी के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच के तीसरे सेट में रिटायर हो गए। क्ले-कोर्ट सीजन का अपना पहला मैच खेल रहे ड्रेपर ने अर्जेंटीना के एचेवेरी के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता, लेकिन उन्हें मूवमेंट में दिक्कत होने लगी और दूसरा सेट 6-3 से हार गए। 24 साल के इस खिलाड़ी पर एक फिजियो ने ध्यान दिया और डिसाइडिग सेट से ठीक पहले उनके दाहिने घुटने के नीचे के हिस्से पर टेप लगाया गया। तीसरे सेट में एचेवेरी ने उनकी सर्व दो बार तोड़ी और कोर्ट पर घूमने में मुश्किल होने के बाद, उन्होंने 4-1 से पीछे होने पर मैच छोड़ दिया। दुनिया में 28वें रैंक वाले ड्रेपर हाथ की चोट से वापसी के दौरान सावधान रहे हैं और टूर्नामेंट से पहले हाल ही में हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स से हट गए थे।

# चेपॉक पर धोनी ने की प्रैक्टिस अभी वापसी में देरी संभव

**चेन्नई, वार्ता।** काफ इंजरी से उबर रहे एमएस धोनी की आईपीएल 2026 में वापसी के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि वह अभी भी मैच फटिनेस पर काम करते प्रतीत हो रहे हैं। 28 मार्च को सीजन के पहले दिन चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) ने अपने बयान में बताया था कि धोनी पहले दो सप्ताह तक के लिए बाहर रह सकते हैं और वह रिहैब से गुजरेंगे।

धोनी टीम के अन्य साथियों के साथ अभ्यास कर रहे हैं लेकिन वह केवल थ्रोडाउन का सामना कर रहे हैं और अभी भी उनका पूरी तरह से फटि होना बाकी है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ घरेलू मैच की पूर्व संध्या पर चेपॉक में अंडर लाइट्स सीएसके के अभ्यास के अंतिम चरण में धोनी ने नेट्स में थोड़ी देर अभ्यास किया। लेकिन एक बार फिर उन्होंने सपोर्ट स्टाफ से केवल थ्रोडाउन का सामना किया, जब हसी ने प्रैक्टिस पिच के बीच में गेंद डाली तो गेंद धोनी के बल्ले के जोड़ पर जा लगी। लेकिन जब गेंद उनके स्लॉट में पड़ी तब उन्होंने गेंद को अपने बॉटम हैंड का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट बाउंड्री की ओर भेज दिया। इसके बाद उन्होंने स्लॉट में पड़ी एक और गेंद को लेग साइड में 'जे' स्टैंड में भेज दिया। सीएसके का अभ्यास सत्र रात के नौ बजे समाप्त हुआ। धोनी ने विकेटकीपिग का अभ्यास नहीं किया। 44 वर्षीय धोनी ने सीएसके के अब तक चारों मुक. ाबले मिस किए हैं और मंगलवार को भी वह खेलने से चूक सकते हैं। उन्होंने अब तक चेन्नई के बाहर सीएसके के मुकाबलों के लिए गुवाहाटी और बेंगलुरु की यात्रा नहीं की है। वहीं सीएसके के घरेलू मुकाबलों के लिए भी वह चेपॉक नहीं पहुंचे हैं। गुवाहाटी में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिग ने कहा था कि वह टीम से जुड़ी चर्चाओं में शामिल रहते हैं और टीम पर उनका प्रभाव अभी भी मजबूत है। धोनी की अनुपस्थिति में संजू सैमसन विकेटकीपिग कर रहे हैं और इंग्लैंड के ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन ने अपने खेल से फर्निशर की भूमिका अदा करने की झलक दिखाई है।

# RCB की धाकड़ बल्लेबाजी व आउट ऑफ फॉर्म LSG के बीच मुकाबला

**बेंगलुरु, वार्ता।** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, जहां बाउंड्री छोटी होती हैं और बॉलर अक्सर ऐसे दिखते हैं जैसे मानसून आते ही उन्होंने अपना छाता खो दिया हो, एक और आईपीएल शाम चुपचाप अपने हमेशा के थिएटर जैसा माहौल बना लेती है।

इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी मजबूत घरेलू टीम के चैलेंजर के तौर पर आ रहे हैं। यहीं पर आरसीबी कुछ ऐसा कर रही है जो क्रिकेट कम और एक अच्छी तरह से तैयार फैक्ट्री ज्यादा लगता है और उनके रास्ते में आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए थोड़ा डरावना है। इसे सिर्फ अच्छी



बैटिंग फॉर्म कहना गलती होगी। यह भगदड़ को तेज चलना कहने जैसा होगा। इस मैदान पर, आरस. ीबी ने रन बनाने को लगभग रूटीन, फिर भी जबरदस्त बना दिया है। 200 रन का आंकड़ा अब कोई मील का पत्थर नहीं रहा, यह सिर्फ एक विनम्र सुझाव है। बैटिंग कंट्रोल में शुरू होती है, लगभग ऐसे जैसे कोई सरकारी ऑफिस समय पर खुल रहा हो, और फिर धीरे-धीरे कुछ ज्यादा अग्रेसिव और बॉलर्स के लिए उसे रोकना नामुमकिन हो जाता है। इस सीजन में आरसीबी की बैटिंग यूनिट को विराट कोहली लीड कर रहे हैं, जिन्होंने टॉप पर अपनी हमेशा की तरह अथॉरिटी के साथ चार मैचों में 179 रन बनाए हैं। उनके साथ, फिल सॉल्ट ने जबरदस्त शुरुआत दी है, जिसमें पिछले मैच में 36 गें. दों पर 78 रन की तेज पारी शामिल है, जिससे शुरुआत में ही माहौल बन गया। देवदत्त पडिक्कल भी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने तीन मैचों में 125 रन बनाए हैं, जिसमें दो तेज फिफ्टी शामिल हैं और उनका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा है, जिससे वह पावरप्ले और शुरुआती मिडिल ओवर्स में सबसे खतरनाक बैट्समैन में से एक बन गए हैं।

# वैभव का विकेट पहली गेंद पर लेने के बारे में पहले ही कहा था: हिंगे

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए अपने आईपीएल डेब्यू पर धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले विदर्भ के तेज गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने कहा कि उन्होंने पिछले साल ही यह सोच लिया था कि जब वह डेब्यू करेंगे तो चार या पांच विकेट लेंगे। हिंगे ने बताया कि उन्होंने पहले ही कुछ लोगों से यह भी कहा था कि वह पहली ही गेंद पर वैभव सूर्यवंशी का विकेट लेंगे।

मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड लेने के बाद हिंगे ने कहा कि पिछले साल मैंने कहीं पर लिखा था कि जब मैं डेब्यू करूंगा तो चार या पांच विकेट लूंगा। मैं पावरप्ले में जितना संभव हो हावी होना चाहता था। मुझे औरों का नहीं पता लेकिन मुझे इसमें (मैनिफेस्टेशन) विश्वास है। कप्तान इशान किशन ने पहला ओवर हिंगे को ही थमाया था और उन्होंने अपनी दूसरी ही गेंद पर सूर्यवंशी को आउट कर दिया। सूर्यवंशी की यह पहली गेंद थी और वह लेग साइड में खेलने गए लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर



कीपर के पास चली गई। हिंगे ने सूर्यवंशी के अलावा अपने पहले ही ओवर में ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस का विकेट भी लिया लेकिन उनका सबसे पसंदीदा विकेट सूर्यवंशी का विकेट था। हिंगे ने कहा कि सूर्यवंशी का विकेट सबसे बढ़िया था क्योंकि वह फॉर्म में थे। मैंने पहले ही कुछ लोगों से कह रखा था कि मैं उसे पहली ही गेंद पर आउट करूंगा, या तो बाउंसर डालूंगा या किसी और तरह से उसे आउट करूंगा। मैं पहली ही गेंद पर उसका विकेट लेना चाहता था। यही योजना थी और हमारे गें. दबाजी कोच वरुण (आरोन) भाई ने मेरी काफी मदद की। मैं हर किसी का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मेरा साथ दिया। हिंगे ने अपनी क्रिकेट की यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि जब उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था तब उन्हें यह भी पता नहीं था कि लेदर बॉल किसे कहते हैं। हिंगे ने कहा कि मैंने 13 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था, तब मैं यह भी नहीं जानता था कि लेदर बॉल क्या होती है। मैंने अपने पिता से कहा था कि मैं क्लब से जुड़ना चाहता हूं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए मना कर दिया कि मैं अभी काफी छोटा हूं। लेकिन कैसे भी फिर चीजें वहां से शुरू हुई और मैं लगातार खेलता रहा। यहां पर खड़ा होना एक सुखद एहसास है, मैं इस अवॉर्ड को अपने परिवार को समर्पित करना चाहता हूं। हिंगे के साथ ही एक अन्य तेज गें. दबाज साकिब हुसैन ने भी धमाकेदार डेब्यू किया और उन्होंने भी चार विकेट हासिल किए।

दूसरे ओवर में ही उन्होंने यशस्वी जायसवाल का विकेट निकाला था और फिर उन्होंने आरआर की ओर से एकमात्र अर्धशतक जड़ने वाले डॉनोवन फरेरा का भी विकेट निकाला। साकिब ने अपने इस प्रदर्शन का श्रेय आरोन को दिया। साकिब ने कहा कि हर एक खिलाड़ी की ख्वाहिश होती है कि उसका डेब्यू इस तरह से हो। जब मुझे पता चला कि मैं डेब्यू कर रहा हूं तो फिर काफी अच्छा लगा। गेंदबाजी कोच ने एक दिन पहले ही मुझे बता दिया था कि मैं खेलने वाला हूं, तो मैं उसके लिए तैयार था। गेंदबाजी कोच वरुण आरोन मेरे साथ पिछले तीन-चार मैच से काम कर रहे थे। मेरी गेंदबाजी में सुधार उनकी वजह से हुआ है।

## पैट कमिंस को अपना आदर्श मानते हैं प्रफुल हिंगे

**हैदराबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ आईपीएल 2026 में डेब्यू करते हुए विदर्भ के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को धमाकेदार शुरुआत दिलाते हुए अपने पहले ही ओवर में तीन विकेट निकाल लिए। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी के अलावा ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को पवेलियन चलता कर दिया। सीनियर स्तर पर 24 वर्षीय हिंगे का यह केवल दूसरा टी20 मैच था और उन्होंने ओवर की दूसरी ही गेंद पर सूर्यवंशी को चलता कर दिया। इसी ओवर में उन्होंने दो और विकेट निकाले और आईपीएल इतिहास में पारी के पहले ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज भी बन गए। इसके बाद हर कोई यह पूछने लगा: यह प्रफुल हिंगे कौन है? हिंगे ने अक्टूबर 2024 में विदर्भ के लिए प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था और पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने 11 पारियों में 26-37 की औसत से 16 विकेट हासिल किए थे। इस मुकाबले से पहले उन्होंने एकमात्र टी20 दिसम्बर 2025 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला था जिसमें उन्होंने 23 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। उन्होंने पिछले साल विदर्भ प्रो टी20 लीग में नेको मास्टर ब्लास्टर्स के खिताबी सीजन में अहम भूमिका अदा की थी। हिंगे एक घातक तेज गेंदबाज साबित हो सकते हैं और वह अपने कद का अच्छा इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। वह एसआरएच के अपने नियमित कप्तान पैट कमिस को अपना आदर्श मानते हैं और उनके साथ ड्रेसिग रूम शेयर करना चाहते हैं। हिंगे विदर्भ के अपने सीनियर साथी तेज गेंदबाज उमेश यादव को भी अपनी प्रेरणा मानते हैं जिनके साथ उन्होंने अपने टी20 डेब्यू पर गेंदबाजी की शुरुआत की थी। हिंगे ने कुल मिलाकर 10 प्रथम श्रेणी मुक. ाबले खेले हैं और 27 विकेट हासिल किए हैं। उन्होंने छह लिस्ट ए मुकाबले खेलते हुए पांच विकेट हासिल किए हैं।

# बिहार में बड़े स्टेज पर परफॉर्म करने का पोटेंशियल है: हर्षवर्धन

**हैदराबाद (तेलंगाना), वार्ता।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के प्रेसिडेंट,हर्षवर्धन ने आईपीएल 2026 में युवा फास्ट बॉलर साकिब हुसैन के शानदार डेब्यू पर खुशी जताई और इसे बिहार क्रिकेट के लिए गर्व का पल बताया। हर्षवर्धन ने इस बात पर जोर दिया कि साकिब का परफॉर्मेंस राज्य से उभर रहे खिलाड़ियों की बढ़ती ताकत और पोटेंशियल को दिखाता है और बिहार के क्रिकेटिंग इकोसिस्टम के लिए एक पॉजिटिव कदम है।

गोपालगंज जिले के रहने वाले और बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को रिप्रेजेंट करने वाले साकिब हुसैन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अपने डेब्यू पर शानदार परफॉर्मेंस दी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले ही मैच में, उन्होंने अपने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए, और अपनी टीम की जीत में अहम रोल निभाया। हर्षवर्धन ने कहा कि साकिब हुसैन को इस अचीवमेंट के लिए बहुत-बहुत बधाई। जिस तरह से उन्होंने अपने पहले ही आईपीएल मैच में बॉलिंग की, वह बिहार क्रिकेट के लिए एक पॉजिटिव साइन है। उनके परफॉर्मेंस से पता चलता है कि बिहार के प्लेयर्स में बड़े स्टेज पर परफॉर्म करने का पोटेंशियल है। हमें उम्मीद है कि वह भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन करते रहेंगे। इस बीच, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी जियाउल अरफीन ने भी साकिब के परफॉर्मेंस की तारीफ की और इसे पूरे बिहार क्रिकेट समुदाय के लिए गर्व की बात बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साकिब का सफर कड़ी मेहनत और डेडिकेशन का सबूत है और यह राज्य के कई यंग क्रिकेटरों को अपने सपने पूरे करने के लिए इंस्पायर करेगा। मैच में, साकिब हुसैन ने यशस्वी जायसवाल, डोनोवन फरेरा, जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई जैसे खास प्लेयर्स को आउट करके अपनी बॉलिंग काबिलियत दिखाई, जिससे बड़े स्टेज पर टॉप-लेवल कॉम्पिटिशन के खिलाफ परफॉर्म करने की उनकी काबिलियत का पता चला। एक मिडिल-क्लास फैमिली से आईपीएल में अपनी पहचान बनाने तक का साकिब हुसैन का सफर सच में इंस्पायरिंग है। अनुशासन और लगातार कोशिश से उनकी तरक्की न सिर्फ उनके अपने पक्के इरादे को दिखाती है, बल्कि बिहार में क्रिकेट के इंफ्रास्ट्रक्चर और मौकों की लगातार तरक्की को भी दिखाती है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने साकिब हुसैन को बधाई दी।

# दुनिया के बेस्ट खिलाड़ियों की बराबरी कर सकता हूं: आयुष

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के आयुष शेट्टी, जिन्होंने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 में एक शानदार हफ्ते के बाद सिल्वर मेडल जीता, को लगने लगा है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की बराबरी कर सकते हैं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, जिन्होंने निंगबो में फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में टॉप रैंक वाले अपोनेंट्स को हराया था,

टाइटल मुकाबले में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शी यूकी से हार गए, लेकिन इस हार का इस्तेमाल अपने खेल में कमियों पर सोचने के लिए किया। टूर्नामेंट के बाद एक इंटरव्यू में, शेट्टी ने अपने बदलते माइंडसेट, एक साइकोलॉजिस्ट और एक नए कोचिग सेटअप के साथ काम करने के असर, और बैडमिंटन में सबसे ऊंचे लेवल पर लगातार मुकाबला करने के लिए जरूरी एडजस्टमेंट के बारे में बात की। सवाल: टूर्नामेंट के दौरान आपके स्मैश और अटैकिंग इंटेंट शानदार थे, लेकिन फाइनल में, आपके अपोनेंट ने आपको लंबी रैलियां खेलने पर मजबूर कर दिया। क्या आपको लगता है कि अटैक से डिफेंस में आपका बदलाव एक ऐसा एरिया है जिस पर ध्यान



देने की जरूरत है? आयुष शेट्टी: फाइनल में, (शी यूकी) ने अपनी लेंथ परफेक्ट रखी और मुझे नेट पर हावी होने का मौका नहीं दिया। इसलिए मैं कोई अच्छा अटैकिंग चांस नहीं बना सका। इसलिए मुझे इस पर काम करने और ज्यादा सब्र रखने और लंबी रैली खेलने की जरूरत है। सवाल: आपने कुनलावुत विटिडसार्न (थाईलैंड के) के खिलाफ बहुत अच्छा सेमीफाइनल खेला और दूसरे गेम में वापसी की। शी यूकी के साथ भी ऐसा ही पैटर्न चल रहा था। तो सेमीफाइनल में आपके लिए क्या काम आया और फाइनल में आपके लिए क्या काम नहीं आया? आयुष शेट्टी: यह एक जैसा पैटर्न था। शी यूकी के खिलाफ मेरी अच्छी लीड थी लेकिन कुनलावुत विटिडसार्न के खिलाफ, मैं लंबी रैली खेलने के लिए तैयार था। उस मैच में मैं ज्यादा सब्र वाला था। शि यूकी के साथ, मैं तैयार था लेकिन जैसे ही मैंने उसे गेम में वापस आने का थोड़ा मौका दिया, उससे उसे अपना कॉन्फिडेंस वापस पाने का मौका मिला। मैं वहां थोड़ा बेसब्र हो गया और कुछ जल्दी, आसान पॉइंट्स लेने लगा।

तभी गेम बदल गया। सवाल: हाल के दिनों में आपका माइंडसेट कैसे बदला है? आयुष शेट्टी: मैं हमेशा दुनिया के बेस्ट प्लेयर्स में से एक बनना चाहता था। यह हमेशा मेरा सपना था और अब भी है। तब, मुझे इस पर उतना यकीन नहीं था जितना अब है। समय के साथ, मुझे सच में यकीन होने लगा और मुझे मेहनत करनी होगी। मैं इस पर सच में कड़ी मेहनत कर रहा हूं। सवाल: आपने अब तक अपने करियर में हाई-रैंक्ड अपोनेंट्स और कुछ बहुत बड़े नामों को हराया है। तो, यह बड़े मैच का टेम्परामेंट, यह नर्वसनेस, क्लच मोमेंट्स को संभालने की यह एबिलिटी कहां से आती है? आयुष शेट्टी: पिछले साल, मैं कुछ टॉप प्लेयर्स के खिलाफ जीता था और इसने एक इंपॉर्टेंट रोल निभाया। इसने मुझे कॉन्फिडेंस दिया कि मैं दुनिया के बेस्ट प्लेयर्स के साथ खेल सकता हूं।

# अंबेडकर पार्क में भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा ने किया माल्यार्पण, संगठन ने जारी किया स्पष्टीकरण

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभा के संस्थापक वीरेश फकीरचंद नागवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नागवंशी ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान और कानून के रूप में वह अधिकार दिए हैं, जिनकी वजह से आज हर नागरिक सम्मान और शांति के साथ जीवन जी पा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा का उद्देश्य बाबा साहब की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है और समाज को उनके बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करना है।उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब का जन्मदिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उनके सिद्धांत संकल्प लेने का दिन है। संगठन ने समाज के लोगों से अपील की कि वे अपने परिवार के साथ इस दिन को शांति और सम्मान के साथ मनाएं और सामाजिक एकता को मजबूत करें।इस दौरान संगठन की ओर से एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण भी जारी किया गया। बताया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर जसपाल सिंह वाल्मीकि को संगठन द्वारा पद से हटा दिया गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि उनका संगठन के किसी भी पद से अब कोई संबंध नहीं है और उन्हें संगठन से निष्कासित कर दिया गया है।संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि रजिस्ट्रेशन नंबर 78/23 एवं 428/25 से संबंधित किसी भी गतिविधि से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

## धूमधाम से मनाया गया डॉ.भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव, निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**मुरादाबाद।** महानगर में अखिल भारतीय अंबेडकर संघ के बैनर तले संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः सिविल लाइंस स्थित डॉ. अंबेडकर पार्क में बुद्ध वंदना से हुई, जिसके बाद दिनभर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण का सिलसिला जारी रहा।इसके उपरांत आयोजित विशाल जनसभा में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और सामाजिक समरसता के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त जीएसटी मिलिंद राय ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं और उनके आदर्शों को अपनाकर ही समतामूलक समाज की स्थापना संभव है।

मुख्य वक्ता डॉ. निखिल कुमार दास ने शिक्षा और जागरूकता को उनके विचारों की मूल भावना बताते हुए वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर जोर दिया।दोपहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा जीआईसी से शुरू होकर मंडी चौक, अमरोहा गेट, गंज गुरहट्टी होते हुए डिप्टी गंज पहुंची और अंत में पुनः अंबेडकर पार्क में जनसभा में परिवर्तित हो गई। शोभायात्रा में रानी झलकारी बाई, उधम सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, सावित्रीबाई फुले, गौतम बुद्ध और सम्राट अशोक की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें शहरवासियों ने सराहा। शाम को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मुरादाबाद में विशेष कैंसर ओपीडी की शुरुआत

**मुरादाबाद।** कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा एक्सटेंशन ने जिज्ञासा हॉस्पिटल के सहयोग से एक विशेष कैंसर




ओपीडी की शुरुआत की है। यह ओपीडी प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिज्ञासा हॉस्पिटल, रामपुर रोड, मुरादाबाद में संचालित की जाएगी।इस ओपीडी के माध्यम से मरीजों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान, आवश्यक जांच एवं आगे के उपचार के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, कैंसर की समय पर पहचान से उपचार की सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है। डॉ. अभिषेक राज, वरिष्ठ कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी, यथार्थ हॉस्पिटल नोएडा एक्सटेंशन ने कहा, कैंसर के इलाज में समय सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि बीमारी का पता शुरुआती चरण में चल जाए, तो इलाज अधिक प्रभावी और सफल हो सकता है।

डॉ. सी. पी. सिंह, चेयरमैन, जिज्ञासा हॉस्पिटल ने कहा, हमारा उद्देश्य मुरादाबाद और आसपास के लोगों तक कैंसर की समय पर जांच और विशेषज्ञ परामर्श को सहज रूप से उपलब्ध कराना है। क्या आप मुरादाबाद में कैंसर के इलाज के लिए अन्य विकल्पों के बारे में जानना चाहते हैं? या क्या आप इस ओपीडी के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं?

## बिलारी समाचार

### हादीपुर श्यामपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई



**भोजपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हादीपुर श्यामपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई, कार्यक्रम का संचालन मुनीराम कश्यप मंडल महामंत्री द्वारा किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत डॉ0 आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई, इसके सह संयोजक मंडल महामंत्री मुनिराम कश्यप, तथा संयोजक अर्पित कुमार रहे, इसमें उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे, इस अवसर पर वाल संरक्षण आयोग डॉ0 विशेष गुप्ता, ग्राम पंचायत सचिव सपना, मंडल अध्यक्ष वीरपाल सिंह, अर्पित पाल मंडल उपाध्यक्ष, अमरजीत मंडल उपाध्यक्ष, समरपाल मंडल उपाध्यक्ष, शुभम सैनी मीडिया प्रभारी, मंडल महामंत्री भाजपा मुनीराम कश्यप, जयप्रकाश सिंह महामंत्री, वीरू कुमार ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान अमरदेव, आकाश जाटव अनुसूचित मोर्चा महानगर मंत्री, एवं समस्त देव तुल्य कार्यकर्ता बंधुगण एवं समस्त ग्रामवासियों ने डॉ0 भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर फूल माला अर्पण कर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### नगरपालिका अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग

**भोजपुर।** नगर पंचायत में कुत्तों के आतंक से नगरवासी परेशान है अब तक बच्चों के साथ साथ बुजुर्गों को कुत्ते से काटने की कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं पैदल रास्ते पर चलना भी खतरे से खाली नहीं है नगरपंचायत भी इन कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने में हाथ



खड़े करते दिखाई दे रहे हैं सबसे ज्यादा समस्या स्कूल जाने वाले बच्चों की है पैदल रास्ते पर कुत्तों के झुंड देखकर बच्चे अकेले जाने से भी कतराने लगे हैं कुत्तों के आतंक के पीछे नगर पंचायत की उदासीनता भी काफी हद तक जिम्मेदार है नगरवासियों ने आज एकत्र होकर नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की नगर वासियों का कहना है कि मोहल्ला फतेहपुरी, मोहल्ला नवावपुर, मोहल्ला जमीदारान में दिन ओर रात आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है कुत्तो के डर से मंदिर मस्जिद ओर स्कूल जाने वाले बच्चे डरे ओर सहमे रहते हैं पहले भी कई लोगो पर हमला कर चुके हैं नगर वासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी नगर पंचायत अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं आवारा कुत्तों ने बच्चों और बड़ो का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर रखा है लोगों ने कहा है कि जल्दी ही इन आवारा कुत्तों से नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने निजात नहीं दिलाई तो नगर वासी सभासदों के साथ एकत्र होकर नगर पंचायत का घेराव करेंगे।

### एहसास सेवा संस्थान ने मनाई अंबेडकर जयंती

**मुरादाबाद।** एहसास सेवा संस्थान की जानिब से आज मुख्य कार्यालय पर अंबेडकर साहब की जयंती मनाई गई। काफी लोगों ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।हबीब फुरकान अहमद ने संचालन किया, सदारत नदीम मलिक ने की और इस्तकबाल डॉक्टर सफीक साहब ने किया। एडवोकेट मुख्तियार अहमद ने संविधान के बारे में बताया कि आज अगर बाबा साहब नहीं होते तो हमें संविधान के बारे में कुछ पता नहीं चलता। आज जो भी कुछ है, हम बाबा साहब की देन है।इस मोहिम में मौजूद रहे हबीब फुरकान अहमद, नदीम मलिक, मुख्तियार अहमद, डॉक्टर सफीक, रिजवान अहमद, हत्यारी अहमद आदि मौजूद रहे।

### मुरादाबाद में भव्य मुक्तक गोष्ठी का आयोजन

**मुरादाबाद।** राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति, मुरादाबाद के तत्वावधान में लाइनपार क्षेत्र में एक भव्य श्मुक्तक गोष्ठीश का सफल आयोजन किया गया। इस काव्य संध्या में शहर के प्रतिष्ठित साहित्यकारों और कवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्री योगेंद्र पाल विश्नोई ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्री ओंकार सिंह श्ओंकारश उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री रघुराज सिंह श्निश्चलश ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।काव्य धारा और संचालन कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रख्यात कवि श्री अशोक विद्रोही द्वारा किया गया। गोष्ठी का मुख्य आकर्षण कवियों द्वारा प्रस्तुत किए गए श्मुक्तकश रहे। कवियों ने शृंगार, वीर रस, और समसामयिक विषयों पर आधारित एक से बढ़कर एक मुक्तक प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी।

### निकाह का झांसा देकर लाखों की रकम हड़पी तहरीर पर मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाव की विवाहिता को निकाह का झांसा देकर लाखों की रकम हड़प ली और उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। जिसको वायरल करने की धमकी देकर कई बार शारीरिक संबंध भी बनाएं बाद में निकाह से इंकार कर दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। बिलारी थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती ने मुकदमा दर्ज कराया है कि 3 वर्ष पूर्व फेसबुक के माध्यम से उसकी जान पहचान बिलारी के मोहल्ला अंसारियान के कलीम अहमद पुत्र मकसूद अहमद के साथ हो गई थी, यह दोस्ती प्यार में बदल गई। वह सिलाई का काम करने का बहाना करके समय-समय पर पैसे की मांग किया करता था। विपक्षी के पास अश्लील वीडियो भी है। जिससे वह ब्लैकमेल कर रहा है। मामले में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

**कुंदरकी।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में



ग्रामीणों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब का संदेश षशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोष आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने जोर दिया कि एक शिक्षित और संगठित समाज किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम होता है। विधायक ने डॉ. अंबेडकर को एक महान विभूति बताया, जिनके कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा।उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों के लिए डॉ. अंबेडकर के अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। विधायक कुंदरकी ने आगे बताया कि बाबा साहब के प्रयासों से ही महिलाओं को शिक्षा, सम्मान और बराबरी का अधिकार मिल पाया, जिससे उनकी पूर्व की कमजोर स्थिति में सुधार आया।

## टिमिट में 'विमेन एम्पावरमेंट टॉक' का आयोजन छात्राओं को मिला आत्मविश्वास का संदेश




**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के अंतर्गत टिमिट, कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में "विमेन एम्पावरमेंट टॉक" का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, मानसिक सशक्तिकरण और जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम का मुख्य विषय रिवायरिंग द माइंड: दि साइकोलॉजी ऑफ वूमेन रहा, जिसमें महिलाओं के मानसिक सशक्तिकरण और सोच में सकारात्मक बदलाव लाने पर विशेष चर्चा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट श्रीमती राशि मुद्गल उपस्थित रहीं।श्रीमती राशि मुद्गल ने अपने संबोधन में बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण की शुरुआत उनके विचारों से होती है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं अपने मन की नकारात्मक सोच को बदलकर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाती हैं, तो वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं।

## सत्ता जब जाने लगी संविधान की याद आने लगी : जयवीर यादव

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान से ही देश चलें, क्योंकि संविधान ही संजीवनी है और संविधान ही ढाल है।उन्होंने कहा कि जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा, तब तक हम सबका मान-सम्मान-स्वाभिमान और अधिकार सुरक्षित रहेगा। पूर्व प्रत्याशी लाखन सिँह सैनी ने कहा कि स्वाभिमान-स्वमान के माध्यम से ही पीडीए समाज के लोग अपनी निर्णायक शक्ति हासिल करके उत्पीड़न, अत्याचार और पीड़ा से मुक्त होकर, स्वाभिमान से जीने का हक और अधिकार पा पाएंगे।जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक आदिवासी भाई तो हैं ही शामिल इसमें लेकिन जो पीड़ित दुखी और अपमानित हैं वो भी PDA में शामिल हैं।

पूर्व विधायक हाजी रिजवान ने कहा कि भाजपाई संविधान को नहीं मानते हैं, बाबा साहब का दिया संविधान बदलना चाहते हैं और अपने मन विधान से चलना चाहते हैं।




# अंबेडकर जयंती पर महानगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

**मुरादाबाद।** महानगर में अखिल भारतीय अंबेडकर संघ के बैनर तले संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुगलपुरा स्थित जीआईसी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया।शोभायात्रा जीआईसी से प्रारंभ होकर मंडी चौक, अमरोहा गेट, गंज गुरहट्टी होते हुए डिप्टी गंज पहुंची और अंत में अंबेडकर पार्क में जनसभा में परिवर्तित हो गई। यात्रा के दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और बाबा साहब के जयकारों से वातावरण गूंज



उठा।शोभायात्रा में विभिन्न ऐतिहासिक और सामाजिक महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। रानी झलकारी बाई, उधम सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, सावित्रीबाई फुले, गौतम बुद्ध और सम्राट अशोक की झांकियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी और सभी ने इनकी सराहना की।सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जीआईसी परिसर और पूरे रूट पर पुलिस बल तैनात रहा। सीओ कोतवाली सुनीता दहिया ने स्वयं पुलिस टीम के साथ मौजूद रहकर शोभायात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। इस अवसर पर आदीश कुमार जैन एडवोकेट, पारूल अग्रवाल (जैन) एड. आदि थे।

## तहसील बिलारी में सम्मान समारोह आयोजित, लगभग 100 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान

**बिलारी।** तहसील बिलारी के सभागार में मंगलवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026, अरिल नदी पुनर्जीवन अभियान तथा फार्मर रजिस्ट्रेशन अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तहसील सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया कि संबंधित कर्मियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, नदी पुनर्जीवन प्रयासों एवं कृषक पंजीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में सराहनीय योगदान दिया है, भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों को और अधिक निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने के लिए प्रेरित होते हैं। सभी ने इस कार्यक्रम के लियें विनय कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया।

## निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ भाकियू अराजनीतिक का धरना, वार्ता के बाद समाप्त

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) द्वारा निजी स्कूलों की कथित मनमानी के विरोध में नगर के गांधी पार्क में चल रहा धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रारंभिक स्तर पर सुनवाई न होने पर संगठन के पदाधिकारियों ने अनशन शुरू कर दिया था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि निजी स्कूल ड्रेस, किताबें और री-एडमिशन फीस के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। संगठन ने चेतावनी दी थी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 16 अप्रैल को महापंचायत आयोजित की जाएगी। अनशन पर तहसील मीडिया प्रभारी राजकुमार कश्यप, जिला महासचिव रमाकांत सैनी एवं जिला उपाध्यक्ष ललित यादव बैठे। धरना स्थल पर जिलाध्यक्ष सतीश चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष अंकुर चौधरी, तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, दिनेश शर्मा, मोहम्मद वसीम, सलीम अहमद, खिलेंद्र सिंह, मनवीर सिंह यादव, राजवीर सिंह यादव सहित भाकियू मुलायम गुट



की नगर अध्यक्ष रोशन वारसी, गुलफाम वारसी, रुखसाना, नाजिया, फिरदौस, सलमा जमीला, अंजुम, राबिया, मकसूदी, शहनाज बी तथा नागरिक परिषद के राकेश, रफीक, प्रेम कुमार आदि ने समर्थन दिया। अभिभावकों की समस्याओं के समाधान हेतु दोनों खंड शिक्षा अधिकारियों के स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। प्रशासन के आश्वासन के बाद उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह एवं जिलाध्यक्ष सतीश चौधरी ने अनशन पर बैठे पदाधिकारियों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर सपा विधायक ने दिलाया नशा मुक्ति और शिक्षित होने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र बिलारी के दर्जन भर गांवों में बाबा भीमराव अम्बेडकर साहब के जयंती पर लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित बनाने और नशा से मुक्ति दिलाने का संकल्प दिलाया। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने बोलते हुए कहा कि बाबा भीमराव अम्बेडकर ने देश को ऐसा संविधान दिया जो हमें कई अधिकार दिलाता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। वे एक गरीब परिवार से थे और बचपन में उन्हें



जातिवाद और भेदभाव का गहरा अनुभव हुआ, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और कठिन संघर्षों के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई की और अपने ज्ञान से पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। इस दौरान मुख्य रूप से अमित जाटव, अरविंद जाटव, भूप सिंह प्रधान, अरविंद सिंह, रविन्द्र प्रधान, सोनू राठौर, अशोक प्रधान , दारा सिंह, फिरासत, राजेश कुमार, मुकेश यादव, मंजीत, जिशान प्रधान, गफ्फार प्रधान, अमित जाटव, सलिम मालिक, छत्रपाल , राहुल, जगत सिंह आदि मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम, संविधान के मूल्यों पर चलने का संकल्प

**बिलारी।** आज मंडल बिलारी स्थित अंबेडकर पार्क में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव एवं मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता (एडवोकेट) ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उपस्थित जनसमूह ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, नगर पालिका परिषद बिलारी के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर, अभिलाष गौड़, प्रशांत चौधरी, रविंद्र चौधरी, गीता कोहली, श्रीकांत गुप्ता, निखिल पांडे, गिरीश, मेघपाल सिंह, निहाल सिंह, शरद गुप्ता, काशीराम जाटव, यादराम, अनिल कुमार, रामनिवास शर्मा, पवन शर्मा, उदयराज सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें,
अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# युद्ध या बातचीत!

अमेरिका ने अपनी तय घोषणा के अनुसार होर्मुज की नाकाबंदी तो कर दी, लेकिन शायद उसके समझ में नहीं आ रहा है कि उस पर अमल कैसे किया जाए, क्योंकि यदि वह इस पर अमल करता है, तो वर्ल्ड वॉर 3 का अंदेशा बढ़ जाएगा। इसकी शुरुआत होती भी दिखाई दे रही है। चीन ने नाकाबंदी को धता बताते हुए ईरान से तेल खरीदना जारी रखा और नाकाबंदी के बीच ही उसका एक जहाज होर्मुज से गुजरा। जब यह जहाज गुजर रहा था, तो अमेरिकी नेवी मूकदर्शक की तरह उसे जाते हुए देख रही थी। किसी की हिम्मत उसे रोकने की नहीं हुई। बात इतनी ही नहीं है चीन ने नाकाबंदी को लेकर तीखी प्रतिक्रिया भी दी है और कहा है कि अमेरिका उसके मामलों में दखल न दे। दिलचस्प यह है कि यह तमाम कार्रवाई ऐसे समय में हो रही है जब इस्लामाबाद शांति वार्ता बेनतीजा समाप्त होने के बाद फिर से बातचीत के प्रयास भी जारी होते दिखाई दे रहे हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि यह बातचीत 16 अप्रैल को हो सकती है। हालांकि अभी तक यह तय नहीं है कि यह बातचीत कहां होगी। चर्चा यह भी चल रही है कि पाकिस्तान फिर से मेजबानी करने के लिए तैयार दिखाई दे रहा है और उसने इसकी पेशकश भी कर दी है, लेकिन अभी इस पर अंतिम फैसला नहीं हो सका है। इस समय जिस तरह के हालात हैं वास्तव में बहुत पैचीदा हैं और कोई भी पक्के तौर पर इसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता। अब आगे आखिर क्या होने जा रहा है। नि:संदेह यह पूरी दुनिया के लिए बेहद डरावना समय है। इस समय अगर युद्ध भड़कता है, तो यह पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले सकता है। चीन, रूस इस समय काफी आक्रामक दिखाई दे रहे हैं और ईरान के साथ खड़े होने का दंभ भर रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ नाटो देश तुर्की ने सीधे इस्राईल को चेतावनी दे डाली है कि वह उस पर कभी भी हमला कर सकता है। तुर्की के राष्ट्रपति अरदोगन ने इस्राईल प्रधानमंत्री नेतन्याहू को हिटलर तक कह डाला। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय जो परिस्थितियां हैं, उसकी जिम्मेदारी सीधे नेतन्याहू और ट्रम्प पर आती है। उन्हीं के क्रियाकलापों ने आज दुनिया को एक अंधेरी सुरंग में डाल दिया है। जहां से निकलने का कोई रास्ता कम से कम इस समय तो दिखाई नहीं दे रहा है। यह स्थिति अगर लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह दुनिया के लिए बेहद भयंकर हालात पैदा कर सकती है, जिसकी कल्पना भी शायद किसी ने की हो, क्योंकि बताया जाता है कि आज कुछ देशों के पास इतना गोला बारूद है कि वह दुनिया को तीन-चार बार समाप्त कर सकते हैं। अभी भी समय है कि शांति की ओर लौटा जाए और यह इस पर निर्भर करता है कि आज जो विश्व के नेता हैं, वह अपनी जिम्मेदारी को ठीक से निभा पाते हैं या नहीं।

## यही है विकसित भारत का सच



आसमान छूती महंगाई के साथ मजदूरी बढ़ाने की बात वाजिब है और नोएडा में श्रमिकों की इस मांग पर संवेदनशीलता के साथ ध्यान दिया जाना चाहिए, जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, उसके अनुसार उनकी न्यूनतम मजदूरी भी बढ़नी चाहिए, कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वह इस देश के श्रमिकों की आखिरी पुकार थी-जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 रुपये मासिक आय में से 4,000-7,000 रुपये किराए में चले जाते हैं, जब तक 300 रुपये की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक 500 रुपये सालाना किराया बढ़ा देता है, आय बढ़ने से पहले ही यह बेलगाम महंगाई जीवन का गला घोंट देती है और कर्ज की गहराई में डुबो देती है, यही है विकसित भारत का सच

**-राहुल गांधी, पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस**

# क्या सभ्यताओं का संघर्ष है ईरान का अमेरिका से युद्ध





**तनवीर जाफरी**

**फ्रांस, स्पेन, इटली जैसे कई ईसाई बाहुल्य देशों ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की आलोचना कर यह जता दिया कि यह ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़ा दो अलग अलग सभ्यताओं का संघर्ष कतई नहीं। इसी तरह सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, कुवैत, जॉर्डन, मिस्र व मोरक्को जैसे अनेक मुस्लिम बाहुल्य देशों ने परोक्ष या अपरोक्ष रूप से यहां तक कि अपने देशों में अमेरिकी व अन्य पश्चिमी देशों के सैन्य अड्डे उपलब्ध कराकर ईरान की खुलकर मुखालिफत भी की।**

अमेरिका -इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध को विश्व राजनीति में अनेक दृष्टिकोणों से परिभाषित किया जा रहा है। अनेक अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों की राय है कि यह युद्ध अमेरिका द्वारा विश्व की तेल संपदा पर नियंत्रण करने की एक जानी पहचानी चाल है जिसे ईरान पर परमाणु हथियार निर्मित करने के प्रयासों के बहाने युद्ध के रूप में अंजाम दिया जा रहा है। कुछ का मत है कि यह शस्त्र निर्माता देशों द्वारा अपने हथियार बेचने व खपाने की खातिर लड़ा जा रहा युद्ध है। कुछ इस युद्ध को इस्राईल की गहरी चाल बता रहे हैं क्योंकि इस्राईल ईरान को अपने सपनों के ग्रेटर इस्राईल के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा समझता है। जबकि कुछ इस युद्ध को ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े युद्ध के नजरिए से भी देख रहे हैं। तो क्या इस युद्ध को अन्य कारणों के अतिरिक्त ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े दो अलग अलग सभ्यताओं के संघर्ष की अवधारणा के रूप में भी देखा जा सकता है? क्या है और कहां से शुरू हुई सभ्यताओं का संघर्ष की यह अवधारणा?

दरअसल सबसे पहले यह विचार सैमुअल पी. हंटिंगटन ने 1993 में फॉरन अफेयर पत्रिका में प्रकाशित अपने लेख द क्लेश ऑफ सिविलाइज.शन के माध्यम से व्यक्त किए थे। बाद में उनके यही विचार 1996 में उनकी चर्चित पुस्तक The Clash of Civilizations and the Remaking of World Order में प्रस्तुत किए गए। सैमुअल पी. हंटिंगटन राजनीति शास्त्र के एक प्रमुख अमेरिकी विद्वान और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर थे। उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में लगभग 58 वर्ष तक अध्यापन का कार्य किया। सभ्यताओं के संघर्ष का सिद्धांत उन्हीं के द्वारा व्यक्त किया गया विचार है जिसे हंटिंगटन के सिद्धांत के रूप में भी जाना जाता है। यह थ्योरी अमेरिका में हुए 9/11 के हमलों के बाद और भी चर्चित हुई और आज भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में इसका समय समय पर जिक्र होता रहता है। वर्तमान अमेरिका -इस्राईल -ईरान युद्ध के दौरान इस तरह की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। तो क्या अमेरिका द्वारा मध्य एशिया पर थोपी गई जंग को ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़ी दो अलग अलग सभ्यताओं के संघर्ष के रूप में परभाषित किया जा सकता है या परिभाषित किया जाना चाहिए?

सबसे पहले तो यदि मुख्य रूप से मध्य एशिया में युद्धरत इन तीन देशों को ही देखें तो ईरान जहां शिया मुस्लिम बाहुल्य देश है वहीं इस्राईल एक यहूदी बाहुल्य मुल्क है जबकि युद्ध में उसका मुख्य सहयोगी अमेरिका एक ईसाई देश है। परन्तु इन तीनों ही देशों की सेनाओं में प्रत्एक धर्मों के लोग देखे जा सकते हैं। जहां इस्राईल की सेना इस्राईल डिफेंस फोर्सेज IDF में आज भी अरब व ईसाई मूल के लोग बड़ी संख्या में स्वेच्छा से अपनी सेवाएं दे रहे हैं वहीं अमेरिका में भी हजारों मुस्लिम अमेरिकी सेना का हिस्सा हैं। यहां तक कि अमेरिका में कई महत्वपूर्ण अधिकारी स्तर के पदों पर भी कई मुस्लिम तैनात हैं। इसी तरह ईरान की सेना में भी ईसाई और यहूदी दोनों ही मूल के सैनिक कार्यरत हैं। वैसे भी चूंकि ईरान में 18 वर्ष से ऊपर के सभी पुरुष नागरिकों के लिए 2 साल की अनिवार्य सैन्य सेवा है, जिसमें ईसाई, आर्मेनियन और असिरियन, यहूदी और जोरोस्ट्रियन जैसे सभी मान्यता प्राप्त धार्मिक अल्पसंख्यक भी शामिल हैं। पिछले दिनों अमे. रिका ईरान युद्ध के दौरान भी एक ईसाई ईरानी सैनिक के शहीद होने पर ईरानी सत्ता प्रमुख स्व सैय्यद अली खामनेई ने उस ईसाई फौजी अधिक.ारी के घर पहुंचकर उसके परिवार को सांत्वना दी थी जिसकी वीडिओ काफी वायरल हुई थी। अब यदि इसी मध्य एशिया युद्ध को और बड़े सन्दर्भ में देखें तो भी हमें ऐसा कुछ भी नजर नहीं आता जिससे इसे ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े सभ्यताओं के संघर्ष के रूप में वर्णित किया जा सके। वर्तमान ईरान-यूएस/इस्राईल युद्ध में ईरान को राजनयिक और राजनीतिक समर्थन देने वाले बड़े देशों में रूस का नाम प्रमुख रूप से लिया जा सकता है। रूस ने ईरान को वायु रक्षा, ड्रोन तकनीक और अन्य उपकरणों की आपूर्ति की जिससे ईरान को आत्मरक्षा में भी आसानी हुई और वह इस्राईल व अमेरिकी ठिकानों पर भी कारगर हमले कर सका। जबकि रूस में भी सबसे बड़ा धर्म ईसाई धर्म है। खास तौर पर यहां रूढ़िवादी ईसाई रूस की कुल आबादी का लगभग 60-70 प्रतिशत हैं। यदि यह युद्ध सभ्यताओं का संघर्ष होता तो उस लिहाज से रूस ईसाई बाहुल्य अमे. रिका के साथ खड़ा नजर आता न कि मुस्लिम बाहुल्य देश ईरान के साथ? इसी तरह चीन ने भी इस युद्ध के दौरान आयरन डोम से लेकर अत्याधु. निक संचार व सूचना प्रणाली तक सब कुछ मुहैय्या कराया। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी रूस व चीन ईरान के साथ मजबूती से खड़े रहे। चीन भी आधिका. रिक तौर पर एक नास्तिक व धर्म निरपेक्ष देश है परन्तु यहां सबसे बड़ी धार्मिक आबादी बौद्ध धर्म, ताओवाद और कन्फ्यूजियसवाद के अनुयायियों की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल में दिखने लगा बालेन सरकार का असर

**पूर्व के राजदूतों की वापसी और नए की नियुक्ति प्रक्रिया में करीब एक माह तक समय लग सकता है। इस बीच नए राजदूतों के चयन को लेकर सत्ता रूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के भीतर मंथन का दौर जारी है। चर्चा है कि प्रधानमंत्री बालेन शाह, गृहमंत्री सुडान गुरुंग और पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने के बीच राज. दूतों की नियुक्ति को लेकर लगातार बैठकें चल रही है। प्रधानमंत्री बालेन शाह और गृहमंत्री सुडान गुरुंग चाहेंगे कि इस पद पर राजनीतिक नियुक्तियां कम से कम हों ताकि नेताओं की सिफारिश जैसी स्थिति से बचा जा सके।**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में बालेन सरकार के करीब एक पखवारे ही हुए, इस बीच उनके कार्यशैली को देखें तो कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में निश्चित ही ढेर सारे ऐसे निर्णय लिए जा सकते हैं जो परिवर्तन का संदेश देते हों। वे चाहे शिक्षा से जुड़े हुए फैसले हों, महिला अधिकार की हो या पलायन, रोजगार और विदेश नीति से जुड़े हुए फैसले हों। एक पखवाड़े के भीतर ही अपने मंत्रिमंडल के एक सहयोगी को रुखसत कर उन्होंने अन्य मंत्रियों को सख्त संदेश भी दे दिया है।

बालेन सरकार ने जवाबदेही और जिम्मेदारी की एक स्पष्ट मिसाल पेश करते हुए श्रम, रोजगार तथा सामा. जिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया है, जबकि स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को कड़ी चेतावनी दी गई है। सत्ता रूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामि छाने की लिखित सिफारिश में श्रम मंत्री पर पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया था।

खबर के अनुसार दीपक कुमार साह ने अपनी पत्नी को लंबे समय से निष्क्रिय पड़े स्वास्थ्य बीमा बोर्ड में सदस्य के रूप में सक्रिय कराकर अपने अधिकारों का दुरूपयोग किया। मंत्री बनने के महज 15 दिन के भीतर ही साह को पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि सरकार और पार्टी नेतृत्व भ्रष्टाचार या पद के दुरूपयोग पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है। अपने मंत्रालय के प्रति अपेक्षित गंभीरता न दिखाने पर स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता को भी औपचारिक रूप से चेतावनी दी गई है, जिसे सरकारी हलकों में एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अनुशासन और पारदर्शिता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बालेन शाह के विदेश नीति पर भी दुनिया के करीब 182 देशों की नजर है जहां से नेपाल के राजनयिक संबंध हैं। इसी के साथ इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि बालेन शाह बतौर नेपाली पीएम अपनी पहली विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देते हैं। पूर्व की सरकारों के प्रधानमंत्री अमूमन चीन अथवा भारत को अपनी प्राथमिकता में रखते थे। बालेन सरकार की अभी तक जो कार्यशैली दिख रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वे अपनी विदेश नीति को लेकर काफी गंभीर है। संभवत: इसी उद्देश्य से हाल उन्होंने सिंह दरबार में विद.ेशों में तैनात अपने राजदूतों की मीटिंग ली है। आम तौर पर ऐसा नहीं होता रहा है। पूर्व की परंपरा यह थी कि प्रधानमंत्री अपने राजदूतों से अलग अलग मुलाकात करते थे। फिलहाल लोकतंत्र बहाली के बाद 2006 से तो यही परंपरा रही है। बालेन शाह का सामूहिक रूप से राजदूतों से मिलने का मकसद यही हो सकता है कि वे अपने विदेश नीति को और सुदृढ़ बनाने के पक्ष में हैं। राजनीतिक क्षेत्र से पूर्व की ओली सरकार में नियुक्त राजदूतों को वापस बुलाने के पीछे का उद्देश्य भी यही है। बालेन सरकार ने अभी भारत सहित छह देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी किया है। इसके पहले ऐसी ही नियुक्ति वाले 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश कार्की सरकार ने जारी किया था। ओली सरकार के कार्यकाल में राजनीतिक हलकों से 31 देशों में राजदूत नियुक्त हुए थे। आने वाले कुछ दिनों में अन्य देशों के राजदूतों में बदलाव संभव है। किसी भी देश में राजदूतों की नियुक्तियां प्राय: सत्ता दल की मर्जी पर ही होते हैं।

इनमें ज्यादातर नियुक्तियां राजनीतिक होती और कुछ ब्यूरोक्रेट्स आधारित होती है। राजदूतों की नियुक्ति में यही प्रक्रिया नेपाल की भी है। अभी जिन देशों के राज. दूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ है उसमें भारत, चीन, अमेरिका, जापान,यूके,और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन देशों के राजदूतों को एक महीने के भीतर नेपाल वापस आना होगा। इसके पहले रूस,सउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, लंका,स्पेन, जर्मनी,दक्षिण कोरिया,कतर, डेनमार्क और मलेशिया के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ था। नेपाल के 182 देशों से राजनयिक संबंध हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बैसाखी : कृषि, क्रांति और खालसा का त्रिवेणी संगम



**श्वेता गोयल**

भारत की मिट्टी केवल अन्न नहीं उपजाती बल्कि उत्सव, पराक्रम और त्याग की गाथाएं भी रचती है। भारत जैसे कृषि प्रधान राष्ट्र में, जहां लोक-जीवन ॠतुओं के चक्र के साथ कदमताल करता है, 'बैसाखी' भारतीय आत्मा के पुनर्जागरण का पर्व है। यह पर्व उस समय आता है, जब प्रकृति अपना श्रृंगार पूर्ण कर चुकी होती है और किसान की मेहनत स्वर्ण-कणों द्धगेहूं की फसलऋ के रूप में खेतों में लहलहाने लगती है। लेकिन बैसाखी का फलक केवल कृषि तक सीमित नहीं हैय यह कृषि से शुरू होकर 'खालसा' के शौर्य और स्वतंत्रता संग्राम के बलिदान तक विस्तृत है। बैसाखी का पर्व भारतीय जनमानस की आत्मा, विशेषकर किसान के पसीने की खुशबू और सिखों के गौरवशाली इतिहास का एक अनूठा संगम है।



कृषि प्रधान भारत में बैसाखी का सीधा और गहरा संबंध फसलों के पकने और प्रकृति के उल्लास से है। जब चौत्र मास की विदाई होती है और वैशाख का आगमन होता है, तब पंजाब और हरियाणा के खेतों में गेहूं की सुनहरी बालियां हवा के झोंकों के साथ झूमने लगती हैं। यह किसान की साल भर की मेहनत के सफल होने का प्रतीक है। किसान जब अपनी लहलहाती फसल को देखता है तो उसका हृदय कृतज्ञता और उल्लास से भर जाता है। यही वह क्षण होता है, जब ढोल-नगाड़ों की थाप पर पंजाब के गबरू और मुटियारे भांगड़ा और गिद्दा के रूप में अपनी खुशी का इजहार करते हैं। पारम्परिक पोशाकों की रंगीनी और गुरुद्वारों में जलने वाली दीपमालाएं इस पर्व को एक अलौकिक आभा प्रदान करती हैं। यद्यपि बैसाखी को विशेष रूप से पंजाब का त्योहार माना जाता है परंतु वास्तव में इसकी जड़ें संपूर्ण भारतवर्ष में फैली हुई हैं। यह पर्व भौगोलिक सीमाओं को लांघकर देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी विशिष्ट पहचान के साथ मनाया जाता है। उत्तर भारत की भांगड़े की गूंज जहां इसे ऊर्जा से भर देती है, वहीं पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' या 'पोइला बैसाखी' के रूप में नव वर्ष की शुरुआत मानकर मनाया जाता है। दक्षिण भारत के केरल में यही पर्व 'विशू' के नाम से जाना जाता है, जहां लोग समृद्धि की कामना के साथ नए साल का स्वागत करते हैं। असम के सुदूर क्षेत्रों में यह 'बिहू' की सुरीली धुनों में समाहित हो जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, यह दिन अत्यंत पवित्र है क्योंकि हजारों साल पहले इसी तिथि पर मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। यही कारण है कि इस दिन गंगा के तटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है और पवित्र नदियों में स्नान कर दान-पुण्य की परंपरा निभाई जाती है।

बैसाखी का धार्मिक और आध्यात्मिक पक्ष जितना समृद्ध है, इसका ऐतिहासिक पक्ष उतना ही गौरवशाली और साथ ही मर्मस्पर्शी भी है। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह जी ने सन् 1699 में इसी दिन आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध लड़ने के लिए एक ऐसे समाज की रचना की, जो निर्भय, अनुशासित और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित हो। गुरु जी ने 'पंच प्यारों' के माध्यम से मानवता को यह संदेश दिया कि बलिदान ही राष्ट्र और धर्म की रक्षा का सबसे बड़ा मार्ग है। इसीलिए सिख समुदाय के लिए यह दिन केवल फसल का उत्सव नहीं बल्कि उनके आत्म-सम्मान और शौर्य के पुनर्जन्म का दिन है।

इतिहास के पन्नों को पलटें तो 13 अप्रैल 1919 का दिन बैसाखी की खुशियों पर एक काले साए की तरह दिखाई देता है। अमृतसर का जलियांवाला बाग आज भी उन अनगिनत शहीदों की चीखों का साक्षी है, जिन्होंने रोलट एक्ट जैसे काले कानून के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर हजारों निहत्थे भारतीय वहां शांतिपूर्ण सभा के लिए एकत्रित हुए थे लेकिन जनरल डायर की क्रूरता ने बैसाखी के उत्सव को रक्त रंजित कर दिया। बिना किसी चेतावनी के चलाई गई अंधाधुंध गोलियों ने सैंकड़ों भारतीयों के सीने छलनी कर दिए। यह हत्याकांड ब्रिटिश हुकूमत के जुल्मों की चरम सीमा थी, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की मशाल को और अधिक प्रज्वलित कर दिया। बाद में वीर उधम सिंह ने जनरल डायर को मारकर इस राष्ट्रीय अपमान का प्रतिशोध लिया, जो बैसाखी के प्रति एक क्रांतिकारी श्रद्धांजलि थी।

ज्योतिषीय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी बैसाखी का विशेष महत्व है। बैसाखी का दिन एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना का सूचक है। इस दिन सूर्य अपनी प्रथम राशि मेष में प्रवेश करता है, जिसे 'मेष संक्रांति' कहा जाता है। यह वह समय होता है, जब सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिंदु पर पहुंच जाता है, जिससे शीत ॠतु का प्रभाव पूर्णत: समाप्त हो जाता है, प्रकृति में नवजीवन का संचार होने लगता है और ग्रीष्म का आगमन होता है। सौर वर्ष के इस आरंभ को समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। यह दिन कालचक्र के नवीन आरंभ का सूचक है। अंतत:, बैसाखी केवल एक त्यौहार नहीं है बल्कि यह संघर्ष, संस्कृति और समर्पण का अद्भुत समागम है। यह पर्व हमें यही संदेश देता है कि जहां परिश्रम का सम्मान है, वहां उल्लास का वास होता हैय जहां अन्याय के विरुद्ध लड़ने का साहस है, वहां खालसा का वास होता है और जहां राष्ट्र के प्रति प्रेम है, वहां बलिदान की अमर गाथाएं लिखी जाती हैं। यह पर्व हमें गुरु गोबिन्द सिंह जी जैसे महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में उतारने और राष्ट्र में शांति, सद्भावना तथा भाईचारे के नए युग की शुरुआत करने की प्रेरणा देता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और समाज के कल्याण हेतु सार्थक पहल करने का संदेश देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पश्चिम बंगाल। विधानसभा चुनाव से पहले हावड़ा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान, पार्टी के उम्मीदवार राणा चटर्जी के साथ शिबपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार करते हुए।

## पत्नी से तलाक के बाद गूगल जेमिनी को पत्नी मानने लगा युवक, आत्महत्या की


**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में गूगल के एआई चौटबाट जेमिनी से लगाव एक युवक की मौत की वजह बन गया। 36 साल के जोनाथन गावलस अपनी पत्नी से अलग होने के बाद अकेलेपन में एआई से बात करने लगे थे। धीरे-धीरे यह बातचीत एक काल्पनिक रिश्ते में बदल गई। उन्होंने चौटबाट को 'शिया' नाम दिया और उसे अपनी पत्नी की तरह मानने लगे।

# होर्मुज स्ट्रेट से 34 जहाज गुजरे: ट्रम्प

### ट्रम्प का दावा: ईरान सैन्य और अन्य रूप से 'पूरी तरह से तबाह' हो चुका है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से 34 जहाज गुजरे हैं, जो नाकेबंदी शुरू होने के बाद से अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। ट्रम्प एक बार फिर दावा किया कि ईरान सैन्य और अन्य रूप से 'पूरी तरह से तबाह' हो चुका है।

इसके साथ ही उन्होंने मीडिया, विशेष रूप से न्यूयॉर्क टाइम्स पर 'फर्जी खबरें' फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे यह दिखा रहे हैं कि ईरान जीत रहा है या बेहतर स्थिति में है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि इस तथ्य के बावजूद कि ईरान सैन्य और अन्य रूप से पूरी तरह से तबाह हो चुका है, असफल होते न्यूयॉर्क टाइम्स को पढ़ने वालों को लगेगा कि ईरान वास्तव में जीत रहा है या कम से कम काफी अच्छा कर रहा है, लेकिन यह सच नहीं है। ट्रम्प ने



■ इसके साथ ही ट्रम्प ने 158 जहाजों का आंकड़ा भी दिया था

कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स जानता है कि यह फर्जी खबर है। उन्होंने सवाल किया कि यह भ्रष्ट मीडिया संस्थान मेरे, मेरे समर्थकों और हमारे देश के खिलाफ अपने झूठ और भयानक कृत्यों के लिए कब माफी मांगेगा? अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया था कि ईरान की नौसेना 'समुद्र के तल में पड़ी है, पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है'। इसके साथ ही उन्होंने 158 जहाजों का आंकड़ा भी दिया था। ट्रम्प ने कहा कि हमने उनके उन छोटे जहाजों को नहीं मारा है जिन्हें वे 'फास्ट अटैक शिप' कहते हैं, क्योंकि हमने उन्हें बड़ा खतरा नहीं माना। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इनमें से कोई भी जहाज अमेरिकी नाकेबंदी के करीब आया, तो उन्हें तुरंत खत्म कर दिया जाएगा।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखना जरूरी: संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सभी पक्षों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता का सम्मान बनाए रखने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस जलडमरूमध्य में समुद्री व्यापार में व्यवधान का असर क्षेत्र से बाहर भी पड़ा है और इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता तथा विभिन्न क्षेत्रों में असुरक्षा बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि मौजूदा संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है और कूटनीतिक प्रयासों को जारी रखना जरूरी है। उन्होंने इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई वार्ता को 'सकारात्मक कदम' बताते हुए कहा कि युद्धविराम बनाए रखना और उल्लंघनों को रोकना आवश्यक है। गुटेरेस ने कहा कि गहरे मतभेदों के कारण समझौता तुरंत संभव नहीं है, लेकिन रचनात्मक बातचीत जारी रहनी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान, सऊदी अरब, मिस्र और तुर्की सहित मध्यस्थ देशों के प्रयासों की सराहना की।

# अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी संप्रभुता का घोर उल्लंघन: ईरान

### यूएन में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि ने महासचिव गुटेरेस व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र

### शुरुआती अनुमानों के अनुसार अमेरिकी-इजरायली हमले में ईरान को लगभग 270 अरब डॉलर का नुकसान: ईरान

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने अमेरिका द्वारा उसके बंदरगाहों की कथित नौसैनिक नाकेबंदी की कड़ी निंदा करते हुए इसे उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का 'घोर उल्लंघन' बताया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र में इस कदम को 'अवैध आक्रामक कार्रवाई' करार दिया, जो क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए खतरा है।

इरावानी ने कहा कि 12 अप्रैल को यूएस सेंट्रल कमांड द्वारा घोषित यह नाकेबंदी संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत 'आक्रामकता का स्पष्ट उदाहरण' है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम ईरान के बंदरगाहों से आने-जाने वाले समुद्री यातायात को रोकने का प्रयास है, जिससे न केवल ईरान के संप्रभु अधिकारों में हस्तक्षेप हो रहा है, बल्कि तीसरे देशों और वैध समुद्री व्यापार के अधिकारों का भी उल्लंघन हो रहा है। ईरानी दूत ने चेतावनी दी कि तेहरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए 'सभी आवश्यक और उचित कदम' उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप कर नाकेबंदी की निंदा करने और क्षेत्र में बढ़ते तनाव को रोकने की अपील की है। इस बीच, अमेरिकी नौसेना ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है, जिसमें यूएसएस अब्राहम लिकन सहित कई युद्धपोत और 11 विध्वंसक तैनात हैं। हालांकि, ऑपरेशन में शामिल जहाजों की सटीक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में सप्ताहांत में हुई वार्ता विफल रहने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी को मंजूरी दी।



■ अमेरिकी नौसेना ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है, जिसमें यूएसएस अब्राहम लिकन सहित कई युद्धपोत और 11 विध्वंसक तैनात हैं

इसके अलावा, ईरान ने बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन से भी मुआवजे की मांग की है। ईरान का आरोप है कि इन देशों ने अमेरिका-इजराइल अभियान में भूमिका निभाई और कुछ मामलों में ईरान के भीतर नागरिक ठिकानों पर 'अवैध हमलों' में भी शामिल रहे। इरावानी ने पत्र में एंटोनियो गुटेरेस और बहरीन (जो अप्रैल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाल रहा है) को संबोधित करते हुए कहा कि बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन को ईरान को 'पूर्ण क्षतिपूर्ति' देनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन देशों को अपने 'अंतर्राष्ट्रीय रूप से अवैध कृत्यों' के कारण हुए सभी भौतिक और नैतिक नुकसान की भरपाई करनी होगी। ईरान के अनुसार, इन कार्रवाइयों से उसे भौतिक और नैतिक दोनों प्रकार का नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई संबंधित देशों को करनी चाहिए। वहीं ईरान सरकार की प्रवक्ता फातेमा मोहाजेरानी ने कहा है कि शुरुआती अनुमानों के अनुसार अमेरिकी-इजरायली हमलों से ईरान को लगभग 270 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

## ईरानी राष्ट्रपति ने पोप की आलोचना करने की निंदा की

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पोप की आलोचना करने के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पोप लियो चौदहवें का बचाव किया है। उन्होंने यह कहा कि ईसा मसीह का अपमान अस्वीकार्य है। पोप ने ईरान में अमेरिकी कार्रवाइयों की आलोचना की थी। विशेष रूप से, उन्होंने ईरानी लोगों के विरुद्ध अमेरिकी धमकियों को अस्वीकार्य बताया था। अप्रैल की शुरुआत में, अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ द्वारा सैन्य कर्मियों के लिए प्रार्थना के आह्वान के बाद पोप ने एक प्रवचन में कहा था कि प्रभुत्व जमाने की इच्छा ईसा मसीह के मार्ग के अनुरूप नहीं है। पेजेशकियान ने 'एक्स' पर कहा कि परम पावन पोप लियो चौदहवें, मैं ईरान के महान राष्ट्र की ओर से आपके प्रति किए गए अपमान की निंदा करता हूं और यह घोषित करता हूं कि शांति और भाईचारे के पैगंबर ईसा मसीह का अपमान किसी भी व्यक्ति को स्वीकार्य नहीं है।

## जिनपिंग ने पश्चिम एशिया के लिए रखा चार-सूत्री योजना का प्रस्ताव

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका में दिलचस्पी दिखाते हुए कहा है कि उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए यहां अबू धाबी के युवराज जाएद अल नहयान के साथ बैठक में चार-सूत्री प्रस्ताव रखा है। शी ने शांति पर जोर देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र के लिए एक साझा, विस्तृत, सहयोगपूर्ण और टिकाऊ सुरक्षा व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता का भी पूरी तरह सम्मान होना चाहिए। साथ ही नागरिकों एवं अवसंरचनाओं की भी सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। शी ने कहा कि दुनिया को जंगल बनाने से बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने विकास एवं सुरक्षा के सामंजस्य पर जोर देते हुए सभी पक्षों से साथ आकर क्षेत्रीय विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने अनुरोध किया। चीन का कूटनीतिक प्रयास ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका-ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम चल रहा है। इस दौरान दोनों देशों ने पाकिस्तान की मध्यस्थता में इस्लामाबाद में बैठकर शांति वार्ता भी की।

# अब गेंद ईरान के पाले में: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दावा किया है कि शांति वार्ता के दौरान अमेरिका और ईरान ने काफी प्रगति की है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने से इन्कार करता है, तो शांति वार्ता का स्वरूप बदल जाएगा। वेंस ने फॉक्स न्यूज से कहा कि मैं सिर्फ यह नहीं कहूंगा कि चीजें गलत हुईं। मुझे यह भी लगता है कि चीजें सही रही हैं।

हमने काफी प्रगति की है। ईरान के साथ आगे की बातचीत की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अब गेंद ईरान के पाले में है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नहीं खोला, तो अमेरिका के साथ उनकी बातचीत का आधार बदल जाएगा। इस्लामाबाद वार्ता में अमेरिकी टीम का नेतृत्व करने वाले वेंस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ईरान से समृद्ध यूरेनियम को पूरी तरह वापस चाहता है ताकि अमेरिका का उस पर पूरा नियंत्रण रहे। वेंस ने कहा कि हमें निश्चित रूप से परमाणु सामग्री को ईरान से बाहर निकालने की आवश्यकता है। हम चाहते हैं कि वह सामग्री पूरी तरह से देश से



■ होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने से इन्कार पर शांति वार्ता का स्वरूप बदल जाएगा: जेडी वेंस

बाहर हो ताकि अमेरिका का उस पर नियंत्रण हो। यह हमारी पहली प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम समझौते की घोषणा के बाद 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में वार्ता शुरू हुई थी। हालांकि, 12 अप्रैल की सुबह वेंस ने घोषणा की थी कि दोनों देश किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके हैं और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी सौदे के वापस लौट रहा है। इससे पहले 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने तेहरान सहित ईरान के विभिन्न ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने भी इजराइली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए थे।

## पश्चिम एशिया में सशस्त्र टकराव की पुनरावृत्ति रोकने का आह्वान

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ईरान से क्षेत्र में नए सशस्त्र टकराव को रोकने का आह्वान किया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि रूस, पश्चिम एशिया के संकट को सुलझाने में सहायता करने के लिए सदा तैयार है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट का समाधान युद्ध नहीं है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ फोन पर हुई बातचीत में पश्चिम एशिया में फिर से सशस्त्र टकराव को रोकने पर जोर दिया। मंत्रालय ने कहा कि तेरह अप्रैल को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई विक्टोरोविच लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ फोन पर बातचीत की और क्षेत्र में सैन्य टकराव को फिर न होने पर जोर दिया। लावरोव ने अराघची से कहा कि रूस कूटनीतिक प्रयासों को जारी रखने और ऐसे समाधान खोजने की निरंतर प्रतिबद्धता का स्वागत करता है, जो संघर्ष के मूल कारणों को दूर करें। उन्होंने कहा कि ईरान और उसके पड़ोसियों के वैध हितों को ध्यान में रखते हुए पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक स्थिरता प्राप्त की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोला

**मॉस्को।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। स्पेन के राजनयिक मिशन ने यह जानकारी दी है। दूतावास ने एक्स पर कहा कि हम तेहरान लौट रहे हैं। संघर्ष विराम के बाद ईरान में स्पेनिश दूतावास फिर से खुल रहा है। राजदूत एंटोनियो सांचेज-बेनेडिटो गैस्पर, राजनयिक टीम और स्थानीय कर्मचारियों के साथ, शांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काम पर लौट रहे हैं। स्पेन के दूतावास को सात मार्च को खाली करा लिया गया था, राजनयिक मिशन ने उन सभी स्पेनिश नागरिकों की रवानगी सुनिश्चित कर ली थी जो ईरान छोड़ना चाहते थे।

### लुफ्थांसा हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द

**मॉस्को।** जर्मनी की सबसे बड़ी एयरलाइन समूह लुफ्थांसा में हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। यह जानकारी वेरेनिगुंग कॉकपिट यूनियन ने दी। जर्मन ट्रेड यूनियन वेरेनिगुंग कॉकपिट ने इससे पहले 13-14 अप्रैल को लुफ्थांसा पायलटों की तीसरी हड़ताल का आह्वान किया था। पायलटों और फ्लाइट अटेंडेंटों की हड़ताल की पहली और दूसरी लहर फरवरी और मार्च 2026 में हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप जर्मनी के प्रमुख शहरों के हवाई अड्डों पर सैकड़ों उड़ानें रद्द हो गई थीं। यूनियन ने एक बयान में कहा कि लुफ्थांसा, लुफ्थांसा कार्गो, सिटीलाइन और यूरोविंग्स में हड़ताल का पहला दिन उम्मीद के मुताबिक चल रहा है।

## स्टार्मर ने लेबनान पर इजरायली हमलों को रोकने का किया आह्वान

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने लेबनान पर इजराइली हमलों को समाप्त करने और लेबनान को पश्चिम एशिया युद्धविराम में शामिल करने का आह्वान किया है। स्टार्मर ने ब्रिटिश संसद में कहा कि हम मांग करते हैं कि लेबनान को तत्काल युद्धविराम में शामिल किया जाए। हिजबुल्लाह को निशस्त्रीकरण करना चाहिए, लेकिन मैं इस बात पर भी पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इजरायल के हमले गलत हैं। इनके विनाशकारी मानवीय परिणाम हो रहे हैं और ये लेबनान को संकट की ओर धकेल रहे हैं। बमबारी अब रुकनी चाहिए।

स्टार्मर ने ईरानी सभ्यता के विनाश के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टिप्पणियों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि सभ्यता को नष्ट करने वाली भाषा के संबंध में, क्या मैं इस सदन के सामने पूरी स्पष्टता रख सकता हूं? वह गलत था। ईरानी नागरिकों को उस तरह से धमकी देना गलत है। इजरायल और लेबनान में शिया आंदोलन हिजबुल्लाह के बीच तनाव 2 मार्च की रात को शुरू हुआ, जब क्षेत्रीय स्थिति में भारी गिरावट के बीच लेबनानी आंदोलन ने इजरायली क्षेत्र पर मिसाइल हमले फिर से शुरू कर दिए। इजरायल ने इसके जवाब में लेबनान पर बड़े पैमाने पर हमले किए और 16 मार्च को दक्षिणी लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने की घोषणा की। ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की खबरों के बाद, हिजबुल्लाह ने इजरायल के विरुद्ध अपने अभियान स्थगित कर दिए थे।

■ इनके विनाशकारी मानवीय परिणाम हो रहे हैं और ये लेबनान को संकट की ओर धकेल रहे हैं

## 'भूत बंगला' का नया गाना 'ओ सुंदरी' हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'भूत बंगला' का नया गाना 'ओ सुंदरी' रिलीज हो गया है। 'भूत बंगला' के अनाउंसमेंट ने तो सबको एक्साइटेड कर ही दिया था, लेकिन अब इसके ट्रेलर ने इस मोस्ट-अवेयटेड हॉरर-कॉमेडी की दुनिया की एक झलक दिखा दी है। कॉमेडी और हॉरर के परफेक्ट ब्लेंड के साथ यह फिल्म एक जबरदस्त फैमिली एंटरटेनर होने वाली है। जहां एक तरफ फिल्म के गानों ने सस्पेंस बना रखा है, वहीं मेकर्स अब एक और नया ट्रैक 'ओ सुंदरी' लेकर आए हैं, जो फैमिली के साथ एन्जॉय करने के लिए एक बेहतरीन सेलिब्रेशन सॉन्ग है। दुल्हन के जोड़े में मिथिला पालकर बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं अक्षय कुमार और वामीका गब्बी अपने डांस मूव्स से स्टेज पर आग लगा रहे हैं।

# यूके में भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट बर्खास्त

### अंग्रेजी न समझ पाने पर साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु की नौकरी गई, फॉर्म में गलत जानकारी देने का आरोप

**लंदन।** यूके में एक भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु को अंग्रेजी ठीक से न समझ पाने और आवेदन में गलत जानकारी देने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया। कारण यह रहा कि वह मरीजों और सहकर्मियों की बात ठीक से समझ नहीं पा रही थीं।

यह मामला जून 2024 का हो, लेकिन इसकी जानकारी अब सामने आई है। कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यार्क एंड स्कारबरो टीचिंग हास्पिटल्स एनएचएस ट्रस्ट जाइन किया था। जाइनिंग के कुछ ही समय बाद सहकर्मियों को पता चला कि वह मरीजों और स्टाफ की अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। स्पीच थेरेपिस्ट होने के बावजूद उन्हें उच्चारण, व्याकरण और बातचीत समझने में समस्या थी। अंततः जून 2024 में



■ कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यार्क एंड स्कारबरो टीचिंग हास्पिटल्स एनएचएस ट्रस्ट जाइन किया था

उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। आवेदन में कीर्तना ने अंग्रेजी को अपनी पहली भाषा बताया था, लेकिन बाद में रिव्यू मीटिंग में स्वीकार किया कि उनकी मातृभाषा तेलुगु है। बाद में दिसम्बर में उन्होंने बताया कि वह नौकरी के साथ-साथ अंग्रेजी सुधारने के लिए क्लास भी ले रही थीं। इस मामले में एक और अहम बात सामने आई कि नौकरी के आवेदन में उन्होंने अंग्रेजी को अपनी 'फर्स्ट लैंग्वेज' बताया था। जबकि फार्म के नियमों के अनुसार, 'फर्स्ट लैंग्वेज' वही मानी जाती है जो व्यक्ति रोजमर्रा की जिंदगी में सबसे ज्यादा इस्तेमाल करता हो। केवल अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करना इसे पहली भाषा नहीं बनाता। कीर्तना के मैनेजर ने यह भी बताया कि इंटरव्यू के दौरान उसने चैट बाक्स के जरिए सवाल पूछने का अनुरोध किया था, यानी आमने-सामने बातचीत से बचना चाहती थीं। इसे असामान्य माना गया, खासकर इसलिए क्योंकि वह उस समय यूके में ही रह रही थीं। अस्पताल ट्रस्ट के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि साई कीर्तना अक्टूबर 2023 से जून 2024 तक काम पर थीं और जून में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। कीर्तना ने इस फैसले को चुनौती दी और कहा कि उनकी पढ़ाई अंग्रेजी में हुई है, इसलिए इसे उनकी पहली भाषा माना जाना चाहिए। लेकिन पैनल ने इस तर्क को नहीं माना। पैनल का कहना था कि उन्होंने नौकरी पाने के लिए गलत जानकारी दी और यह धोखा देने की कोशिश थी। इसके बाद उन्हें रजिस्टर से हटा दिया गया। आवेदन फार्म में साफ लिखा होता है कि हक्या अंग्रेजी आपकी पहली भाषा है? इसका जवाब 'हां' तभी देना चाहिए, जब अंग्रेजी आपकी रोजमर्रा की मुख्य भाषा हो। सिर्फ अंग्रेजी में पढ़ाई करने से यह पहली भाषा नहीं मानी जाती।

# पाक में अस्पताल की लापरवाही से 331 बच्चे HIV पॉजीटिव

### आठ साल के बच्चे की मौत के बाद खुलासा, सिरिंज के दोबारा इस्तेमाल से फैला संक्रमण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ताउंसा शहर में 331 बच्चे एचआईवी पॉ पाए गए। ये मामले नवंबर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच दर्ज हुए। अब इस मामले में सरकारी अस्पताल में गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि अस्पताल में सिरिंज दोबारा इस्तेमाल हो रही थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, कई मामलों में एक ही दवा की शीशी से अलग-अलग बच्चों को इंजेक्शन दिया गया। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया। मामले का खुलासा आठ साल के बच्चे मोहम्मद अमीन की मौत के बाद हुआ। उसकी बहन असमा भी एचआईवीपॉ है। मां का कहना है कि बच्चों को अस्पताल में इलाज के दौरान संक्रमित सुई से एचआईवीहुआ। जांच में 32 घंटे की



अंडरकवर रिकार्डिंग की गई। इसमें 10 बार देखा गया कि सिरिंज को मल्टी-डोज वायल में दोबारा इस्तेमाल किया गया। इनमें से चार मामलों में उसी दवा को दूसरे बच्चों को दिया गया। संक्रामक रोग विशेषज्ञ डा. अल्ताफ अहमद ने वीडियो देखने के बाद कहा कि सिरिंज का पिछला हिस्सा वायरस को ट्रांसफर कर सकता है, भले ही नई सुई लगा दी जाए। उन्होंने इसे बेहद खतरनाक बताया। जांच में यह भी सामने आया कि 66 बार अस्पताल स्टाफ ने बिना स्टरलाइज्ड ग्लव्स के इंजेक्शन लगाए। एक नर्स को मेडिकल वेस्ट बाक्स में बिना ग्लव्स के हाथ डालते भी देखा गया।

■ बच्चों को अस्पताल में इलाज के दौरान संक्रमित सुई से एचआईवीहुआ: मां

विशेषज्ञों ने इसे संक्रमण नियंत्रण की बड़ी कमी बताया। हालांकि, अस्पताल के नए मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा कासिम बुजदार ने इन वीडियो को मानने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह फुटेज पुरानी या स्टेज्ड हो सकती है। सबसे पहले इस आउटब्रेक को निजी क्लिनिक के डाक्टर गुल कैसरानी ने पहचाना था। उन्होंने बताया कि 65-70 एचआईवीपॉ बच्चों में से ज्यादातर का इलाज टीएचआईक्यू ताउंसा में हुआ था। कुछ माता-पिता ने भी सिरिंज दोबारा इस्तेमाल की शिकायत की थी। डेटा के मुताबिक, 97 संक्रमित बच्चों के परिवारों में सिर्फ चार माताएं एचआईवी पॉजीटिव पाई गईं। इससे संकेत मिलता है कि संक्रमण मां से बच्चों में नहीं, बल्कि अन्य कारणों से फैला। पंजाब एड्स स्क्रीनिंग प्रोग्राम के डेटा में आधे से ज्यादा मामलों में 'कंटैमिनेटेड नीडल' को संक्रमण का कारण बताया गया है। हालांकि बाकी मामलों में कारण स्पष्ट नहीं है। मार्च 2025 में सरकार ने हस्तक्षेप किया और उस समय 106 केस बताए गए।

